विधि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री यूनुस सलीम) : (क) लोक-सभा के चार और राज्य विधान सभाओं के 39 उप-निर्वाचन होने को हैं।

(ख) रिक्तियों की संख्या और उन रिक्तियों को भरने के लिए उप-निर्वाचन, कराने के लिए की गई कार्रवाई दर्शित करने वाले विवरण सदन के पटल पर रख दिए गए हैं। **[पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी०** 386/69]

श्री सु० कु० तापड़िया : विवरण में एक राज्य तथा एक निर्वाचन क्षेत्र का उल्लेख किया गया है और कहा गया है कि सदस्य की मृत्यु के कारण 12-10-69 को स्थान रिक्त हुआ है।

विधि तथा समाज कल्याण मंत्री (श्री गोविन्द मेनन) : यह टाइप की गलती है जो 1968 के स्थान पर 1969 टाइप हो गया है।

श्री सु० कु० तापड़िया : विवरण के पृष्ठ 4 तथा 5 में राजस्थान में टोंक तथा नसीराबाद निर्वाचन क्षेत्रों का उल्लेख है । किन्तु राजस्थान में अभी अकाल की स्थिति चल रही है जिसे सरकार द्वारा नजरअन्दाज किया गया है । राजस्थान में व्याप्त अकाल की स्थिति को ध्यान में रखते हुए, और इस बात को देखते हुए कि सरकार वहां राहत कार्यों पर भारी राशि खर्च कर रही है जिसका चुनाव परिणामों पर प्रभाव पड़ सकता है, क्या केन्द्रीय सरकार निर्वाचन आयोग से वहां तब तक ये उप-चुनाव न करने के लिये कहेगी जब तक वर्तमान स्थिति समाप्त नहीं हो जाती, अर्थात् सितम्बर अथवा अक्तूबर, 1969 तक ?

श्री गोविन्द मेनन : साधारणतया हम इन मामलों में मुख्य निर्वाचन आयुक्त को सीधे निदेश नहीं देते, इन मामलों के लिये संविधान के अन्तर्गत वही अधिकारी है और उसने राजस्थान के नसीराबाद निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव आयोजित करने का समय मई, 1969 निश्चित किया है । हमारा विचार उनके निर्णय में हस्तक्षेप करने का नहीं है ।

श्री सु० कु० तापड़िया : ऐसी स्थिति में सरकार उनसे कह सकती है और मुख्य मंत्री को सलाह दे सकती है ।

श्री गोविन्द मेनन : मुझे पूर्ण विश्वास है कि उन्होंने मुख्य मंत्री से परामर्श किया होगा ।

अध्यक्ष महोदय : मुख्य निर्वाचन आयुक्त सरकार अथवा राज्य के मुख्य मंत्री से परामर्श करता है ।

श्री सुरेन्द्र नाथ द्विवेदी : सरकार हस्तक्षेप न करे, वह ठीक है । परन्तु सभा में निर्वाचन आयुक्त की ओर से उत्तर देने वाला कौन है ? सरकार उससे क्या कहती है और क्या नहीं कहती, हम नहीं जानते । परन्तु निर्वाचन आयुक्त की ओर से मंत्री जी को उत्तर तो देना ही पड़ेगा ।

श्री गोविन्द मेनन : मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया है कि अकाल की स्थिति के कारण चुनाव मई तक के लिये स्थगित कर दिया गया है और जैसा कि आपने कहा है, उन्होंने राज्य सरकार से परामर्श किया होगा । राज्य विधान सभा के चुनावों के मामले में राज्य सरकार के साथ परामर्श करने के बाद निर्वाचन क्षेत्रों तथा राज्य में व्याप्त परिस्थितियों को ध्यान में रखा जाता है ।

Shri Hardayal Devgun : There is no mention of one very important and relevant matter in the statement. The election of Shri D. P. Mishra of Madhya Pradesh has been declared void on the charges of corruption and he has been disqualified to contest election for the next 6 years. May I know whether he has got a copy of the decision and if so, the reasons for not showing his seat vacant in the statement ? I want to know the time by which the by-election will be held after declaring his seat vacant.

श्री गोविन्द मेनन : यह प्रश्न मुख्य प्रश्न से उत्पन्न नहीं होता । दो-तीन दिन पूर्व मैंने

समाचारपत्रों में इस सम्बन्ध में उच्च न्यायालय का निर्णय पढ़ा था। परन्तु मुझे अभी तक उसकी प्रति मिल नहीं सकी।

श्री श्रद्धाकर सूपकार : जम्मू तथा काश्मीर राज्य में बहुत समय से कई स्थान रिक्त पड़े हैं। उन्हें छः महीने के भीतर भरने का प्रयत्न क्यों नहीं किया जाता ? उन्हें न भरने का कारण यह बताया गया है कि नवम्बर, 1968 में रमजान के कारण चुनाव नहीं करवाये जा सके। परन्तु प्रश्न तो यह है कि रमजान के पूर्व ये उप-चुनाव क्यों नहीं कराये गये।

श्री मु० यूनस सलीम : जम्मू तथा काश्मीर में नवम्बर से अप्रैल तक अत्यधिक ठंड तथा हिमपात के कारण चुनाव कराने संभव नहीं हैं। इसलिए उप-चुनाव अप्रैल के बाद ही होंगे।

श्रीमती गायत्री देवी : जालोर निर्वाचन क्षेत्र में, जहां के विधायक की नसीराबाद निर्वाचन क्षेत्र के विधायक से एक महीने बाद, अर्थात् जुलाई, 1968 में मृत्यु हुई, और जिसे पहले ही अकाल-ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया था उप-चुनाव पहले हो गया है और नसीराबाद में, जहां स्थान पहले रिक्त हुआ था और अकाल की कोई स्थिति नहीं थी अभी तक चुनाव नहीं हुआ है। यह कैसे हुआ ? इस स्पष्टीकरण में कोई औचित्य नहीं है। क्या चुनाव के लिये उपयुक्त वातावरण का अर्थ सत्तारुढ़ दल के लिये अनुकूल वातावरण तैयार करने से है ?

श्री गोविन्द मेनन : नसीराबाद उप-चुनाव के बारे में मुझे यह रिपोर्ट मिली है कि यह स्थान 8-7-68 को रिक्त हुआ था और उप-चुनाव 1968 के अन्त में होने वाला था—यह तिथि मुख्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा निश्चित की गई थी—किन्तु अकाल की स्थिति के कारण उसे स्थगित करना पड़ा। ऐसा लगता है कि राज्य सरकार ने उन्हें अभ्यावेदन भेजे होंगे।

जहां तक जालोर में पहले चुनाव कराने का—वह भी अकाल की स्थिति में—सम्बन्ध है, मैं इस बारे में जांच करूंगा और तब जानकारी दूंगा।

श्री बलराज मधोक : नसीराबाद अकाल-ग्रस्त क्षेत्र को घोषित नहीं किया गया फिर कैसे उप-चुनाव स्थगित हुआ।

Shri B. N. Bhargava : Excepting Nasirabad Cantonment area, the rest is rural area and there are famine conditions.

श्री हेम बरुआ : क्या सरकार का ध्यान श्री द्वा० प्र० मिश्र द्वारा दिये गये इस आशय के वक्तव्य की ओर दिलाया गया है कि उन्हें चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य ठहराने का हाल में जो निर्णय दिया गया है उसे निम्प्रभावी बनाने के लिए वह चुनाव आयोग से कहेंगे और इस बात को मान लिया जायेगा ? इससे जाहिर होता है कि उनका बहुत राजनैतिक प्रभाव है। क्या मंत्री महोदय यह सुनिश्चित करेंगे कि श्री मिश्रा को चुनाव आयोग की सत्यनिष्ठा पर आक्षेप नहीं करने दिया जायेगा और उन्हें कहीं भी कोई राजनैतिक दबाव नहीं डालने दिया जायेगा ?

श्री गोविन्द मेनन : मुझे आशा है कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त पर राजनैतिक दबावों का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और वह अपना कर्तव्य विचारपूर्वक निभायेंगे ।

श्री रंगा : हमें ऐसी ही आशा करनी चाहिए ।

Reduction in Maximum Limit of Election Expenses

+
*544. **Shri Prakashvir Shastri :**
Shri Shiv Kumar Shastri :

Will the Minister of **Law and Social Welfare** be pleased to state :

(a) whether Government are considering the question of reducing the maximum limit of election expenses ;

(b) if so, the time by which a final decision is likely to be taken in this regard ;

(c) whether it is a fact that most of the candidates do not exercise full care while submitting statement of election expenses ; and

(d) if so, whether Government are considering to relax this rule also ?

विधि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मु० यूनस सलीम) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न उत्पन्न नहीं होता ।

(ग) जी, नहीं ।

(घ) प्रश्न उत्पन्न नहीं होता ।

Shri Prakashvir Shastri : May I know whether the Election Commission has submitted any information to the Government that most of the elected representatives, whether they are M. Ps. or M.L.As. including Ministers—do not submit correct statements of their election expenses, which is a sorry state of affairs ? It is a matter of regret that members of Legislatures resort to malpractices in the matter of furnishing accounts of their election expenses which is below the dignity of their status. I would, therefore like to know whether Government propose to issue any clear instructions in this regard so that this malpractice might be discouraged ?

Shri M. Yunus Saleem : We are trying to see that more stringent steps are taken in connection with the filing of election returns and further we are also taking steps to ensure that these statements of election expenses are accompanied by expenditure vouchers showing details of expenses including expenditure incurred by the party concerned. We want that an affidavit should also be submitted alongwith such returns so that action could be taken where the maximum limit exceeds.

Shri Prakashvir Shastri : The Hon. Minister has stated that steps are being taken to see that these returns are accompanied by affidavits. Which would mean that we are going to allow this malpractice to continue and this procedure would further encourage this practice. Keeping this fact in view, I want to know whether Government are contemplating any such measures as would help a candidate reduce his election expenses as also save him from taking recourse to furnishing false or incorrect returns.

Shri M. Yunus Saleem : The very purpose of the provision requiring submission of an affidavit is to make the person filing wrong returns liable to prosecution. Unless such an affidavit

is filed, a person cannot be prosecuted for furnishing a wrong statement of his election expenses. In such cases, action can be taken only after the returns are filed.

Shri Shiv Kumar Shastri : It is not possible for a successful candidate to give a full and detailed account of his election expenditure incurred on each and every item. It is, therefore, desirable to remove these restrictions altogether.

May I know whether in view of the fact that despite all the possible care being taken while filing the election returns, some minor errors are bound to creep in. In view of the fact that these accounts are scanned minutely at the stage of election petitions, and objections are raised, do the Government propose to take a liberal attitude to set at naught such trivial objections ?

Shri M. Yunus Saleem : All these factors are receiving full consideration and all the proposals coming forth in this regard are being examined so that changes, if any, could be effected in the Law.

Shri M. A. Khan : May I know whether in view of the fact that the Government have fixed the maximum limit of election expenses which is practically very difficult for a candidate to adhere to with the result that he has to submit false statement of election expenses, Government propose to bring new legislation to rescind this provision so that none is required to get over the constrains imposed by the election law ?

Shri M. Yunus Saleem : No such proposal is under consideration.

Shri Atal Bihri Vajpayee : Sir, there is no proposal to amend or effect the radical changes in the Representation of the People Act. For example, steps to minimise election expenses, to check casting of bogus votes and purchase of votes. The U. K. has, with a view to amending the electoral laws in force in England convened four conferences so far under the Chairmanship of the Speaker of the House of Commons. I want to know whether the Law Minister would convene a conference representing all the Political Parties in the country, under the Chairmanship of the Speaker, Lok Sabha to examine the election law de-novo so that the requisite amendments could be made therein ?

श्री गोविन्द मेनन : अध्यक्ष महोदय, यदि आपके निर्देशन तथा अध्यक्षता में देश के चुनाव कानूनों पर विचार किया जाये, तो मुझे बहुत खुशी होगी और जब प्रतिनिधित्व अधिनियम में संशोधन करने के लिये विधान लाने में भी मुझे हर्ष होगा। चुनाव सम्बन्धी जो कानून देश में आज लागू हैं उनके अनेक पहलुओं पर मैंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त के साथ विचार-विमर्श किया है और उन्होंने चुनाव कानून में व्यापक संशोधन के लिये सिफारिशें भेजने का वायदा किया है जिससे, ऐसी आशा है, कई त्रुटियां दूर हो जायेंगी। फिर भी बहुत से लोग इतने अधिक चालाक होते हैं जो अपने को चुनाव कानून द्वारा लगाये गये प्रतिबन्धों के दायरे में नहीं फसने देते। लेकिन माननीय सदस्य द्वारा दिया गया सुझाव मुझे मान्य है।

श्री वेदव्रत बरुआ : जो कुछ कहा जा रहा है उसमें बहुत सचाई है। क्योंकि चुनाव खर्च का जो ब्योरा दिया जाता है उसमें वास्तविकता नहीं होती। कुछ विचित्र पहलू हैं, पार्टियां जितना चाहें खर्च कर सकती हैं और इस कारण उम्मीदवार व्यक्तिगत रूप से खर्च कर सकते हैं और अपना अधिकांश खर्च पार्टी को हस्तान्तरित कर देते हैं, खर्च के मामले में फिर भी वे

सीमा के ही भीतर रहेंगे। ये सब कदाचार कानूनन दण्डनीय हैं। क्या सरकार इस व्यय की अधिकतम सीमा को समाप्त करेगी ताकि सदस्य लोग संसद् अथवा अन्य विधान मंडलों में सर्व प्रथम झूठ बोलकर प्रवेश न करना पड़े ?

श्री गोविन्द मेनन : यह भी एक सुझाव है।

श्री के० रमानी : चुनाव पर बहुत ज्यादा खर्च होने लगा है और भविष्य में किसानों के अथवा सामान्य कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के लिये चुनाव लड़ना सम्भव नहीं है।

मैं सरकार का ध्यान एक गम्भीर मामले की ओर दिलाना चाहता हूं कि नागरकोयल निर्वाचन क्षेत्र में 1000 से अधिक मोटर-गाड़ियों का प्रयोग किया गया था। मेरे ही निर्वाचन क्षेत्र में मेरे प्रतिद्वन्दी ने अपने चुनाव में 17 लाख रुपये खर्च किये। क्या सरकार, इन परिस्थितियों में, खर्च की अधिकतम सीमा को कम करने तथा मोटर-गाड़ियों आदि के प्रयोग पर अधिकतम सीमा निर्धारित करने के लिये तैयार है ? मित्र, रिश्तेदार तथा अन्य कोई भी व्यक्ति खर्च कर सकता है। क्या सरकार समुचित रूप से कानून बनाकर इस प्रकार के कदाचारों को पूर्णतः समाप्त करने के लिये तैयार है ?

श्री गोविन्द मेनन : मैं समझता हूं कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव जीतकर आये हैं और 17 लाख रुपये। **(व्यवधान)**

श्री के० रमानी : मेरे प्रश्न का यह उत्तर नहीं है। मेरा प्रश्न यह है कि दूसरे उम्मीदवार ने कितनी अधिक राशि खर्च की है और क्या सरकार को इस बारे में सही जानकारी प्राप्त है।

श्री गोविन्द मेनन : यह एक सुझाव है।

श्री के० रमानी : अध्यक्ष महोदय, मंत्री जी ने मेरे प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है।

अध्यक्ष महोदय : मंत्री महोदय, कैसे कह सकते हैं कि किसी विशेष निर्वाचन क्षेत्र में किस उम्मीदवार ने कितना खर्च किया। आपने एक सुझाव दिया कि इतनी भारी राशि चुनावों में खर्च की जा रही है—जिसे मंत्री महोदय ने नोट कर लिया है। इससे ज्यादा वह और क्या उत्तर दे सकते हैं।

श्री विक्रमचन्द महाजन : यह बात तो सभी जानते हैं कि चुनाव व्यय का जो ब्योरा दिया जाता है वह बिलकुल झूठा होता है और हम देखते हैं कि पार्टियों अथवा उम्मीदवारों के मित्रों पर जो उन पर धन खर्च करते हैं कोई सीमा नहीं लगाई गई है। इसलिये अन्य तरीकों का सहारा लेकर चुनाव कानून का उल्लंघन किया जा सकता है। इन बातों को देखते हुये, क्या इस बारे में विचार करने के लिये मंत्री महोदय सभी दलों की एक संयुक्त समिति बनाने के पक्ष में हैं ताकि वह इस प्रश्न पर भी विचार कर सके कि इस कानून को बनाये रखने की आवश्यकता है भी या नहीं ?

श्री गोविन्द मेनन : ऐसा ही एक सुझाव जो श्री वाजपेई जी ने दिया है, मान लिया गया है।

Shri Maharaj Singh Bharati : I want to know whether the Government are prepared to make a provision for the supply of identity cards to the entire population in the country as also in respect of compulsory voting with arrangements of a common platform for all the candidates to place their views before the public so that no candidate is required to spend huge amount—even if one desires to do so—. Secondly, it would also help bring down the election expenses.

श्री गोविन्द मेनन : चुने हुये शहरी क्षेत्रों में आइडेंटिटी कार्ड सप्लाई करने का उपबन्ध कानून में अब भी मौजूद है। लेकिन विचार इस बात पर करना है कि प्रशासनिक दृष्टि से देश में समूची आबादी के लिये ऐसा करना सम्भव भी हो सकेगा।

Shri Sheo Narayan : The procedure to supply identity cards to voters, if accepted, would stop the entry of such people into India as come from Pakistan. When the Government are willing to consider the advice of Shri Vajpayee, why do they not form a Committee immediately ? In so far as the returns of election expenses are concerned, it is not possible for a candidate to give minute details of expenditure incurred on items like tea, bidi, cigarettes, etc. It is, therefore, not advisable to ask for details of such expenditure.

श्री गोविन्द मेनन : मैं श्री शिवनारायण के सुझाव को भी मानने के लिये तैयार हूं।

Shri Surendra Nath Dwivedi : It would be a very bad thing if the recommendation to do away with the ceilings is accepted. So far as my knowledge goes, the Chief Election Commissioner had, sometime back discussed this issue with all the political parties and he has suggested certain measures to bring down the election expenses. May I know whether the Government have considered his recommendation that he has made after consulting the different political parties ?

श्री गोविन्द मेनन : जी, हां। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सरकार के सामने एक सिफारिश रखी है कि देश में व्याप्त आज की परिस्थितियों को समुचित रूप से ध्यान में रखते हुये, विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के लिये चुनाव व्यय के सम्बन्ध में निर्धारित अधिकतम सीमा बढ़ाई जानी चाहिये। मेरा विश्वास है कि यह सिफारिश विभिन्न राजनैतिक दलों के साथ विचार-विमर्श करके की गई है।

श्री लोबो प्रभु : यह बात मान भी ली गई है और इससे कभी इन्कार भी नहीं किया जा सकता कि चुनावों पर निर्धारित अधिकतम सीमा से कहीं अधिक खर्च किया जाता है। मंत्री महोदय द्वारा समिति गठित करने के प्रश्न पर सहमति प्रकट किये जाने के सन्दर्भ में, मैं यह जानना चाहूंगा कि क्या यह समिति निम्नलिखित चार मूल बातों पर विशेष रूप से विचार करेगी :—

(क) चुनाव व्यय के सम्बन्ध में हिसाब-किताब रखने की प्रक्रिया;

(ख) सरकारी कर्मचारियों तथा मशीनरी का चुनावों में अप्रत्यक्ष अथवा प्रत्यक्ष रूप से प्रयोग को रोकने के लिये प्रक्रिया निर्धारित करना;

(ग) पार्टियों द्वारा खर्च की गई राशि को उम्मीदवार के हिसाब में दिखाने का प्रश्न; और

(घ) उम्मीदवार के सम्बन्धियों द्वारा खर्च की गई राशि को उम्मीदवार के खर्च के ब्योरे में शामिल करने का प्रश्न ?

श्री गोविन्द मेनन : मुझे यकीन है कि इन सभी कीमती सुझावों पर विचार किया जायेगा ।

प्रश्नों के लिखित उत्तर
WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

फूलपुर (उत्तर प्रदेश) के निर्वाचन क्षेत्र के उप-निर्वाचनों में सरकारी तंत्र का दुरुपयोग

*545. **श्री श्रीचन्द गोयल :** क्या **विधि तथा समाज कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश के फूलपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के उप-निर्वाचन के दौरान सरकारी तंत्र का दुरुपयोग किये जाने के बारे में निर्वाचन आयोग को शिकायतें प्राप्त हुई हैं; और

(ख) यदि हां, तो उन पर क्या कार्यवाही की गई है ?

विधि तथा समाज कल्याण मंत्री (श्री गोविन्द मेनन) : (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

संयुक्त राष्ट्र अन्तर्राष्ट्रीय बाल आपात निधि से भारत में परिवार तथा बाल कल्याण योजनाओं के लिये सहायता

*546. **श्री गाडिलिंगन गौड** : क्या **विधि तथा समाज कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत सरकार तथा संयुक्त राष्ट्र अन्तर्राष्ट्रीय बाल आपात निधि के बीच एक करार किया गया है, जिसके अन्तर्गत भारत को परिवार नियोजन तथा बाल कल्याण योजनाओं के लिये 27.75 लाख रुपये मिलेंगे; और

(ख) यदि हां, तो इस करार का ब्योरा क्या है और राज्यवार कितना-कितना धन खर्च किया जायेगा ?

विधि मंत्रालय तथा समाज कल्याण विभाग में राज्यमंत्री (डा० (श्रीमती) फूलरेणु गुह) : (क) हां, श्रीमान ।

(ख) अब तक आरम्भ की गई परियोजनाओं के राज्यवार आवंटन का विवरण पत्र संलग्न है ।

इस करार के अन्तर्गत संयुक्त राष्ट्र अन्तर्राष्ट्रीय बाल आपात निधि द्वारा दी जाने वाली सहायता परियोजनाओं को सम्भरण तथा उपकरणों, निरीक्षकों और परियोजनाओं के अन्य कर्मचारियों को जीप,स्कूटर और बाईसिकलों के रूप में तथा परियोजना को चलाने वालों के प्रशिक्षण के व्यय की पूर्ति के रूप में होगी । कर्मचारियों की तनखाह, भवन पर किया गया खर्च, तथा उस सम्भरण और उन उपकरणों, जो संयुक्त राष्ट्र अन्तर्राष्ट्रीय बाल आपात निधि से प्राप्त होने वालों के अतिरिक्त हों, की लागत का खर्च सरकार पर होगा ।

विवरण

10-3-69 तक गठित परिवार और बाल कल्याण योजनाओं का राज्यवार आवंटन

राज्य	संख्या
आन्ध्र प्रदेश	2
असम	8
बिहार	3
दिल्ली	1
गुजरात	11
हरियाणा	5
हिमाचल प्रदेश	2
जम्मू-काश्मीर	1
मध्य प्रदेश	10
महाराष्ट्र	24
मनीपुर	2
मैसूर	14
उड़ीसा	7
पांडीचेरी	2
पंजाब	5
राजस्थान	2
तामिलनाडू	2
त्रिपुरा	1
उत्तर प्रदेश	7
पश्चिम बंगाल	8
	117

बोकारो इस्पात कारखाने में बेकार पड़ी रूसी मशीनें

*547. **श्रीमती इला पालचौधरी : क्या इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बोकारो इस्पात कारखाने के लिये रूस से आयात की गई मशीनें, फालतू पुर्जे और स्नेहन तेल न मिलने के कारण बेकार पड़ी हैं ;

(ख) यदि हां, तो बेकार पड़ी मशीनों का पूरा-पूरा ब्योरा क्या है ;

(ग) ये मशीनें कब से बेकार पड़ी हैं ;

(घ) अपेक्षित सामग्री प्राप्त करने के लिये यदि कोई कार्यवाही की गई है तो क्या ; और

(ङ) मशीनों का कब से पुनः प्रयोग किये जाने की सम्भावना है ?

इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) से (ग). संभवतः बोकारो में स्थल को समतल करने के लिये रूस से आयात किये गये अपघर्षकों और बुलडोजरों से अभिप्राय है ।

हिन्दुस्तान स्टीलवर्क्स कंस्ट्रक्शन लिमिटेड ने बोकारो के स्थल समतलीकरण के लिए आयात किये गये अपघर्षकों और बुलडोजरों में से 20 अपघर्षकों और 8 बुलडोजर लिये थे । अधिकांश कार्य पूरा हो जाने पर इनमें से कुछ अपघर्षक और बुलडोजर कम्पनी की आवश्यकता से अधिक हो गये । इनमें से छः अपघर्षक और 3 बुलडोजर फालतू पुर्जों के अभाव में बेकार पड़े हुये हैं ।

(घ) और (ङ). फालतू पुर्जों के आयात के लिये कदम उठाए गए हैं लेकिन इन अपघर्षकों और बुलडोजरों को फिर से काम में लाने का प्रश्न केवल इस बात पर ही निर्भर नहीं करता कि ये फालतू पुर्जे कितनी जल्दी उपलब्ध होते हैं बल्कि इस बात पर भी निर्भर करता है कि कम्पनी उन्हें काम में लाने के लिए दूसरा काम कितनी जल्दी हाथ में ले पाती है ।

Survey of Rampur-Kathgodam B. G. Railway Line

*548. **Shri Brij Bhushan Lal :** **Shri Jagannath Rao Joshi :**
Shri Ranjit Singh : **Shri Atal Bihari Vajpayee :**
Shri Ram Gopal Shalwale :

Will the Minister of **Railways** be pleased to state :

(a) whether a survey for constructing Rampur-Kathgodam broad-gauge railway line in view of the needs of border security, development of Kumaon hill and Terai areas and transport facilities up to the Agricultural University there and also in view of the tourist facilities has been conducted ; and

(b) if so, the out come there of ?

The Minister of Railways (Dr. Ram Subhag Singh) : (a) and (b). Survey carried out in 1956-57 for a rail link between Rampur and Haldwani (near Kathgodam) had revealed

that the line would be unremunerative and hence its construction was not taken up. However, a fresh traffic survey, together with updating the earlier engineering survey report for this line, has been taken up and a decision regarding its construction will be taken after the revised reports are compiled by the Railway and examined by the Railway Board.

माल डिब्बा निर्माण उद्योग की क्षमता का पूरा प्रयोग किया जाना

*549. **श्री म० सुदर्शनम :** क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) माल डिब्बा निर्माण उद्योग की कितनी क्षमता का प्रयोग नहीं किया जा रहा है ; और

(ख) रेलवे ने वर्ष 1969-70 में चार पहियों वाले कितने माल डिब्बों के लिये गैर-सरकारी उद्योगों को क्रयादेश दिये हैं और गत चार वर्षों की तुलना में ये आंकड़े कितने कम या अधिक हैं ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) निकट भूत में किये गये वास्तविक काम के अनुरूप आर्डर उद्योग के पास मौजूद हैं ।

(ख) 1969-70 कार्यक्रम के लिये माल डिब्बों के आर्डरों के सम्बन्ध में अभी विचार किया जा रहा है । पिछले चार कार्यक्रमों में जो आर्डर दिये गये, उनका ब्योरा इस प्रकार है :

कार्यक्रम	दिये गये आर्डर (चौपहियों में)
1965-66	23173.5
*1966-67	2201
1967-68	16320
1968-69	13500

स्टैंडर्ड ड्रम फैक्टरी को इस्पात का कोटा

*550. **श्री मधु लिमये** : क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मैसर्स कपाडिया की स्टैंडर्ड ड्रम फैक्टरी को इस्पात का कुछ कोटा दिया गया था ;

(ख) यदि हां, तो गत पांच वर्षों में कितना-कितना कोटा दिया गया था ; और

(ग) जब इस उद्योग में अतिरिक्त क्षमता बढ़ाने पर रोक लगा दी गई थी तो वह कोटा क्यों दिया गया था ?

*(ये आर्डर 1965-66 के आर्डरों के विस्तार के रूप में दिये गये थे)

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) से (ग). मे० स्टैंडर्ड ड्रम एण्ड बैरल मैन्यूफैक्चरिंग कं० तथा तकनीकी विकास का महानिदेशालय की सूची में अंकित अन्य फर्मों को इस्पात का आवंटन मिल रहा है। पिछले पांच वर्षों में बैरल तथा छोटे ढोल बनाने के लिए इस फर्म को किया गया आवंटन नीचे दिया गया है :

वर्ष	आवंटित परिमाण (मी० टन में)
1964-65	5365.32
1965-66	4184
1966-67	7898
1967-68	10453
1968-69	4430

उपर्युक्त आवंटन कच्चे माल के सम्भरण के लिये स्वीकृत निर्धारित क्षमता के आधार पर किये गये थे।

महानगरों में भूमिगत रेलें

*551. **श्री ए० श्रीधरन :** **श्री क० लकप्पा :**
श्री ओंकार सिंह : **श्री श्रीगोपाल साबू :**
श्री वंश नारायण सिंह :

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कलकत्ता, बम्बई और दिल्ली में भूमिगत रेलें बिछाने की सम्भावना के प्रश्न पर विचार करने हेतु नियुक्त किये गये अध्ययन दल ने इस बीच अपना प्रतिवेदन सरकार को पेश कर दिया है ;

(ख) यदि हां, तो उस प्रतिवेदन में क्या-क्या सिफारिशें की गई हैं ; और

(ग) क्या सरकार द्वारा उन सिफारिशों पर विचार किया गया है और यदि हां, तो उसके क्या परिणाम निकले हैं ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) और (ख). योजना आयोग के महानगर परिवहन दल ने अपनी सिफारिशों को अभी अन्तिम रूप नहीं दिया है।

(ग) सवाल नहीं उठता।

बिजली-चालित रेलवे इंजनों की गति

*552. **श्री प० मु० सईद :**
श्री मणिभाई जे० पटेल :

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे सुरक्षा सम्बन्धी आयोग ने रेलवे बोर्ड से सिफारिश की है कि भारतीय

रेलों पर बिजली-चालित इंजिनों की अधिकतम गति 65 किलोमीटर प्रति घंटा होनी चाहिए ;

(ख) क्या चुने हुए खराब पटरी वाले भागों में रेल गाड़ी की गति परीक्षण सम्बन्धी रिपोर्टों के बारे में इस आयोग की सिफारिश को अस्वीकार कर दिया गया था ;

(ग) इसके क्या कारण हैं ; और

(घ) इस आयोग की सिफारिशों के विपरीत रेलवे बोर्ड ने किन कारणों से बिजली से चलने वाली गाड़ियों की गति 100 किलोमीटर रखी है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) डब्ल्यू ए एम 1 किस्म के ए० सी० बिजली के रेल इंजनों के मामले में 65 किलोमीटर प्रति घंटा की अधिकतम रफ्तार की सिफारिश की गयी थी ।

(ख) जी नहीं । 8-10-66 से 17-10-66 तक मानसून की स्थिति में दक्षिण-पूर्व रेलवे के चुने हुए खराब खण्ड पर यंत्रों द्वारा परीक्षण किये गये थे ।

(ग) सवाल नहीं उठता ।

(घ) अनुसंधान, अभिकल्प और मानक संगठन द्वारा बार-बार और व्यापक रूप से किये गये दोलन-परीक्षणों से पता लगा कि ये रेल इंजन नामित मुख्य लाइन रेलपथ पर 100 किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलाये जा सकते हैं और निम्नतर सीमा तक रफ्तार को प्रतिबन्धित करने के सम्बन्ध में कोई ठोस तर्क नहीं था ।

Training of Unemployed Engineers in Small Scale Industries

*553. **Shri Narain Swarup Sharma :** **Shri Sradhakar Supakar :**
Shri Ram Swarup Vidyarthi : **Shri Jyotirmoy Basu :**
Shri Om Prakash Tyagi : **Shri J. H. Patel :**

Will the Minister of **Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Government propose to provide employment to the unemployed engineers by giving them training in small scale industries and other facilities ;

(b) if so, the outline of that Scheme ; and

(c) the names of those small-scale industries in which Government propose to train them ?

The Minister of Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs (Shri F. A. Ahmed) : (a) to (c). The following training course have been organised with a view to providing guidance to unemployed engineers for starting their own small industries :—

(1) Part-time training courses are conducted by the Small Industries Services Institutes in various States under the control of the Development Commissioner for Small Scale Industries. These institutes have trained more than 400 engineers since October, 1967.

(2) At the request of the Ministry of Education, a four month's full-time-course was

organised by the office of the Development Commissioner. 'Small Scale Industries at the Small Industries Service Institute, Okhla, New Delhi, which commenced on the Ist November, 1968 and concluded on the 28th February, 1969. In all 58 engineers were trained. The Ministry of Education paid a stipened @.Rs. 250/- per month to graduate engineers and Rs. 150/- per month to diploma holders who attended the course.

(3) The Ministry of Education initiated in 1949-50 a scheme known as the Practical Training Stipends Scheme with the object of assisting graduates and diploma holders passing out of technical institutions to equip themselves with the necessary practical training for gainful employment. The trainees are given stipeneds of a value of Rs. 250.00 p. m. for graduates and Rs. 150.00 p. m. for diploma holders in Engineering and Technology. The duration of training is generally one year.

(4) A scheme for 'Financial Assistance to Engineers, Technicians and other Technically Qualified Entrepreneurs for setting up Small Scale Industries' has been formulated and circulated to the State Governments as a 'Model Scheme' for inclusion by them for assistance within the State Sector.

Manufacture of High Pressure Epuipment and Heavy Duty Compressor

*554. **Shri Maharaj Singh Bharati : Shri Beni Shanker Sharma :**
Shri Yashpal Singh : Shri D. C. Sharma :

Will the Minister of **Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs** be pleased to state :

(a) whether any scheme has been prepared for manufacturing High Pressure Equipment and Heavy Duty Compressor during the Fourth Plan ;

(b) whether the requirements of the country would thereby be met ; and

(c) if so, the details thereof ?

The Minister of Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs (Shri F. A. Ahmed) : (a) to (c). Government have decided to set up a project in the Public Sector for the manufacture of heavy compressors and special pumps required by the Fertiliser Industry, Chemical and Petro-Chemical Plants and Steel Plants. Taking into account the existing production facilities and capacities for the manufacture of pumps and compressors available in the country and the likely requirements during the Fourth Plan period, it has been decided to fix the annual capacity of this project at 6,000 tonnes per annum. The type of pumps and compressors proposed to be manufactured in this Project are not being manufactured in the country at the moment and all the items in which the Private Sector showed interest for development and production, have been excluded from its manufacturing programme. The Project is estimated to cost about Rs. 10.68 crores inclusive of a foreign exchange expenditure of roughly Rs. 1 crore. The value of final out-put would be about Rs. 10.8 crores. per annum. In addition, a provision of Rs. 1 crore has been made for a township, bringing the total estimated cost to Rs. 11.68 crores.

मैसर्स हिन्दुस्तान मोटर्स द्वारा कार के पुर्जों का निर्यात

*555. **श्री रा० कृ० सिंह** : क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) हिन्दुस्तान मोटर्स कारों के पुर्जों का निर्यात करने की संभाव्यता का पता लगा रही है ;

(ख) यदि हां, तो क्या इस निर्यात से देश में मोटर गाड़ियों के निर्माण पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा ;

(ग) निर्यात से कितनी विदेशी मुद्रा कमाये जाने का अनुमान है ; और

(घ) मोटर गाड़ियों के पुर्जों आदि के आयात पर कितनी विदेशी मुद्रा खर्च की जाती है ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) से (ग). मेसर्स हिन्दुस्तान मोटर्स ने अभी तक यही बताया है कि वे अपने विदेशी सहयोगियों से मोटर गाड़ी के पुर्जों हिस्सों जिनमें कारों के पुर्जे भी सम्मिलित हैं, के निर्यात की सम्भावनाओं का पता लगा रहे हैं। अभी उससे कोई विशिष्ट प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुए हैं। इस प्रकार के भय का कोई कारण नहीं कि ऐसे निर्यात से देश में मोटर गाड़ियों के उत्पादन को हानि पहुंचेगी। एक कारण तो यह है कि इस समय हिन्दुस्तान मोटर्स में व्यावसायिक गाड़ियों के उत्पादन कम होने के कारण काफी क्षमता अप्रयुक्त है और दूसरा निर्यात की वास्तविक मात्रा का अभी पता लगना है। इसी कारण इस प्रकार के निर्यात से विदेशी मुद्रा के अर्जन का इस समय अनुमान लगाना सम्भव नहीं है।

(3) 1968-69 में मोटर गाड़ियों के हिस्सों को आयात करने के लिए मोटर गाड़ी उत्पादकों को स्वीकृत की गई विदेशी मुद्रा 2.5 करोड़ रुपए थी।

हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड

*556. **श्री सीताराम केसरी** : क्या **इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1966-67, 1967-68 और 1968-69 में हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड को कुल कितनी राजसहायता दी गई थी ;

(ख) 1966-67, 1967-68 और 1968-69 में हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड को कितनी विदेशी मुद्रा की अनुमति दी गई ;

(ग) गत तीन वर्षों में हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड ने स्पात के निर्यात आदि से कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित की ;

(घ) क्या हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड ने अब तक उत्पादन के अपने लक्ष्य प्राप्त कर लिये हैं; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड को निर्यात पर प्राप्त हुई राज-सहायता की राशि वर्ष 1966-67 में 1 मिलियन रुपये, 1967-68 में 38 मिलियन रुपये और अप्रैल से दिसम्बर, 1968 की अवधि में 35 मिलियन रुपये है।

(ख) हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड के फालतू पुर्जों और कच्चे माल के आयात के लिये वर्ष 1966-67 में 121.448 मिलियन रुपये और वर्ष 1967-68 में 79.371 मिलियन रुपये की विदेशी मुद्रा दी गई। वर्ष 1968-69 की जानकारी तत्काल उपलब्ध नहीं है।

(ग) गत तीन वर्षों में हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड द्वारा निर्यात किये गये माल का जहाज तक निष्प्रभार मूल्य वर्ष 1966-67 में 93 मिलियन रुपये, 1967-68 में 309 मिलियन रुपये तथा अप्रैल, 1968 से जनवरी, 1969 तक की अवधि में 331 मिलियन रुपये है।

(घ) और (ङ) वर्ष 1968-69 में हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड का विक्रय हेतु उत्पादन का कार्यक्रम 1.158 मिलियन टन कच्चे लोहे और 2.726 मिलियन टन इस्पात के लिये था। इस लक्ष्य के मुकाबिले में 1.116 मिलियन टन कच्चे लोहे और 2.668 मिलियन टन विक्रेय इस्पात का वास्तविक उत्पादन होने की आशा है। यह अन्तर अधिक नहीं है और यह मुख्यतः धमन भट्ठियों, खुले मुंह की भट्ठियों और कुछ मिलों में अत्यावश्यक भारी मरम्मत कार्य के कारण, तथा दुर्गापुर में श्रमिकों के झगड़ों आदि के कारण है।

मशीन टूल्स उद्योग में मंत्री

*557. **श्री चेंगलराया नायडू :**
श्री अदिचन :

क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इण्डियन मशीन टूल्स मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन द्वारा वर्तमान औद्योगिक प्रवृत्ति के बारे में किये गये सर्वेक्षण के अनुसार मशीन टूल्स उद्योग की उत्पादन क्षमता की उपयोगिता 10 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक है तथा औसत उपयोगिता 46 प्रतिशत है ;

(ख) क्या सर्वेक्षण प्रतिवेदन के अनुसार मंदी के कारण क्रयादेशों के अभाव के कारण उद्योग में क्षमता का कम उपयोग होता है ; और

(ग) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) जी, हां ।

(ख) जी, हां ।

(ग) (1) सरकार के प्रोत्साहन तथा सहायता से उद्योग द्वारा अपने उत्पादन क्षेत्र में विविधता लाने का सतत् प्रयास किया जा रहा है ताकि ऐसे मशीनी औजारों जो कि अभी तक आयात किए जा रहे हैं उनका देश में निर्माण किया जा सके ।

(2) अगस्त, 1967 में वार्ता एवं गोष्ठी का आयोजन इस उद्देश्य से किया गया था कि उत्पादकों को इस बात का ज्ञान प्राप्त हो सके कि परियोजना प्राधिकारियों को किस प्रकार के मशीनी औजारों की आवश्यकता है जिससे उत्पादक अपने उत्पादन कार्यक्रमों को उनके अनुसार संशोधित कर सकें । सरकारी तथा गैर-सरकारी क्षेत्रों के प्रायोजना प्राधिकारियों तथा मशीनी औजार उत्पादकों ने इस वार्तालाप में भाग लिया था । प्रारम्भ में परियोजनाओं की मशीनी औजारों की अनुमानित आवश्यकता 40-45 करोड़ रुपये की थी जिसमें से 28 करोड़ रुपये के मूल्य की मशीनों का आयात किया जाना था । परियोजना प्राधिकारियों तथा उत्पादकों के मध्य हुए वार्तालाप के फलस्वरूप लगभग 17 करोड़ रुपये के मूल्यों के मशीनी औजारों को जिन्हें पहले आयात किया जाना था उनके स्थान पर अब देश में निर्मित मशीनों से काम किया जाये । इसी आधार पर उत्पादकों ने परियोजनाओं की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपने उत्पादन को विविधता की है ।

(3) सरकारी तथा गैर-सरकारी परियोजनाओं से प्राप्त आयात प्रतिवेदनों की जाँच कड़ाई से की जाती है ताकि किसी भी ऐसी मशीन के आयात की उपेक्षा की जा सके जिसे देश के उत्पादक निर्मित कर सकते हों । आयात लाइसेंस जारी करने से पूर्व तथा पूंजीगत वस्तुओं के ऐसे आयात लाइसेंस के नवीकरण के समय जिनकी जांच एक वर्ष पूर्व की गई थी कि तकनीकी विकास के महानिदेशालय द्वारा देश में उपलब्धि की दृष्टि में पुनः जांच की जाती है । जांच के समय में केवल उन वस्तुओं को काट दिया जाता है जो कि प्रतिबन्धित सूची पर हैं अपितु उन वस्तुओं को भी काट दिया जाता है जो कि देश में उत्पादकों के उत्पादन कार्यक्रम में सम्मिलित हैं । चालू आयात व्यापार नियंत्रण नीति के अनुसार 7.5 लाख रुपये से अधिक मूल्य की मशीनों की आवश्यकताओं को अब पहले इण्डियन ट्रेड जर्नल में विज्ञापित किया जाता है ताकि देश के उत्पादक उनके मूल्य का निर्देश कर सकें ।

(4) सरकार ने देश में स्थापित सभी मशीनों की गणना का काम किया है । इस गणना से देश में विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित मशीनों की आयु तथा इन मशीनों के आम नमूने के बारे में जानकारी उपलब्ध होगी । जानकारी जब संकलित हो जायेगी तो इससे इंजीनियरिंग एकक के अपने जैसे देश के तथा विदेश के एककों की प्रतिस्पर्धा के आंकने में सक्षम होंगे । यह आंकड़े भावी वर्षों में मशीनी औजारों की मांग का तर्कसंगत अनुमान लगाने का आधार बनेंगे ।

(5) मशीनों के निर्यात कर्ताओं को 20 प्रतिशत नकद अनुदान तथा 20 प्रतिशत के पुनः आयात की अनुमति दी जाती है। ग्राहकों द्वारा खरीदी गई मशीनों के लिए मशीनी औजार उद्योग को इण्डस्ट्रियल डेवेलपमेंट बैंक आफ इण्डिया से स्थगित भुगतान की सुविधाएं भी दी गई हैं।

उपरोक्त (1) से (5) उपायों से मशीनी औजारों की देश में लगी क्षमता का अधिक प्रयोग करने में सहायता मिलेगी।

गुजरात में लघु उद्योग

*558. **श्री नरेन्द्र सिंह महीडा : क्या औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान इस समाचार की ओर दिलाया गया है कि गुजरात में लघु उद्योग को जो राज्य की औद्योगिक अर्थव्यवस्था के लिये महत्वपूर्ण है, संकट का सामना करना पड़ रहा है ; और

(ख) क्या राज्य सरकार ने लघु उद्योग को गुजरात में फिर से स्थापित करने के लिये संरक्षण तथा वित्तीय सहायता देने के लिये केन्द्रीय सरकार से अनुरोध किया है ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) भारत सरकार को ऐसी कोई सूचना नहीं मिली है कि गुजरात राज्य के लघु उद्योगों को विशेष कठिन परिस्थितियों से गुजरना पड़ रहा है।

(ख) जी, नहीं।

बिड़ला उद्योग समूह

*559. **श्री नि० रं० लास्कर :**

श्री रा० बरुआ :

क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने बिड़ला उद्योग समूह के अक्तूबर और नवम्बर, 1968 में दिए गए चार आवेदन-पत्रों पर विचार कर लिया है;

(ख) यदि हां, तो अन्तिम निर्णय करने में विलम्ब के क्या कारण हैं; और

(ग) ऐसे मामलों पर निर्णय करने में सरकार सामान्यतः कितना समय लेती है ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) जी, हां। इनमें से दो आवेदन अब रद्द कर दिये गये हैं और दो आवेदन जो 10

अक्तूबर, 1968 और 22 नवम्बर, 1968 को प्राप्त हुए थे उन पर अभी विचार किया जा रहा है ।

(ख) और (ग). इन आवेदनों के निपटाने में कोई अधिक विलम्ब नहीं हुआ है । ऐसे मामलों में लगने वाला समय प्रत्येक मामले पर अलग-अलग हुआ करता है और वह परियोजना की किस्म तथा आवेदन-पत्र में दी गई जानकारी पूरी है अथवा नहीं जिसके प्रस्ताव की पूरी जांच की जा सके, इस पर निर्भर करता है । सामान्यतः लाइसेंस आवेदन-पत्र प्राप्त होने अथवा आवेदकों से मांगी गई अतिरिक्त जानकारी प्राप्त हो जाने के बाद के तीन महीनों के अन्दर ले लेने चाहिए ।

उद्योगों में प्रबन्ध निदेशक

*560. **श्री म० ला० सोंधी** : क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उद्योगों में पचास प्रतिशत से कम भागिता वाली विदेशी कम्पनियों को प्रबन्ध निदेशक तथा अन्य उच्च अधिकारी नियुक्त करने की अनुमति नहीं होती है; और

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्योरा क्या है ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) कम्पनी अधिनियम में, अपनी पूंजी में अल्प मात्रा में विदेशी भाग ग्रहण करने वाली एक कम्पनी के लिये, कम्पनी के अन्तर्गत प्रबन्ध निदेशक तथा अन्य उच्च अधिकारी नियुक्त करने का निषेध नहीं है; कम्पनी अधिनियम के अध्याय 2 के भाग 6 के उपबन्धों से, जो निदेशकों से व्यवहारित हैं, पब्लिक कम्पनियों में, प्रबन्ध निदेशकों की नियुक्ति तथा उनको पारिश्रमिक देने का शासन होता है; तथा

(ख) प्रश्न उत्पन्न नहीं होता ।

Recruitment of Jawans in Railway Protection Special Force

*561. **Shri Molahu Prasad** : Will the Minister of **Railways** be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 3925 on the 13th August, 1968 and Unstarred Question No. 2166 on 26th November, 1968 and state :

(a) the reasons for selecting 145 Jawans when the economy policy of Government was clear ;

(b) whether any compensation has been paid to the applicants for their expenses and losses incurred by them ; if so, the amount of compensation and if not, the reasons therefor :

(c) whether it is a fact that after cancelling the above examination, a similar examination and selection for training were again made ; if so, the names of the persons selected out of them and the reasons for not recruiting those persons who were selected in the first examination ; and

(d) whether the services of those selected 145 Jawans will be utilised by Governnment at some other places ; if so, when and if not, the reasons therefor ?

The Minister of Railways (Dr. Ram Subhag Singh) : (a) While progressing with the selection in February, 1967 it was not possible to foresee that the posts of Rakshaks in Railway Protection Special Force against training reserve will be surrendered.

(b) While making a reference to the Employment Exchanges for sending the candidates for recruitment, it was invariably made clear to them that they will be attending the selection at their own risk and expense. No compensation was, therefore, paid to any one who came for selection.

(c) Another selection was held in the middle of 1968 in which 153 persons were selected. Five persons namely Sarvashri Lal Bahadur, Suresh Chander, Dayaram, Subash Chander and Ramjee Misra were the ones who were selected in February, 1967 and also in the selection held in middle of 1968. As per extant orders the panel formed in February, 1967 lapsed after one year i.e. in February, 1968 and persons selected in this panel could not be appointed.

(d) Does not arise.

Industries in Rajasthan

*562. **Shri Meetha Lal Meena :** Will the Minister of **Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs** be pleased to state :

(a) the names of those new industries which Government propose to establish in Rajasthan during the Fourth Plan period ; and

(b) if not, the reasons therefor ?

The Minister of Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs (Shri F. A. Ahmad) : (a) and (b). As the Fourth Five Year Plan is yet to be finalised, it is not possible to indicate at this stage which new industries would be set up in Rajasthan during this Plan period.

पश्चिमी रेलवे मुख्यालय का बम्बई से अहमदाबाद में स्थानान्तरण

*563. **श्री रा० की० अमीन :** क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गुजरात से निर्वाचित संसत्सदस्यों ने पश्चिम रेलवे के मुख्यालय को बम्बई से अहमदाबाद स्थानान्तरित करने के लिये बार-बार अनुरोध किया है; और

(ख) यदि हां, तो इस अनुरोध को स्वीकार न करने के क्या कारण हैं ।

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी हां ।

(ख) प्रशासनिक, परिचालनिक, वाणिज्यिक और आर्थिक दृष्टि से मुख्यालय को स्थानान्तरित करना वांछनीय नहीं समझा जाता ।

सरकारी क्षेत्र के उद्योगों में आवश्यकता से अधिक कर्मचारी

*564. **श्री कंवर लाल गुप्त :** क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकारी क्षेत्र के उद्योगों में आवश्यकता से अधिक कर्मचारी हैं, विशेष रूप से अधिकारी;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार इस सम्बन्ध में सर्वेक्षण कराने का है; और

(ग) सरकारी उपक्रमों में प्रशिक्षण और कार्यकुशल कर्मचारी नियुक्त करने के लिए सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) सरकारी क्षेत्र के उद्योगों में कर्मचारियों और विशेषकर अधिकारी स्तर के कर्मचारियों की संख्या आवश्यकता से अधिक नहीं है ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

(ग) सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के विभिन्न पदों पर सामान्यतया योग्यता तथा अनुभव प्राप्त व्यक्तियों की नियुक्ति की जाती है । उपक्रम स्वयं ही अपने तकनीकी तथा प्रबन्धकीय कर्मचारियों को नौकरी के बीच ही प्रशिक्षण प्रदान करते हैं । अपने क्षेत्रों में अद्यतन तकनीक तथा विकास से सुपरिचित रखने के लिए देश में विभिन्न प्रबन्धकीय संस्थाओं द्वारा गठित पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों अथवा गोष्ठियों में भाग लेने के लिए अधिकारियों को भेजा जाता है ।

Guna-Maksi Rail Link

*565. **shri Hukam Chand Kachwai :** Will the Minister of **Railways** be pleased to refer to the reply given to Starred Question No. 349 on the 26th November, 1968 and state :

(a) when the work of laying the Railway line from Guna to Maksi was started for which 49.75 K.M. of track has since been laid ;

(b) the amount spent by Government so far on laying this rail track ;

(c) the number of big and small bridges and culverts which are to be built for completion of this line ; and

(d) whether a final decision has since been taken about the date of completion of this work ?

The Minister of Railways (Dr. Ram Subhag Singh) : (a) This line was sanctioned for construction in March, 1962. Work on the construction of this line was commenced on 10-4-1962.

(b) The over-all expenditure incurred on this line so far is Rs. 5.40 crores.

(c) 33 major bridges and 224 minor bridges are required to be built for the completion of this line.

(d) In view of the slow generation of traffic in this sector a re-appraisal of traffic is under way with a view to rephase the work. The question of fixing a revised target date for the completion of this line, taking into account the rate of traffic growth in the area, and subject to availability of adequate funds, is under consideration.

अन्य रेलवे यातायात लेखा कार्यालय, पश्चिमी रेलवे, दिल्ली में सीधी भर्ती वाले स्नातकों के लिये सुरक्षित स्थान

*566. **श्री पी० पी० एस्थोस :** **श्री के० एम० अब्राहम :**
श्री अ० क० गोपालन : **श्री क० अनिरुद्धन :**
श्री प० गोपालन : **श्रीमती सुशीला गोपालन :**

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को अन्य रेलवे यातायात लेखा कार्यालय, पश्चिम रेलवे, दिल्ली में सीधी भर्ती वाले स्नातकों के लिये 20 प्रतिशत सुरक्षित स्थानों के कोटे में की गई पदोन्नतियों तथा वेतन नियतन सम्बन्धी अनियमितताओं के विरुद्ध कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है;

(ग) यदि हां, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई है; और

(घ) इसके लिए कौन जिम्मेदार है, इसका पता लगाने के लिए क्या कार्यवाही की गई है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी हां ।

(ख) और (ग). स्नातकों के लिए 20% के कोटे में 1-8-61 से स्थायीकरण के लाभ की मांग के सम्बन्ध में एक अभ्यावेदन पर विचार किया गया और उसे नामंजूर कर दिया गया । अधिक भुगतानों की वसूली के आर्डरों के खिलाफ एक और अभ्यावेदन पर विचार किया जा रहा है ।

भारत में भिखारी

*567. **श्री समर गुह :**
श्री रघुवीर सिंह शास्त्री :

क्या **विधि तथा समाज कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने देश में भिखारियों की जनसंख्या के बारे में कोई सर्वेक्षण किया है;

(ख) यदि हां, तो नगरों तथा गांवों में उनकी संख्या कितनी है;

(ग) पूर्णतया बेघरबार भिखारियों की संख्या कितनी है और उनमें स्त्रियों, बालकों तथा वृद्धों की प्रतिशतता क्या है;

(घ) इनमें से कितने भिखारी विकलांग असमर्थ, रोगी और वृद्ध हैं जिनकी देखभाल के लिये कोई नहीं है;

(ङ) क्या भिखारी समस्या से विभिन्न रोग, सामाजिक बुराइयां, भ्रष्टाचार पैदा होते हैं और यह भारत के लिये अमिट कलंक की बात है; और

(च) यदि हां, तो इस समस्या का मुकाबला करने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है?

विधि मंत्रालय तथा समाज कल्याण विभाग में राज्यमंत्री (डा० (श्रीमती) फूलरेणु गुह) : (क) नहीं श्रीमान् ।

(ख) से (घ) प्रश्न नहीं उठते ।

(ङ) यह जानने के लिए कि क्या भिखारी समस्या से विभिन्न रोग, सामाजिक बुराइयां, भ्रष्टाचार पैदा हैं, कोई अध्ययन नहीं किया; यह प्रथा स्वयं ही अत्यन्त वांछनीय है और इसका उन्मूलन होना चाहिए ।

(च) भिखारीपन की रोक-थाम और उसका नियंत्रण, प्रारम्भिक तौर पर राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है । राष्ट्रीय विकास परिषद के निर्णय के अनुसार इस प्रकार के सब कार्यक्रम अब राज्य-योजनाओं का अंग होंगे और राज्य सरकारों पर ही उनका कार्यान्वियन रहेगा ।

रूरकेला और भिलाई कारखानों में सुधार

*568. **श्री स्वतंत्र सिंह कोठारी :** क्या **इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रूरकेला और भिलाई के इस्पात कारखानों के कार्य संचालन को सुधारने के लिए कोई कार्यवाही की गई है;

(ख) यदि हां, तो क्या कार्यवाही की गई है और उसके क्या परिणाम निकले हैं; और

(ग) वर्ष 1969-70 में हुए लाभ या हानि के आंकड़े क्या हैं और पहले दो वर्षों के आंकड़ों की तुलना में ये आंकड़े कितने अधिक या कम हैं ?

इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) जी, हां ।

(ख) सरकारी क्षेत्र के इस्पात कारखानों के कार्य-संचालन को सुधारने के लिए सरकार द्वारा किये गये/किये जा रहे उपायों का उल्लेख 'परफार्मेंस आफ हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड' शीर्षक पुस्तिका में किया गया है जिसकी प्रति 5 अप्रैल, 1968 को सभा-पटल पर रखी गई थी । इनमें से कुछ महत्वपूर्ण उपायों को क्रियान्वित किया जा रहा है लेकिन मूर्त परिणाम सामने आने में कुछ समय लगेगा ।

(ग) वर्ष 1967-68 में भिलाई और राउरकेला इस्पात कारखानों को क्रमशः 91.21 और 72.05 मिलियन रुपये का घाटा रहा । वर्तमान संकेतों के अनुसार इन दोनों कारखानों को

वर्ष 1968-69 में भी घाटा रहेगा यद्यपि राउरकेला को घाटा कम रहेगा। इन कारखानों के वर्ष 1969-70 के उत्पादन कार्यक्रम के अनुसार और वर्तमान मूल्यों पर, ऐसी आशा है कि राउरकेला इस्पात कारखाने को लाभ रहेगा और भिलाई इस्पात कारखाने को घाटा काफी कम होगा।

Associated Cement Company Limited, Bombay

*569. **Shri Shardha Nand :** Will the Minister of **Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs** be pleased to state :

(a) the date on which the Associated Cement Company Limited, Bombay applied for a licence and when it started functioning ;

(b) the terms and conditions in regard to the setting up of this concern and the nature of articles being produced by it ; and

(c) Its total production since its inception ?

The Minister of Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs (Shri F. A. Ahmad) : (a) and (b). The Associated Cement Companies Limited was incorporated at Bombay on 1st August, 1936. As the Industries (Development and Regulation) Act, 1951 came into effect on 8th May, 1952, the question of an application for an industrial licence did not arise. Even now as the cement industry has been exempted from the licensing provisions of the Industries (Development and Regulation) Act, 1951, the question of any condition does not arise. Apart from the manufacture of portland cement of various types (which is the main activity of the Company), besides certain special varieties of cements, it also produces the following items :—

(i) Refractories and Refractory Products ;

(ii) Heavy machinery for cement, paper and pulp; chemical Industries, etc., and also Electric Overhead Travelling Cranes.

The Company also mines coal from its Collieries.

(c) The Company's total production of cement since its inception upto 31st January, 1969 was 85.4 million tonnes.

केन्द्रीय अधिनियमों का हिन्दी में प्रकाशन

*570. **श्री विश्वनाथ पाण्डेय :** क्या **विधि तथा समाज कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अब तक कितने केन्द्रीय अधिनियम हिन्दी में प्रकाशित किये गये हैं;

(ख) आगामी वर्ष के लिये क्या कार्यक्रम हैं; और

(ग) क्या राज्यों की विधियों के अनुवाद के लिये उनको कोई सहायता देने का प्रस्ताव है ?

विधि तथा समाज कल्याण मंत्री (श्री गोविन्द मेनन) : (क) राष्ट्रपति के प्राधिकार से, राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 5 (1) (क) के अधीन अभी तक 75 केन्द्रीय अधिनियमों के हिन्दी पाठ प्रकाशित किए जा चुके हैं।

(ख) वर्ष 1969-70 के लिए अस्थायी कार्यक्रम में निम्नलिखित सम्मिलित हैं :—

(i) 23 केन्द्रीय अधिनियमों के (उपबन्ध-क देखिए) हिन्दी पाठ तैयार करना और राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 5 (1) (क) के अधीन उनको शासकीय राजपत्र में प्रकाशित करना। [**पुस्तकालय में रखा गया। देखिए संख्या एल०टी०** 387/69]

(ii) 65 कानूनी नियमों/आदेशों (उपबन्ध-ख देखिए) हिन्दी पाठ तैयार करना और राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 5 (1) (ख) के अधीन उनको शासकीय राजपत्र में प्रकाशित करना। [**पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी०** 387/69]

(iii) संसद् में पुरःस्थापित किये जाने वाले विधेयकों के हिन्दी अनुवाद तैयार करना।

(iv) राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3 (3) के अनुसरण में भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों से प्राप्त कानूनी नियमों के हिन्दी अनुवाद तैयार करना।

(v) संविधान का एक अद्यतन पाठ हिन्दी में और राज्य की सभी राज भाषाओं में प्रकाशित करना।

(vi) विधिक पदों की एक अखिल भारतीय शब्दावली प्रकाशित करना।

(vii) विधायी प्रारूपण में उपयुक्त किए जाने वाले आदर्श खण्डों और पदों की एक हिन्दी पुस्तक प्रकाशित करना।

(viii) केन्द्रीय सरकार द्वारा राज्य सरकारों के साथ किए गए इन्तजाम के अधीन तैयार किए गए केन्द्रीय अधिनियमों के अनुवादों को प्रादेशिक भाषाओं में प्रकाशित करना।

(ग) केन्द्रीय और राज्य विधियों के हिन्दी अनुवाद में प्रयुक्त विधिक पदों में यावत्संभव एकरूपता प्राप्त करने की दृष्टि से केन्द्रीय सरकार द्वारा राज्य विधियों का जो (जो हिन्दी से भिन्न भाषाओं में हैं) हिन्दी में अनुवाद करने की भी प्रस्थापना है। अतः राज्य सरकार को इस निमित्त कोई सहायता देने का प्रश्न ही नहीं उठता। राज्य विधियों का अपनी-अपनी राज भाषाओं में अनुवाद सम्बद्ध राज्य सरकारों द्वारा किया जाएगा। राज्य सरकारों को इस निमित्त कोई सहायता देने की प्रस्थापना केन्द्रीय सरकार के विचाराधीन नहीं है।

Surplus Employees of Loco Sheds in Moradabad Division

3402. **Shri Arjun Singh Bhadoria** : Will the Minister of **Railways** be pleased to state the number of surplus employees of loco sheds in Moradabad Division in the year 1962 to 1968 separately.

The Minister of Railways (Dr. Ram Subhag Singh): The information is being collected and will be laid on the Table of the Sabha.

राजस्थान में भारी उद्योग

3403. **श्री रा० कृ० बिड़ला :** क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चौथी पंचवर्षीय योजना अवधि में राजस्थान राज्य में भारी उद्योग स्थापित करने के लिये केन्द्रीय सरकार ने कोई योजना बनाई है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है;

(ग) इस सम्बन्ध में कितनी धनराशि नियत की गई है; और

(घ) क्या इस सम्बन्ध में राज्य सरकार ने कोई योजना केन्द्रीय सरकार को भेजी है; और यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) से (ग). चौथी पंचवर्षीय योजना अभी तैयार की जा रही है और राजस्थान समेत विभिन्न राज्यों के लिए उद्योगों को सम्मिलित कर विभिन्न क्षेत्र के आवंटनों का अभी अंतिम रूप से निर्णय किया जाना है।

(घ) चौथी योजना पर अपने ज्ञापन में राजस्थान सरकार ने चौथी पंचवर्षीय योजना में राज्य क्षेत्र में निम्नलिखित बड़ी और मध्यम औद्योगिक योजनाएं सम्मिलित किये जाने का प्रस्ताव किया है :—

योजना के नाम	चौथी योजना का व्यय (लाख रु० में)
1. **राज्य के उपक्रम**	
(क) बीकानेर की ऊनी वस्त्र मिल का विस्तार (ख) जोधपुर में नई ऊनी वस्त्र मिल की स्थापना	77.00
2. सोडियम सल्फेट संयंत्र	3.00
3. संस्लिष्ट अपमार्जक तथा कास्टिक सोडा संयंत्र	1.00
4. चमड़ा कमाना	60.00
5. नमक उद्योग	6.00
(2) औद्योगिक क्षेत्र का विकास	100.00
(3) औद्योगिक तथा खनिज विकास निगम की अंश पूंजी में हिस्सा	50.00
योग ...	297.00

गुजरात में औद्योगिक उपक्रम

3404. **श्री नरेन्द्र सिंह महीडा :** क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गुजरात राज्य में सूखाग्रस्त क्षेत्रों में बेरोजगारी दूर करने की दृष्टि से चौथी पंचवर्षीय योजना की अवधि में गुजरात में औद्योगिक उपक्रम स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है और उस पर कितना खर्च आने का अनुमान है; और

(ग) इनमें से प्रत्येक उद्योग में कितने व्यक्तियों को रोजगार मिलने की संभावना है ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) से (ग). गुजरात राज्य सरकार ने अपने चतुर्थ पंचवर्षीय योजना के प्रस्ताव में कुल 1602.5 लाख रुपये का परिव्यय प्रस्तावित किया है। राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत विवरणों से यह स्पष्ट नहीं होता है कि उनमें से कितने या कुछ उद्योग विशेष रूप से सूखाग्रस्त क्षेत्रों की बेरोजगारी को दूर करने के लिए स्थापित किये जाने हैं।

बाइसिकल फैक्टरियों में उत्पादन

3405. **श्री बाबूराव पटेल :** क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बाइसिकल फैक्टरियों के नाम क्या हैं, वे कहां-कहां स्थित हैं, प्रत्येक में कितनी पूंजी लगी है, उनके निदेशकों तथा सहयोगियों के नाम क्या हैं और प्रत्येक में कितना तथा कितने मूल्य का वार्षिक उत्पादन होता है;

(ख) वर्ष 1961 तथा 1967 में लाइसेंस प्राप्त क्षमता कितनी थी और वास्तव में उत्पादन कितना हुआ और निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार उत्पादन न होने के क्या कारण थे;

(ग) पिछले तीन वर्षों में प्रति वर्ष साइकिलों की कितनी कमी हुई;

(घ) पिछले सात वर्षों में प्रति वर्ष इस उद्योग को कितनी विदेशी मुद्रा दी गई और कौन-कौन से मुख्य पुर्जों का आयात किया गया;

(ङ) प्रत्येक विदेशी सहयोगी प्रति वर्ष लाभ की कितनी राशि अपने देश को भेजता है; और

(च) पिछले पांच वर्षों में भारत में निर्मित साइकिलों से प्रति वर्ष कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित की गई ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) इस समय तकनीकी विकास के महानिदेशालय की सूची में सम्मिलित कारखानों से संबंधित जानकारी (निदेशकों के नामों को छोड़कर) देने वाला एक विवरण सभा-पटल पर रखा जाता है। **[पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 388/69]** निदेशकों के नामों से संबंधित जानकारी संकलित की जा रही है।

(ख) संगठित क्षेत्र के एककों की क्षमता इस समय 12,51,800 बाइसिकलें हैं। साइकिल उद्योग को दिसम्बर, 1966 से लाइसेंसीकरण से मुक्त कर दिया गया है। 1961 और 1967 में संगठित क्षेत्र में साइकलों का उत्पादन क्रमशः 10.5 लाख तथा 17 लाख साइकिलें था जबकि उत्पादन लक्ष्य 10 लाख तथा 20 लाख साइकिलें था। 1967 में उत्पादन में कमी का कारण इनकी मांग में अस्थायी कमी बताया गया है।

(ग) विगत तीन वर्षों में बाइसिकलों की कमी की शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

(घ) विगत 7 वर्षों में साइकल उद्योग को स्वीकृत विदेशी मुद्रा की राशि निम्न प्रकार है :—

	(रु० लाखों में)
1962—63	141.60
1963—64	198.64
1964—65	194.46
1965—66	62.74
1966—67	442.88
1967—68	104.95
1968—69	45.42 (17-2-69 तक)

संगठित क्षेत्र में पूर्ण साइकिल का निर्माण करने वाले उत्पादकों को कच्चे माल के आयात के लिए सहायता की गई थी और किसी भी पुर्जे के आयात की अनुमति नहीं दी गयी थी।

(ङ) जानकारी इकट्ठी की जा रही है और वह सभा-पटल पर रख दी जायेगी।

(च)

अवधि	मूल्य (लाख रुपयों में)
1964—65	120.75
1965—66	174.61
1966—67	116.80
1967—68	215.62
1968—69 (नवम्बर, 1968 तक)	263.00

उद्योगों में अधिष्ठापित क्षमता का उपयोग

3406. **श्री बाबूराम पटेल :** क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) हिन्दुस्तान मशीन टूल्स, हैवी इलैक्ट्रिकल्स (इंडिया) लिमिटेड और हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन में अधिष्ठापित क्षमता का कितना-कितना प्रतिशत उपयोग किया जा रहा है और प्रत्येक मामले में पूरी-पूरी क्षमता का उपयोग न किये जाने के क्या कारण हैं;

(ख) पिछले तीन वर्षों में, वर्ष-वार इन तीन परियोजनाओं में, परियोजना-वार कितना तथा कितने मूल्य का उत्पादन हुआ है;

(ग) प्रत्येक परियोजना में कितना, क्या-क्या तथा कितने मूल्य का माल जमा हो गया है;

(घ) प्रत्येक परियोजना में इस माल की निकासी न किये जा सकने के क्या कारण हैं; और

(ङ) पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक परियोजना द्वारा किये गये निर्यात से कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित की गई और किन-किन देशों को निर्यात किया गया ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद):

(क) (1) **हिन्दुस्तान मशीन टूल्स लिमिटेड :**

कम्पनी का मशीन टूल्स कारखाना इस समय उपलब्ध क्षमता के लगभग 50 प्रतिशत का उत्पादन कर रहा है। ऐसा मशीनी औजार उद्योग में निरन्तर मंदी के कारण हुआ है।

(2) **हैवी इलैक्ट्रिकल्स (इण्डिया) लिमिटेड**

वर्ष 1967-68 में स्थापित क्षमता का लगभग 64 प्रतिशत उपयोग हुआ। प्रत्येक भारी तथा सूक्ष्म विद्युत उपकरण का उत्पादन अधिकतम तक पहुंचने में 4 से 5 वर्ष का समय लगता है क्योंकि भारी विद्युत उपकरण के विभिन्न स्तरों में कुशलता प्राप्त करने में समय लगता है।

(3) **हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन लिमिटेड**

तीनों संयंत्रों में उत्पादन अभी प्रारंभिक अवस्था में हैं और उत्पादन क्षमता धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है। 1967-68 तक उत्पादन अधिकतम निर्धारित क्षमता से काफी कम हुआ जो आगामी कुछ वर्षों में होने लगेगा। अपेक्षाकृत उत्पादन की प्रगति कम होने का एक महत्वपूर्ण कारण कुछ आवश्यक निर्माण कार्य के साथ-साथ फाउण्ड्री फोर्ज संयंत्र में कुछ उपकरण न लग सकना रहा है। यह मानना पड़ेगा कि इस प्रकार के संयंत्रों में, जिनमें विशिष्ट तथा सूक्ष्म उपकरणों का निर्माण होता है, निश्चित ही उत्पादन क्षमता और उत्पादिता में, प्रगति धीरे-धीरे होती है और इसमें कुछ वर्षों का समय लग जाता है। क्षमता निर्माण करने का कार्य अनेक कारणों पर निर्भर करता है जिनमें संयंत्र की क्षमता के अनुरूप समय के अन्दर निर्माणक्रम को

ध्यान में रखते हुए काफी बड़े परिमाण में आर्डरों का मिलना, कच्चे माल और पुर्जों का पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होना तथा कुशलता प्राप्त करने के लिए समय एवम् श्रमिकों की उत्पादिता आदि कारण शामिल हैं।

(ख) (1) **हिन्दुस्तान मशीन टूल्स लिमिटेड**

पिछले तीन वर्षों में उत्पादन तथा उसका मूल्य इस प्रकार है :—

वर्ष	उत्पादन	
	मशीनी औजारों की सं०	मूल्य (लाख रु० में)
1965-66	2048	1135
1966-67	2665	1224
1967-68	1809	845

(2) **हैवी इलैक्ट्रिकल्स (इण्डिया) लिमिटेड**

पिछले तीन वर्षों में उत्पादन इस प्रकार है :—

वर्ष	उत्पादन
	मूल्य (लाख रु० में)
1965-66	979
1966-67	1641
1967-68	2149

(3) **हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन फाउण्ड्री फोर्ज प्लांट**

वर्ष	उत्पादन	
	परिमाण मी० टनों में	मूल्य (लाख रु० में)
1965-66	2466	48.23
1966-67	5058	95.45
1967-68	9003	179.60

हैवी मशीन बिल्डिंग प्लांट

वर्ष	उत्पादन	
	परिमाण मी० टनों में	मूल्य (लाख रु० में)
1965-66	10981	285.4
1966-67	14309	466.74
1967-68	14611	556.93

हैवी मशीन टूल्स प्लांट

वर्ष	उत्पादन	
	संख्या	मूल्य (लाख रु० में)
1965-66	—	—
1966-67	7 संख्या	12.15
1967-68	15 संख्या	56.6

(ग) तथा (घ) : **हिन्दुस्तान मशीन टूल्स लिमिटेड**

31 जनवरी, 1969 को एकक वार मशीनी औजारों का स्तर मूल्य सहित इस प्रकार है :—

एकक	संख्या	मूल्य (लाख रु० में)
1 और 2	531	229
3	213	102
4	87	33
5	1	2
	832	366

832 मशीनों के कुल स्टाक में से 128 मशीनें आर्डरों में शामिल नहीं हैं जब कि शेष मशीनें आर्डरों पर भविष्य में दिये जाने वाले माल, आस्थगित भुगतान आर्डर, आरक्षण आदि की हैं और इनमें शोरूम, प्रदर्शनी तथा निर्यात की जाने वाली मशीनें भी शामिल हैं।

हैवी इलैक्ट्रिकल्स इण्डिया लिमिटेड

भारी विद्युत उद्योग में निर्माण का कार्य-ग्राहकों के विशिष्ट आर्डरों पर उनकी विशिष्ट आवश्यकता पूरी करने के लिए किया जाता है। इस प्रकार हैवी इलैक्ट्रिकल्स (इण्डिया) लिमिटेड के पास कोई भी बिना बिका स्टाक नहीं है।

हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन लिमिटेड

भारी मशीनें बनाने वाले संयंत्र के पास 1 जनवरी, 1969 को तैयार मशीनों का स्टाक 5265.9 मी० टन था जिसका मूल्य 266.90 लाख रु० था। इस स्टाक में 193.7 मी० टन के उपकरण सम्मिलित हैं। जिनके लिए फिलहाल कोई तत्काल आर्डर नहीं हैं जब कि शेष स्टाक आर्डरों का हैं। प्रारंभिक अवस्था में कुछ वस्तुओं का उत्पादन हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड के परामर्श से किया गया था जिसके लिए भविष्य में पर्याप्त मांग हो जाने की आशा थी। यह वस्तुएं लगातार बिक रही हैं और इनका वर्तमान स्टाक 193.7 मी० टन है।

हैवी मशीन टूल्स प्लांट में 1 जनवरी, 1969 को 19 मशीनें स्टाक में थीं। यह सभी मशीनें आर्डर की हैं और ग्राहकों की डिलेवरी की आवश्यकताओं के अनुसार भेज दी जायेंगी।

(ङ) **हिन्दुस्तान मशीन टूल्स लिमिटेड**

इस कम्पनी ने अमरीका, कनाडा, पूर्वी यूरोपीय देशों जिनमें सोवियत रूस, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड तथा अन्य विकासशील देशों सहित पश्चिमी यूरोप के देश शामिल हैं को मशीनी औजारों और घड़ियों का निर्यात किया।

प्रतिवर्ष अर्जित विदेशी मुद्रा नीचे दी गई है :—

वर्ष	**अर्जित विदेशी मुद्रा (लाख रु० में)**				**योग**
	मशीनी औजार		कलाई की घड़ियां		
	संख्या	मूल्य	संख्या	मूल्य	
1965-66	73	17.87	1680	0.65	18.52
1966-67	78	31.85	799	0.41	32.26
1967-68	79	29.44	931	0.59	30.03

जमा 100 वाच मूवमेंट्स

हैवी इलैक्ट्रिकल्स (इण्डिया) लिमिटेड

पिछले तीन वर्षों में कोई भी निर्यात नहीं किया गया।

हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन लिमिटेड

पिछले तीन वर्षों में कोई निर्यात नहीं किया गया।

मध्य प्रदेश में नये उद्योग

3407. **श्री बाबूराव पटेल :** क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले पांच वर्षों में मध्य प्रदेश में कितने तथा क्या-क्या और कहां-कहां नये उद्योग चालू किये गये हैं;

(ख) इन उद्योगों में कितने कर्मचारी काम करते हैं और प्रत्येक उद्योग में उनके वेतनों की राशि कितनी है;

(ग) क्या राज्य का औद्योगिक विकास निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार चल रहा है; और

(घ) चौथी पंचवर्षीय योजना को अन्तिम रूप दिये जाने पर, इस राज्य में निकट भविष्य में सरकारी तथा गैर-सरकारी क्षेत्र में कौन-कौन से नये उद्योग स्थापित करने का विचार है ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फख्रुद्दीन अली अहमद) : (क) से (घ). जानकारी एकत्रित की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।

विदेशी कम्पनियों में कर्मचारी

3408. **श्री बाबूराव पटेल : क्या औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :

(क) विदेशी कम्पनियों में 5001 रुपये तथा उससे अधिक के वेतनमान में कितने भारतीय तथा विदेशी कर्मचारी नियुक्त हैं;

(ख) ऐसी दस सर्वोच्च विदेशी कम्पनियों के नाम क्या हैं और प्रत्येक में ऐसे कितने भारतीय तथा विदेशी कर्मचारी नियुक्त हैं;

(ग) प्रत्येक विदेशी कर्मचारी अपनी उपलब्धियों की कितनी प्रतिशत राशि हर वर्ष अपने देश को भेज सकता है;

(घ) इस वेतन-मान में केवल भारतीयों को नियुक्त करवाने के लिए सरकार ने क्या विशिष्ट कार्यवाही की है; और

(ङ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फख्रुद्दीन अली अहमद) : (क) 1 जनवरी, 1968 को विदेशी स्वामित्व नियंत्रित कम्पनियों में जो भारत में चल रही हैं, 5,000 रु० से अधिक के वेतन वर्ग में सेवा नियोजित 475 भारतीय और 1027 विदेशी व्यक्ति थे । अतः वेतन वर्ग में सेवा नियोजित भारतीय कुल व्यक्तियों के 31.6 प्रतिशत हैं । 1 जनवरी, 1967 को 371 भारतीय और 1072 विदेशी वेतन पाने वालों में थे और 25.7 प्रतिशत पदों पर भारतीय लगे हुए हैं ।

(ख) जानकारी गोपनीय है ।

(ग) जून, 1966 में रुपये का अवमूल्यन होने से पूर्व भारत में रहने वाले अन्य देशों के राष्ट्रिकों को अपनी शुद्ध आय का 50 प्रतिशत किन्तु अधिक से अधिक 1,500 रु० प्रतिमास अपने-अपने देशों को भेजने की अनुमति दी गई थी । रुपये का अवमूल्यन हो जाने के पश्चात यह राशि बढ़ाकर 2,360 रु० प्रतिमास कर दी गई है ।

(घ) और (ङ) . विदेशी फर्मों में भारतीय कर्मचारियों को रखने की नीति के अनुसार भारत सरकार ने विशिष्ट ज्ञान प्राप्त तकनीकी विशेषताओं की आवश्यकता पर विचार किया है । इस सम्बन्ध में सरकार की नीति समझाने बुझाने की है ।

मोटर टायर

3409. **श्री बाबूराव पटेल** : क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों में देश में प्रति वर्ष कितने तथा कितने मूल्य के मोटर टायरों की खपत हुई;

(ख) इस समय देश में किस्म-वार तथा कम्पनी वार कुल कितनी तथा कितने मूल्य की उत्पादन क्षमता है;

(ग) वर्तमान निर्माण कारखानों में अप्रयुक्त क्षमना कितनी है और उसका उपयोग न किये जाने के क्या कारण हैं;

(घ) मोटर टायरों की अत्यधिक कमी होने के क्या कारण हैं जिसके परिणामस्वरूप टायरों का काला बाजार जोरों पर चल रहा है; और

(ङ) इस कमी को पूरा करने के लिये गत वर्ष कितने तथा कितने मूल्य के टायर बाहर से मंगाये गये और किन देशों से मंगाये गये ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क), (ख), (ग) तथा (ङ). एक विवरण (अनुबन्ध 1) अंग्रेजी उत्तर के साथ संलग्न है। जिसमें उत्पादन क्षमता, विगत तीन कैलेण्डर वर्षों में विभिन्न प्रकार के मोटरगाड़ी टायरों का वास्तविक उत्पादन तथा मूल्य दिया गया है सभा-पटल पर रखा जाता है। [**पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल०टी०** 389/69] इसके साथ 1966-67, 1967-68 तथा 1968-69 (नवम्बर, 1968 तक) मोटर गाड़ियों के टायरों का किस्मवार आयात तथा निर्यात दिखाने वाला एक विवरण अंग्रेजी उत्तर के साथ संलग्न है (अनुबन्ध 2) भी सभा-पटल पर रखा जाता है। [**पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी०** 389/69] चूंकि टायरों का उत्पादन वास्तविक मांग से अधिक है अतः निर्धारित टायरों का मूल्य आयात के मूल्य से अधिक है। इसकी कुछ भी क्षमता अप्रयुक्त नहीं है।

(घ) स्कूटर, ट्रेक्टर तथा ट्रक टायरों की कुछ किस्मों को छोड़कर देश में टायरों और ट्यूबों का उत्पादन देश की मांग को पूरा करने में पर्याप्त है। फिर भी कमी वाले टायरों के अधिक मूल्य लेने की शिकायतें मिली थीं।

यह भी उल्लेखनीय है कि सरकार ने कमी को दूर करने के लिए कतिपय पग उठाए हैं जैसे अतिरिक्त उत्पादन के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करना तथा इनके विवरण का आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत विनियमन करना इनका टायरों के मूल्य के विनियमन में अच्छा प्रभाव पड़ा है।

महाराष्ट्र में लाइसेंस जारी करने के लिए विचाराधीन आवेदनपत्र

3410. **श्री देवराव पाटिल** : क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) महाराष्ट्र राज्य में उद्योग चालू करने के लिए लाइसेंस जारी करने के हेतु सरकार

के पास कितने आवेदनपत्र विचाराधीन हैं ; और

(ख) वे कब से अनिर्णीत पड़े हैं ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) और (ख). सूचना इकट्ठी की जा रही और सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।

स्कूटरों तथा मोटर कारों के मूल्यों में कर का अंश

3411. **श्री धुलेश्वर मीना** : क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत में विभिन्न किस्म के स्कूटरों (दो पहिये वाले तथा तीन पहिये वाले पृथक-पृथक) तथा मोटर साइकिलों में से प्रत्येक पर (एक) कच्चे माल, (दो) पूंजीगत सामान, (तीन) सहायक वस्तुओं आदि पर लगाये गये कर को ध्यान में रखते हुए इन वाहनों में प्रत्येक की कीमत में कर का अंश कितना है ;

(ख) इन वाहनों को बनाने वाले बाहरी देशों तथा इटली इंगलैंड पोलैंड चेकोस्लोवाकिया आदि के समान माडलों की तुलना में उपरोक्त किस्म के वाहनों में से प्रत्येक की कर-राशि कितनी कम अथवा अधिक है ;

(ग) क्या उपरोक्त वाहनों में कर-राशि विश्व के किसी देश की तुलना में अधिक समझी जाती है ; और

(घ) यदि हां, तो उपरोक्त वाहनों के मूल्यों को घटाने की दृष्टि से ऐसे करों को कम करने के लिये सरकार का विचार क्या कार्यवाही करने का है ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) आवश्यक सूचना इकट्ठी की जा रही है ।

(ख) विदेशों में इसी प्रकार की गाड़ियों पर लगने वाले कर की सूचना उपलब्ध नहीं है ।

(ग) और (घ). प्रश्न ही नहीं उठते ।

सांतरागाछी और औंदुल स्टेशनों के बीच रेलगाड़ियों की टक्कर

3412. **श्री अदिचन** : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 19 फरवरी, 1969 को दक्षिण-पूर्व रेलवे में सांतरागाछी और आंदुल स्टेशनों के बीच एक मालगाड़ी की मेचेदा यात्री गाड़ी के साथ टक्कर हुई थी ;

(ख) यदि हां, तो उसमें कितने व्यक्ति मारे गये थे और कितने घायल हुए थे ; और

(ग) इस दुर्घटना के क्या कारण थे ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी हां ।

(ख) तीन यात्रियों को मामूली चोटें आयीं । इसके अलावा, उपनगरीय गाड़ी में यात्रा करने वाले एक रेल कर्मचारी को सख्त चोट आयी और एक ठेकेदार का चौकीदार, जो सामान ढोने वाली गाड़ी पर यात्रा कर रहा था गिर पड़ा और गाड़ी के नीचे कुचल कर मर गया ।

(ग) रेल संरक्षा के अपर आयुक्त ने इस दुर्घटना की विधिक जांच की है । उनकी अंतिम रिपोर्ट के अनुसार यह दुर्घटना रेल कर्मचारियों की गलती से हुई थी ।

अमरावती के निकट बिना चौकीदार वाला रेलवे फाटक

3413. **श्री देवराव पाटिल** : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अमरावती उत्पादक सहकारी स्पिनिंग मिल्स लिमिटेड ने इस मिल से लेकर राष्ट्रीय राजपथ संख्या 6 तक एक पहुंच सड़क बनाई हैं ;

(ख) क्या यह सड़क केवल मिल के प्रयोग के लिये है और उसका प्रयोग वे केवल किसी खास समय पर ही करेंगे ;

(ग) क्या इस मिल ने रेलवे लाइन पर बिना चौकीदार वाले एक फाटक की व्यवस्था करने का सरकार से अनुरोध किया है ; और

(घ) यदि हां, तो इस पर सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) पहुंच मार्ग का केवल कुछ भाग ही पूरा हुआ है ।

(ख) यह सड़क विशिष्ट रूप से मिल के उपयोग के लिए है और इसे वह पूरे साल उपयोग करेगी ।

(ग) जी हां ।

(घ) वर्तमान नियमों के अनुसार सम्बन्धित खर्च अर्थात् प्रारम्भिक तथा अनुरक्षण का वार्षिक आवर्ती आदि दोनों खर्च सड़क प्राधिकारी/राज्य सरकार को वहन करना पड़ता है । अमरावती के जिला परिषद से अनुरोध किया गया है कि वह उपर्युक्त शर्तों के सम्बन्ध में अपनी मंजूरी दें और नक्शे तथा अनुमान तैयार करने के लिए 2000 रुपये जमा करें । जिला परिषद के उत्तर की प्रतीक्षा की जा रही है ।

Conductors posted in First Class Compartments

3414. **Shri G. C. Dixit :** Will the Minister of **Railways** be pleased to state :

(a) whether Government are aware that the Conductors posted in First Class Compartments of trains remain only in the large bogies having a number of cabins and not in those bogies having a few such cabins resulting in considerable inconvenience to passengers in contacting them at small stations ;

(b) if so, whether Government propose to insert such a bogie in the middle of the train so as to facilitate passengers in contacting the conductor ; and

(c) if not, the reasons therefor ?

The Minister of Railways (Dr. Ram Subhag Singh) : (a) Although Conductors are normally provided a seat in the Guard's brakevan, they are required to look after the comforts of all classes of passengers. For this purpose, they attend to all coaches on the train and move about on the platform when the train is halting at a station. Conductors are required to wear distinctive arm-bands so that passengers can locate them without difficulty and seek assistance. These arrangements should enable passengers to contact the Conductor at stopping stations.

(b) In view of the reply to part (a), this is not considered necessary.

(c) The present arrangements being adequate, a change is not warranted.

Issue of Tickets to 1st Class passengers and V. I. Ps. from Khandwa

3415. **Shri G. C. Dixit :** Will the Minister of **Railways** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the 1st Class passengers and V. I. Ps. are not issued tickets for themselves and for their attendants from Khandwa, a prominent place of the district, and from Burhanpur, a prominent historical and industrial city to Bhopal, Jhansi, Delhi, jabalpur, Allahabad etc. for Punjab Mail, Calcutta Mail and other trains ; and

(b) whether Government propose to withdraw the restrictions which are causing much inconvenience to the passengers ?

The Minister of Railways (Dr. Ram Subhag Singh) : (a) No.

(b) In view of the answer to part (a), the question does not arise.

दिल्ली-रोहतक रेलवे खण्ड (सेक्शन)

3416. **श्री अब्दुल गनी दार :** क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली-रोहतक रेलवे खण्ड (सेक्शन) को एक मालगाड़ी सेक्शन में परिवर्तित कर दिया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इसके लिये ब्योरेवार औचित्य तथा कारण क्या हैं ;

(ग) इस परिवर्तन से कितनी यात्री गाड़ियों पर प्रभाव पड़ा है ; और

(घ) क्या यह भी सच है दिल्ली-जीन्द सेक्शन पर लगभग सभी अप तथा डाउन गाड़ियों पर प्रभाव पड़ा है और वे विलम्ब से और सामान्य समय से बहुत पीछे चल रही हैं ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी नहीं ।

(ख) और (घ). सवाल नहीं उठता ।

दिल्ली-रोहतक सेक्शन पर गाड़ियों के प्रस्थान के समय को गलत दर्ज करना

3417. **श्री अब्दुल गनी दार :** क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि ड्यूटी पर काम कर रहे नियंत्रक की कार्यकुशलता और उत्तर

रेलवे की गाड़ियों को समय पर चलने वाली दिखाने के लिये यात्री गाड़ियों के प्रस्थान के समय को स्टेशनों पर दर्ज किया जाता है ;

(ख) दिल्ली-रोहतक सेक्शन पर गाड़ियों के विलम्ब से चलने और प्रस्थान के समय को गलत दर्ज करने के बारे में अब तक कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं ;

(ग) उन पर क्या कार्यवाही की गई है ;

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ङ) इस प्रवृत्ति को रोकने के लिये क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी नहीं।

(ख) पिछले एक वर्ष में गाड़ियों के देर से चलने की 52 शिकायतें और गाड़ियों के छूटने के गलत समय दर्ज करने के सम्बन्ध में 3 शिकायतें मिली थीं।

(ग) से (ङ). जांच करने पर पता चला है कि गाड़ियों के छूटने के गलत समय दर्ज करने के सम्बन्ध में शिकायतें सही नहीं हैं।

गाड़ियों के देर से चलने के सम्बन्ध में भी शिकायतों की जांच की गयी थी।

दिल्ली-रोहतक खण्ड पर कुछ सवारी गाड़ियों का समय पालन सन्तोषजनक नहीं रहा है जिसका प्रधान कारण यह है कि यह इकहरी लाइन खण्ड अत्यन्त व्यस्त है। इस खण्ड पर सवारी गाड़ियों के ठीक समय पर चलने के सम्बन्ध में कड़ी निगाह रखी जा रही है और उनका ठीक समय पर चलना सुनिश्चित करने के लिए हर सम्भव प्रयास किया जा रहा है। पिछले कुछ महीनों में इन गाड़ियों के समय पालन में कुछ सुधार दिखायी पड़ा है।

दिल्ली-रोहतक सेक्शन की पटरी

3418. **श्री अब्दुल गनी दार :** क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली-रोहतक सेक्शन की वर्तमान पटरी पर तेज चलने वाली रेल गाड़ियां नहीं चल सकती हैं ;

(ख) यदि हां, तो इस लाइन में सुधार करने के लिये क्या कार्यवाही किये जाने की संभावना है ताकि यात्री गाड़ियों को आने-जाने में कम समय लगे ; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) दिल्ली-रोहतक खण्ड पर अधिकतम अनुमेय रफ्तार 100 किलोमीटर प्रति घंटा है और इस खण्ड के रेल-पथ की स्थिति इस रफ्तार के लिए ठीक है।

(ख) और (ग). सवाल नहीं उठता।

रेलवे वर्कशाप में प्रशिक्षण के लिये स्नातक इंजीनियरों (मैकेनिकल) की भर्ती

3419. **श्री तेन्नेटि विश्वनाथन** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चालू लाइन संगठनों तथा प्रत्येक क्षेत्रीय रेलवे वर्कशाप में प्रशिक्षण के लिये प्रशिक्षुओं के रूप में प्रति वर्ष कितने नये स्नातक इंजीनियर (मैकेनिकल) भर्ती किये जाते हैं ;

(ख) ऐसे प्रशिक्षणार्थियों की अपेक्षित अर्हताएं क्या हैं और प्रशिक्षण की अवधि कितनी है ;

(ग) कितनी राशि के वजीफे दिये जाते हैं ;

(घ) चयन की प्रक्रिया क्या है (परीक्षा अथवा साक्षात्कार) ;

(ङ) वर्ष 1969 में आगामी परीक्षाएं/चयन किन तारीखों को किये जायेंगे और ऐसी परीक्षाओं/चयन को विज्ञापित करने की प्रक्रिया क्या है ; और

(च) रेलवे वर्कशापों तथा रेलवे के अधीन चालू लाइन संगठनों में प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार देने की कितनी संभावनायें हैं ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) से (च). नियमों के अनुसार, यांत्रिक कारखानों में 335-425 रु० के पदक्रम में 295 प्रतिशत रिक्त स्थानों को भरने के लिये किसी मान्यता-प्राप्त विश्वविद्यालय से यांत्रिक इंजीनियरिंग या इसके समकक्ष उपाधिधारी उम्मीदवारों की सीधी भर्ती की जाती है। प्रतिवर्ष भर्ती होने वाले व्यक्तियों की संख्या रिक्त स्थानों की संख्या के अनुसार बदलती रहती है। खर्च में कमी की आवश्यकता और फालतू होने वाले कर्मचारियों को समाहित करने की आवश्यकता को देखते हुए अत्यन्त आवश्यक होने पर ही भर्ती की जाती है और वह भी कम से कम संख्या तक सीमित रहती है। इसलिए, पहले से ठीक-ठीक बतलाना सम्भव नहीं है कि कितने व्यक्तियों की नयी भर्ती की जायेगी।

नये भर्ती होने वालों को 12 महीने का प्रशिक्षण दिया जाता है और प्रशिक्षण की अवधि में 335 रु० मासिक वजीफा दिया जाता है।

पहले रेलों द्वारा स्वयं प्रवरण किया जाता था लेकिन हाल में यह काम रेल सेवा आयोगों को सौंप दिया गया है। जैसे और जब कुछ भर्ती करने का विचार होगा, सम्बद्ध रेल सेवा आयोगों द्वारा देश के प्रमुख पत्रों में विज्ञापन दिये जायेंगे क्योंकि ये पद अखिल भारतीय आधार पर भरे जाते हैं। प्रवरण साक्षात्कार या परीक्षा और साक्षात्कार द्वारा किया जाता है।

संविधान में संशोधन

3420. **श्री रा० की० अमीन** :

श्री श्रीचन्द गोयल :

क्या **विधि तथा समाज कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अखिल भारतीय महिला सम्मेलन के सैंतीसवें अधिवेशन में

संविधान का संशोधन करने की बढ़ती हुई प्रकृति पर गम्भीर चिन्ता व्यक्त की गयी थी जिससे मूल अधिकार न्यून किए जा रहे हैं ; और

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

विधि मंत्रालय तथा समाज कल्याण विभाग में उपमंत्री (श्री मु० यूनस सलीम) : (क) जी हां ।

(ख) मूल अधिकारों को जो न्यून करती हों ऐसी कोई भी प्रस्थापनाएं सरकार के सामने नहीं हैं । संविधान के भाग 3 का संशोधन करने की सामर्थ्य प्रदान करने वाला एक गैर-सरकारी विधेयक भी लोक सभा में लम्बित है जिसका सरकार ने समर्थन किया है । इस विधेयक का उद्देश्य ही यह है कि मूल अधिकारों को न्यून न किया जाए ।

बिहार में बेगुसराय तथा खगरिया के स्कूलों तथा कालेजों में पढ़ने वाले अनुसूचित जातियों के छात्र

3421. **श्री कामेश्वर सिंह** : क्या **विधि तथा समाज कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बिहार के बेगुसराय तथा खगरिया सब-डिवीजनों में स्थित विभिन्न स्कूलों तथा कालेजों में अनुसूचित जातियों के कितने छात्र पढ़ रहे हैं ; और

(ख) बिहार में खगरिया तथा बेगुसराय सब-डिवीजनों में चालू वर्ष में फरवरी, 1969 तक कुल कितने व्यक्तियों ने आवेदनपत्र दिये थे और कितने छात्रों को छात्रवृत्ति तथा वजीफा दिया गया है ?

विधि मंत्रालय और समाज कल्याण विभाग में राज्यमंत्री (डा० (श्रीमती) फूलरेणु गुह) :

(क) और (ख). बिहार सरकार से ब्योरा एकत्रित किया जा रहा है तथा मिलने पर सभा-पटल पर रख दिया जाएगा ।

हरयाणा और हिमाचल प्रदेश में लघु उद्योग का विकास

3422. **श्री हेमराज** : क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि लघु उद्योग विकास आयोग ने हिमाचल प्रदेश संघ राज्य क्षेत्र तथा हरयाणा राज्य का हाल ही में दौरा किया था ;

(ख) यदि हां, तो संघ राज्य क्षेत्र हिमाचल प्रदेश तथा हरयाणा राज्य में लघु उद्योगों के विकास के बारे में उसने क्या मूल्यांकन किया है ; और

(ग) क्या उनकी सिफारिशों की एक प्रति सभा-पटल पर रखी जायेगी ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) से (ग). लघु उद्योग विकास संगठग के अधिकारियों के एक दल ने एक सर्वेक्षण किया है और हरियाणा राज्य के हिसार जिले में औद्योगिक विकास की सम्भावनाओं के सम्बन्ध में रिपोर्ट दी हैं। करनाल जिले के बारे में एक इसी प्रकार की रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश में इस प्रकार का कोई भी सर्वेक्षण नहीं किया गया। इन रिपोर्टों का प्रमुख उद्देश्य राज्य सरकारों की सहायता करना है जिससे वे इस सम्बन्ध में आवश्यक समझी जाने वाली कार्यवाई कर सकें इसलिए रिपोर्ट की प्रति सभा-पटल पर रखने का विचार नहीं है।

Reservation of Seats for S. C. and S. T. in Certain Union Territories

3423. **Shri Molahu Prasad** : Will the Minister of **Law and Social Welfare** be pleased to refer to the reply given to part (c) of Unstarred Question No. 699 on the 14th November, 1968 and state :

(a) the reasons for non-availability of information regarding allotment of reserved seats for scheduled tribes in Uttar Pradesh, Delhi and Himachal Pradesh and for scheduled castes in Manipur with the Election Commission and the Department of Law and the steps taken so far to collect this information ?

The Deputy Minister in the Ministry of Law and the Department of Social Welfare (Shri M. Yunus Saleem) : (a) The required information is given below :

Name of State/Union Territory	Number of seats reserved for the Schedule Castes	Numbar of Seats reserved for the Schedule Tribes
1	2	3
Uttar Pradesh	18	..
Delhi	1	..
Himachal Pradesh	1	..
Manipur	..	1

Payment for the Construction of Election Booths in U. P. during General Elections 1967

3424. **Shri Molahu Prasad** : Will the Minister of **Law and Social Welfare** be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 5123 on the 19th December, 1968 regarding payment for the construction of Election Booths in Uttar Pradesh during General Elections, 1967 and state :

(a) whether the required information has since been collected ; and

(b) if so, the details thereof and if not, the reasons for the delay ?

The Deputy Minister in the Ministry of Law and the Department of Social Welfare (Shri M. Yunus Saleem): (a) Yes, Sir.

(b) Payment to all the Lekhpals of Uttar Pradesh has been made for constructing the booths during the General Elections, 1967 except in the following cases :—

(i) Out of 32 Lekhpals of Pithoragarh district, one Lekhpal of Patti Kharyat, Tehsil, Pithoragarh, has not been paid the amount due to him. The Lekhpal preferred the claim one year late. The claim had to be sent to the Accountant General, Uttar Pradesh for pre-audit. It is with the Accountant General, Uttar Pradesh, Allahabad for this purpose.

(ii) Out of 329 Lekhpals of Shahjahanpur district, 29 Lekhpals of Tilhar Circle Tahsil Tilhar, 30 Lekhpals of Nigohi Circle, Tahsil Tilhar, and 28 Lekhpals of Khera Bajhera Circle, Tahsil Tilhar have not been paid the amount due in full. Some advance has been distributed among the Lekhpals. The final accounts were received very late from the Tahsils and hence it became due for pre-audit. The bill alongwith vouchers has been sent to the Accountant General, Uttar Praderh, Allahabad for pre-audit.

The payment will be made to the Lekhpals as soon as the bills are received from the Accountant General, Uttar Pradesh, Allahabad, after pre-audit.

नागरकोइल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में उपनिर्वाचन

3425. **श्री श्रीचन्द्र गोयल :**
श्री चेंगलराया नायडू :

क्या **विधि तथा समाज कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि तामिलनाडु राज्य में नागरकोइल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में उप निर्वाचन के सम्बन्ध में हो रहे प्रचार कार्य के सिलसिले में कुछ अप्रिय घटनायें घटी थीं ;

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में कितने व्यक्ति मारे गये और कितने गिरफ्तार किये गये थे ; और

(ग) भविष्य में निर्वाचनों में ऐसी अप्रिय घटनाएं न होने देने के लिए क्या कार्यवाही करने की प्रस्थापना है ?

विधि मंत्रालय तथा समाज कल्याण विभाग में उपमंत्री (श्री मु० यूनस सलीम) : (क) तामिलनाडु राज्य के नागरकोइल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतदान से पूर्व की कालावधि के दौरान निर्वाचन आयोग में कुछ शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिनमें हिंसा, उपद्रव, अन्धाधुन्ध गिरफ्तारियों आदि के आरोप लगाए गए थे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त स्वयं नागरकोइल गए और उन्होंने मतदान के ठीक पूर्व और पश्चात् चार दिन तक निर्वाचन क्षेत्र का दौरा किया। मतदान के दिन वे अनेक मतदान केन्द्रों (जिनकी संख्या लगभग 35 थी) में गए और उनके साथ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, स्वतंत्र पार्टी और भारत की कम्युनिस्ट पार्टी के प्रतिनिधि भी थे।

उनके परिदर्शन की कालावधि भर, मतदान के दिन और मतदान के पश्चात् कोई मुठभेड़ या घटनाएं नहीं हुईं। राजनीतिक दलों के निर्वाचन लड़ने वाले नेताओं ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि मतदान, निर्वाध, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण रीति में संचालित किया गया।

(ख) निर्वाचन आयोग को उपलब्ध जानकारी के अनुसार तथाकथित घटनाओं के कारण कोई मृत्यु नहीं हुई थी। किन्तु समाचारपत्रों में यह संवाद प्रकाशित हुआ था कि केवल एक दल के एक कार्यकर्ता को छुरा मार दिया गया जिसके परिणामस्वरूप वह बाद में मर गया। किन्तु स्थानीय प्राधिकारियों से जांच करने पर यह पता चला कि इस घटना के पीछे जो कारण थे उनका सम्बन्ध निर्वाचन सम्बन्धी झगड़े या हिंसा से इतना नहीं था जितना व्यक्तिगत शत्रुता और झगड़े से। इन घटनाओं के परिणामस्वरूप की गई गिरफ्तारियों के सम्बन्ध में आयोग के पास जानकारी उपलब्ध नहीं है।

(ग) निर्वाचन आयोग ने निर्वाचनों के अवसर पर राजनीतिक दलों तथा अभ्यर्थियों के लिए एक आचार-संहिता तैयार की है जिसमें हिंसा और उपद्रव का किसी भी मूल्य पर त्याग करने की आवश्यकता पर बल दिया गया है। सम्पृक्त दलों द्वारा संहिता के उचित पालन और निर्वाचन-कालावधि के दौरान विधि और व्यवस्था बनाये रखने पर और अधिक ध्यान देने से अप्रिय घटनाओं का निवारण करने में सहायता मिलेगी।

सराय रोहिल्ला स्टेशन (दिल्ली) में अनैतिक पण्य

3426. **श्री ए० श्रीधरन :**

श्री क० लकप्पा :

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सराय रोहिल्ला स्टेशन, दिल्ली में स्त्रियों में अनैतिक पण्य के मामलों की सरकार ने जांच की है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) और (ख). इस सम्बन्ध में की गयी जांच से पता चला है कि दिल्ली सराय रोहिल्ला स्टेशन पर महिलाओं में अनैतिक पण्य का कोई मामला नहीं हुआ। लेकिन, रिपोर्ट मिली है कि जनवरी, 1969 में समीपवर्ती सिविल कालोनी में वेश्या-वृत्ति के लिए सौदेबाजी की घटना हुई थी, जिसे दिल्ली सराय रोहिल्ला के पुलिस स्टेशन ने भारतीय दण्ड संहिता की धारा 294 और एस० आई० टी० एक्ट की धारा 8 के अधीन, प्रथम मामला रिपोर्ट सं० 6 के रूप में, दर्ज कर लिया। मामले में आपत्ति की जा चुकी है।

बैटरियों के दाम

3427. **श्री गाडिलिंगन गौड़ :** क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि विभिन्न प्रकार के बैटरियों का मूल्य हाल ही में बढ़ गये हैं ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या बैटरियों के मूल्य को बढ़ने से रोकने के लिए कोई उपाय करने का सरकार का विचार है ; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) और (ख). सिर्फ टार्च और ट्रान्जिस्टरों में प्रयोग में आने वाली सूखी बैटरियां को "आवश्यक सामग्री" घोषित कर दिया गया है। इस उद्योग की मूल्य संबंधी प्रवृत्ति पर सरकार की निगाह है। अक्तूबर/नवम्बर, 1968 में दो उत्पादकों ने कच्चे माल को महंगाई तथा श्रम पर किए गए खर्च के बढ़ने के कारण कुल प्रकार की ट्रांजिस्टर बैटरियों की कीमतें बढ़ा दी हैं।

(ग) और (घ). जब कीमतों में काफी बढ़ोत्तरी होने लगेगी तब ही कीमतों को स्थिर रखने के लिए कदम उठाए जायेंगे।

रूरकेला उर्वरक कारखाना

3428. **श्रीमती इला पालचौधरी :** क्या **इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या काने समिति की सिफारिशों के आधार पर रूरकेला उर्वरक कारखाने के कार्यसंचालन को सुधारने के लिये हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड द्वारा कोई कार्यवाही की गई है ; और

(ख) यदि हां, तो इसका ब्योरा क्या है ?

इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कृष्ण चन्द्र पन्त) : (क) जी, हां।

(ख) समिति की कुछ महत्वपूर्ण सिफारिशों को जिस रूप में सरकार ने स्वीकार किया था और जिन पर हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड ने कार्यवाही करनी आरम्भ कर दी है निम्नलिखित है :—

(i) राउरकेला इस्पात कारखाने की स्लैब री-हीटिंग फर्नेसिज में 'आयल फायरिंग उपकरण को लगाना' जिससे उर्वरक कारखाने को प्रति घन्टा कोक भट्ठियों से 45,500 Nm^3 गैस की सप्लाई हो सके ।

(ii) वर्तमान 'स्क्रू कम्प्रैसर्स' में से एक को बदलना जिसको मरम्मत पर अधिक खर्च आने की सम्भावना है तथा निवारक संधारण के लिये प्रभावशाली उपाय और बड़े पैमाने की मरम्मतों के लिए मानदण्डों की स्थापना ।

(iii) सोडियम कार्बोनेट के घोल के स्थान पर पोटासियम कार्बोनेट के घोल का उपयोग जिससे उर्वरक कारखाने को जाने वाली गैस में हाइड्रोजन सलफाइड की मात्रा कम हो जाय और उपकरणों का संक्षारण कम हो ।

(iv) एक आन्तरिक समिति की नियुक्ति जो 'अन्त: —संयंत्र मूल्यन नीति' बनाये जिससे उर्वरक कारखाने से कच्चे माल और सेवाओं के लिए किए जाने वाले खर्च को युक्तिसंगत आधार पर निश्चित किया जा सके ।

Terminal Facilities at Hapur Station

3429. **Shri Narain Swarup Sharma :** **Shri Om Prakash Tyagi :**
Shri Ram Swarup Vidyarthi : **Kumari Kamala Kumari :**
Shri Bal Raj Madhok :

Will the Minister of **Railways** be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 4760 on the 17th December, 1968 and state :

(a) whether the proposal for providing additional terminal facilities at Hapur Station has since been examined ;

(b) if so, the decision of the Government in regard thereto ; and

(c) the action proposed to be taken in this regard ?

The Minister of Railways (Dr. Ram Subhag Singh) : (a) to (c). The proposal for providing additonal terminal facilities at Hapur station is still under examination.

Heavy Engineering Corporation

3430. **Shri Narain Swarup Sharma :** **Shri Om Prakash Tyagi :**
Shri Ram Swarup Vidyarthi : **Kumari Kamala Kumari :**
Shri Bal Raj Madhok : **Shri Maharaj Singh Bharati :**

Will the Minister of **Steel and Heavy Engineering** be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 4777 on the 17th December, 1968 and state :

(a) whether the question of fixation of prices of the machines manufactured by the Heavy Engineering Corporation has been considered ; and

(b) if so, the outcome thereof ?

The Minister of State in the Ministry of Steel and Heavy Engineering (Shri K. C. Pant) : (a) and (b). The matter is still under examination.

Report of the Steering Committee on Steel Production

3431. **Shri Maharaj Singh Bharati :** Will the Minister of **Steel and Heavy Engineering** be pleased to state :

(a) the details of the report submitted by the Steering Committee in connection with the production consumption and export of Steel during the Fourth Five Year Plan ; and

(b) whether Government have accepted this report ?

The Minister of State in the Ministry of Steel and Heavy Engineering (Shri K. C. Pant) : (a) The Steering Group on Iron and Steel has now submitted its Draft Report on the Fourth and Fifth Plans. It has been indicated in the report that the domestic demand, and likely exports of steel at the end of the Fourth Plan period (1973-74) would be of the following order :

	(in million tonnes of finished steel)
Domestic demand	7.12
Exports	1.30
Total demand	8.42

It has been proposed that the production of finished steel by the end of the Fourth Plan should be so planned as to meet the above total demand.

(b) The draft report of the Steering Groups is at present under consideration of the Government.

पंजाब में सरकारी क्षेत्र की परियोजनाएं

3432. **श्री श्रीचन्द्र गोयल :** क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पंजाब सरकार ने अपनी चौथी पंचवर्षीय योजना के लिये सरकारी क्षेत्र में कौन-कौन सी बड़ी परियोजनाओं की मांग की है ;

(ख) क्या वे व्यवहार्य पाई गई हैं और सरकार ने उन पर विचार किया है ; और

(ग) सरकार ने कितनी परियोजनाओं को स्वीकार किया है ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) पंजाब सरकार ने केन्द्रीय सरकार की किसी विशेष योजना को पंजाब में लगाए जाने का कोई विशिष्ट प्रस्ताव नहीं किया है। किन्तु उन्होंने यह सामान्य अनुरोध किया है कि चतुर्थ पंचवर्षीय योजना में केन्द्री सरकार की औद्योगिक परियोजनाओं में किए जाने वाले पूंजी निवेश के बहुत बड़े भाग का आंवटन इस राज्य को होना चाहिए। राज्य सरकार इस समय पंजाब औद्योगिक विकास निगम के माध्यम से राज्य में कई औद्योगिक परियोजनाओं को स्थापित करने पर विचार कर रही है किन्तु आशय यह प्रकट होता है कि औद्योगिक परियोजना

के स्थापनोपरान्त औद्योगिक निगम की आधे से कम अंश अपने पास रखेगा ।

(ख) तथा (ग). चौथी पंचवर्षीय योजना इस समय तैयार की जा रही है । पंजाब में इस अवधि में लगाई जाने वाली औद्योगिक परियोजनाओं के बारे में अभी कोई निर्णय नहीं किया गया है ।

चण्डीगढ़ में सरकारी क्षेत्र की परियोजनाएं

3433. **श्री श्रीचन्द गोयल** : क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चंडीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासन ने अपनी चौथी पंचवर्षीय योजना के लिए सरकारी क्षेत्र में किन्हीं परियोजनाओं की मांग की है ;

(ख) यदि हां, तो सरकार ने किन-किन परियोजनाओं पर विचार किया है ; और

(ग) सरकार ने किन-किन परियोजनाओं की स्वीकृति दी है ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद (क) जी, नहीं ।

(ख) और (ग). प्रश्न ही नहीं उठते ।

भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड

3434. **श्री गाडिलिंगन गौड** : क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत हैवी इलैक्ट्रिकल्स लिमिटेड उसके द्वारा बनाई जा रही वस्तुओं के निर्माण के लिए कच्चे माल का आयात करती है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) 31 दिसम्बर, 1968 तक कुल कितना कच्चा माल आयात किया गया और उससे कितने मूल्य की वस्तुएं निर्मित की गईं ;

(घ) क्या सरकार का विचार देसी कच्चा माल उपलब्ध करके आयात कम करने का है ; और

(ङ) यदि हां, तो इस दिशा में सरकार ने क्या उपाय किए हैं ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) तथा (ख). जी हां । कुछ कच्चा माल जो कि इस समय देश में उपलब्ध नहीं है को इस समय वस्तुओं के निर्माण के लिए आयात किया जा रहा है ।

आंध्र प्रदेश में औद्योगिक बस्तियां

3435. **श्री गाडिलिंगन गौड :** क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आंध्र प्रदेश में, जिलावार 1966 से 31 दिसम्बर, 1968 तक की अवधि में कितनी औद्योगिक बस्तियां स्थापित की गईं ; और

(ख) इस प्रयोजन के लिए इस राज्य को उक्त अवधि में कितनी राशि की केन्द्रीय सहायता दी गई ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) 1 अप्रैल, 1966 से 30 सितम्बर, 1968 तक की अवधि की जानकारी प्राप्त है, इस अवधि में हैदराबाद जिले में एक औद्योगिक बस्ती स्थापित की गई है ।

(ख) 1966-67 और 1967-68 में क्रमशः 13.50 लाख रुपए और 5.60 लाख रुपए की राशि तक के ऋण राज्य को स्वीकृत किए गए । 1968-69 के लिए सहायता की स्वीकृति, प्रथम तीन तिमाहियों के वास्तविक खर्चे तथा चतुर्थ तिमाही के अनुमानित खर्चे के आधार पर मार्च, 1969 में स्वीकृत की जाएगी ।

गुजरात में कम्पनियों को ऋण

3436. **श्री नरेन्द्र सिंह महीडा :** क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1963 से 1968 तक की अवधि में गुजरात में औद्योगिक विकास के लिए किन-किन फर्मों तथा कम्पनियों को कितना-कितना ऋण दिया गया ;

(ख) क्या यह सच है कि अनेक एककों ने ऋण प्राप्त करने के बावजूद औद्योगिक एकक स्थापित नहीं किए ;

(ग) यदि हां, तो उनके नाम क्या है ; और

(घ) इस मामले में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) से (घ). जानकारी एकत्रित की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायगी ।

गुजरात में सीमेंट परियोजनाएं

3437. **श्री नरेन्द्र सिंह महीड़ा :** क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय सीमेंट निगम ने गुजरात में कितनी सीमेंट परियोजनाओं की जांच की है

और सरकार ने कितनी सिफारिशों को कार्यान्वित किया है ;

(ख) सिफारिश की गई परियोजनाएं गुजरात में कहां-कहां शुरू की जाएंगी ।

(ग) राज्य में सीमेंट परियोजनाओं की स्थापना के लिए भारतीय सीमेंट निगम ने गुजरात सरकार को क्या रियायतें दी है ;

(घ) क्या यह सच है कि सरकार ने कमी वाले क्षेत्रों को अधिमान देने का समर्थन किया है ; और

(ङ) यदि हां, तो ऐसी परियोजनाओं की स्थापना के लिए गुजरात के किन कमी वाले क्षेत्रों पर विचार किया गया है ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) निगम ने गुजरात में कोई विस्तृत जांच नहीं की है और सरकार की स्वीकृति के लिए कोई सिफारिशें प्रस्तुत नहीं की है । फिर भी, निगम ने सूरत, पंचमहल, सावरकान्त, भावनगर, अमरेली, जूनागढ़ और जामनगर जिलों में चूने के पत्थर के आगारों की टोह लगाई है ।

(ख) कुछ नहीं ।

(ग) कुछ नही ।

(घ) विचाराधीन प्रयोजनाएं जो कमी वाले क्षेत्रों में हैं उनको अन्य की अपेक्षा सामान्य रूप से वरीयता प्रदान की जाएगी ।

(ङ) सीमेंट संभरण की दृष्टि से गुजरात क्षेत्र कमी वाला क्षेत्र नहीं है ।

गुजरात में उद्योग

3438. **श्री नरेन्द्र सिंह महीडा** : क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1968-69 में गुजरात में कितने तथा कौन-कौन से उद्योग स्थापित करने का प्रस्ताव है; और

(ख) उक्त अवधि में गुजरात को कितनी वित्तीय सहायता देने का प्रस्ताव है ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) गुजरात सरकार से वर्ष 1968 के प्राप्त वार्षिक योजना प्रस्तावों पर उद्योग तथा खनिज संबंधी कार्यकारी दल ने विचार किया था तथा बड़ी और मध्यम श्रेणी की औद्योगिक योजनाओं पर 432.80 लाख रुपये के व्यय की सिफारिश की। राज्य सरकार ने वर्ष 1968-69 में इन योजनाओं के लिये 400 लाख रुपये की बजट व्यवस्था की जिसके अलग-अलग आंकड़े नीचे बताए गये हैं :

बड़े तथा मध्यम श्रेणी के उद्योग		(लाख रुपये में)
1.	औद्योगिक रसायन प्रयोगशाला का विस्तार	0.50
2.	औद्योगिक अनुसंधान तथा मार्ग दर्शन संयंत्र	0.50
3.	परियोजना रिपोर्ट तैयार करना	0.20
4.	गुजरात औद्योगिक विकास निगम	65.00
5.	गुजरात औद्योगिक विनियोजन निगम	45.00
6.	गुजरात राज्य उर्वरक कं० लि०	275.00
7.	न बिके हुए अंशों को खरीदने की व्यवस्था करना	12.80
8.	निर्यात संवर्धन	1.00
	योग	400.00

(ख) औद्योगिक योजनाओं के लिये सहायता देने का योजना पर कोई भी नमूना नहीं है फिर भी वार्षिक योजना के अन्तर्गत विविध विकास योजनाओं के लिये ऋण की सहायता राज्य सरकार द्वारा औद्योगिक तथा अन्य योजनाओं की वित्त व्यवस्था करने के लिए किया जा सकता है। विविध विकास ऋण निधि में से वर्ष 1968-69 में औद्योगिक योजनाओं के लिए इस्तेमाल की गई वास्तविक राशि के संबंध में राज्य सरकार से सूचना प्राप्त की जा रही है और प्राप्त हो जाने पर सभा-पटल पर रख दी जायेगी।

कोसीपुर रोड के गोदाम में पटसन की गांठों का जमा हो जाना

3439. **श्री म० ला० सोंधी :** क्या **रेलवे** मंत्री कोसीपुर रोड के गोदाम में पटसन की गांठों के जमा होने सम्बन्धी 10 दिसम्बर, 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4073 के भाग (ग) के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि उन व्यक्तियों के नाम क्या है जिन्होंने माल तुरन्त नहीं उठाया ?

रेलवे मंत्री (डा० रामसुभग सिंह) : जो परेषिती तुरन्त अपना माल उठाने में असफल रहे उनकी एक सूची सभा-पटल पर रख दी गयी है। [**पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी०** 390/69]

Reserved Quota of S. C. and S. T. in Selection Grade

3440. **Shri Molahu Prasad :** Will the Minister of **Railways** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that according to the Railway Board's Letter No. E/ASCIT (AM) 102 dated the 27th September, 1968 the Eastern Railway had not appointed the Running Staff personnel against the reserved quota of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes in the Selection grade ; and

(b) if not, the reosons therefor ?

The Minister of Railways (Dr. Ram Subhag Singh): (a) and (b). Presumably the M. p. is refering to letter No. E (SCT) 68 CM 15/10 dated the 27th August, 1968 in which certain instructions for the provision of reservation quota for Scheduled Castes and Scheduled Tribes in promotion were issued. In accordance with these instructions, the Eastern Railway have empanelled one Scheduled Caste employee for the post of Driver grade 'A' and 12 Scheduled Caste employees for the post of Drivers, Grade 'B'.

Train Clerks

3441. **Shri Molahu Prasad:** Will the Minister of **Railways** be pleased to state:

(a) the number of posts of Chief Train Clerks in the Grade of Rs. 250-380, Chief Train Clerks in the grade of Rs. 205-280, Senior Train Clerks in the grade of Rs. 150-240 and Train Clerks in the grade of Rs. 110-180 in the Gonda Divisional Office of the North-Eastern Railway;

(b) whether all these grades have been given to the Clerks at all the places; and

(c) if not, the reasons therefor?

The Minister of Railways (Dr. Ram Subhag Singh): (a) The number of posts of Trains Clerks in the Gonda District of North-Eastern Railway is as follows:

Designation	Scale	No.
Chief Trains Clerk	Rs. 250-380	2
Head Trains Clerk	Rs. 205-280	3
Senior Trains Clerk	Rs. 150-240	45
Trains Clerk	Rs. 110-180	70

(b) and (c). The posts of Chief Trains Clerks in grade Rs. 250-380 are provided where justified on the basis of worth of charge. On this basis, this grade has been provided in Gonda, Sonepur, Samastipur and Varanasi Districts. Train-Clerks in the other grades have been provided in all the Districts.

अप्रयुक्त लाइसेंस

3442. **श्री रा० की० अमीन :** क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जारी किये गये लाइसेंसों में बहुत से लाइसेंसों का उपयोग नहीं किया गया;

(ख) यदि हां, तो इसका ब्योरा क्या है; और

(ग) इन लाइसेंसों के उपयोग सुनिश्चित करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) जी, हां।

(ख) उद्योग (विकास तथा विनियमन) अधिनियम, 1951 के अधीन 31 दिसम्बर,

1968 तक 11,486 लाइसेंस जारी किये गये हैं। इनमें से 1954 लाइसेंस कार्यान्वित न किये जाने के कारण अब तक रद्द कर दिये गये हैं। शेष लाइसेंस या तो कार्यान्वित किये जा चुके हैं या कार्यान्वित किये जा रहे हैं। जारी किये गये और रद्द किये गये लाइसेंसों का ब्योरा 'वीकली बुलेटिन आफ इण्डस्ट्रियल लाइसेंसेज, इम्पोर्ट लाइसेंसेज एण्ड एक्सपोर्ट लाइसेंसेज, वीक्ली इण्डियन ट्रेड जर्नल तथा मंथली जर्नल आफ इण्डस्ट्री ऐण्ड ट्रेड' में प्रकाशित किया जाता है। इन जर्नलों की प्रतियां संसद् पुस्तकालय को भेजी जाती हैं।

(ग) लाइसेंस जारी करने तथा औद्योगिक उपक्रम की वास्तविक स्थापना करने के बीच हमेशा कुछ समय का अंतर रहता है। सरकार लाइसेंस को कार्यान्वित किये जाने पर प्रगति विवरणों की प्रणाली के द्वारा निगरानी रखती है जिसे प्रत्येक लाइसेंस प्राप्तकर्त्ता को प्रति छः मास में तब तक भेजने पड़ते हैं जब तक उपक्रम स्थापित नहीं हो जाता। यदि प्रगति संतोषजनक न होने पर लाइसेंसों को रद्द करने के लिये कार्रवाई की जाती है।

सेरामिक्स की कमी

3443. **श्री रा० की० अमीन** : क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इलैक्ट्रिकल उद्योगों के लिये विशेषीकृत पेरामिक्स जैसे एल० टी० स्विचगीयर के लिये प्रैस्ड पोर्सिलेन और स्टीटाइट और बड़े ब्रशिंग्स के लिये हाई वोल्टेज पोर्सिलेन की कमी है;

(ख) यदि हां, तो क्या गुजरात राज्य में ये वस्तुएं बनाने के लिये काफी गुंजायश है; और

(ग) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद): (क) देश में प्रैस्ड पोर्सिलीन की कोई कमी नहीं है। इसके अतिरिक्त एल० टी० स्विचगियर के लिये स्टिटाइट का हाल ही में बम्बई की एक फर्म द्वारा विकास किया गया है। फिर भी 66 के० वी० से अधिक के हाई वोल्टेज पोर्सिलीन ब्रुशिंग्स का आयात करने की अनुमति दी जा रही है। क्योंकि इस प्रकार के ब्रुशिंग्स का देश में उत्पादन नहीं होता। इनके आयात का मूल्य लगभग 2 लाख रुपये प्रति वर्ष होता है।

(ख) जी, हां उत्पादन की एक अतिरिक्त वस्तु के रूप में।

(ग) सरकार को इन वस्तुओं का गुजरात राज्य में उत्पादन करने के लिये कोई भी प्रस्ताव नहीं मिला है।

1 M. D. Moradabad Passenger Train

3444. **Shri Prakash Vir Shastri :**
Shri Hukam Chand Kachwai :

Will the Minister of **Railways** be pleased to state :

(a) whether 1 M. D. Moradabad Passenger Train has never reached Delhi according to its scheduled time during the last six months ;

(b) if so, whether some special orders have been issued to run this train according to time scheduled ; and

(c) whether Government are considering some alternative measures to review the difficulties experienced by the passengers due to the non-arrival of this train in time ?

The Minister of Railways (Dr. Ram Subhag Singh): (a) to (c). The running of 1 MD Passenger has not been satisfactory during the last six months and it has been reaching Delhi at the scheduled time in-frequently. The main reasons for the late running of this train are the frequent cases of unauthorised alarm chain pulling and frequent telecommunication failures resulting from extensive thefts of copper wire. Out of course detentions caused by these factors result in setting up a chain reaction on the congested single line Moradabad-Ghaziabad section, upsetting the running schedules of trains on this section.

Every effort is being made, in consultation with the State Governments, to reduce the incidence of alarm chain Pulling and thefts of copper wire in order to bring about an improvement in the running of 1 MD passenger and other trains on this section.

Loss in Heavy Electricals Ltd., Bhopal

3445. **Shri Prakash Vir Shastri :** Will the Minister of **Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs** be pleased to state :

(a) whether there had been a decrease in the losses in the Heavy Electricals Ltd., Bhopal as compared to the past;

(b) if so, the reasons for these losses ; and

(c) the time when the plant will start working according to its full capacity ?

The Minister of Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs (Shri F. A. Ahmed) : (a) Yes, Sir. The losses have shown a downward trend. The loss for 1966-67 was Rs. 720.50 lakhs and that for 1967-68 was Rs. 569.01 lakhs.

(b) For a project of this kind and magnitude such losses are not unusual during the early periods of construction and production. The Detailed Project Report of the Technical Consultants anticipated and provided for such losses.

(c) Heavy Electricals (India) Limited is expected to work to full capacity by about 1973-74 subject to availability of sufficient orders.

Use of Fake Railway Tickets

3446. **Shri Prakash Vir Shastri:**
Shri Shashi Bhushan :

Will the Minister of **Railways** be pleased to state:

(a) whether some complaints in connection with using fake tickets by passengers for journey from Ghaziabad to Modinagar have been received;

(b) whether some press and railway employees have been found guilty in this connection; and

(c) the steps under consideration to stop it ?

The Minister of Railways (Dr. Ram Subhag Singh) : (a) No such complaint has come to notice. However, according to a news-item which appeared in the 'Nav Bharat Times' dated 8-1-1969, published from New Delhi, a passenger was issued two tickets from Ghaziabad for Modinagar bearing the same number and the same date. Enquiries have shown that two III Class Mail/Express tickets from Ghaziabad to Modinagar were issued on 27-12-68 and these tickets were genuine, but due to a defect in print, the numbers on the two tickcts appeared to be the same, though they were really not so.

(b) Does not arise in view of the reply to part (a) above.

(c) Necessary machinery exists for checking malpractices in the matter of sale of tickets. Wherever specific cases come to notice, suitable action is taken.

Ticketless Travel on Western Railway

3448. **Shri Hukam Chand Kachwai :** Will the Minister of **Railways** be pleased to state:

(a) the total number of persons arrested for ticketless travelling on the Western Railway from the 1st January, 1968 till date; and

(b) the amount realized by Government by imposing fine on them ?

The Minister of Railways (Dr. Ram Subhag Singh) : (a) 43,802 from 1-1-1968 to 31-1-1969.

(b) Rs. 78,828/-.(this amount does not include Railway dues and represents only the fine imposed under Section 112 of the Indian Railways Act)

रेलवे लेखा कार्यालयों में ग्रेड दो के क्लर्कों की उच्च ग्रेडों में पदोन्नति

3449. **श्रीमती सुशीला गोपालन :** **श्री पी० पी० एस्थोस :**
श्री अ० कु० गोपालन : **श्री उमानाथ :**

क्या रेलवे मंत्री यह बताने कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में प्रति वर्ष उत्तर रेलवे, दक्षिण रेलवे और पश्चिम रेलवे में यातायात लेखा कार्यालयों में अलग-अलग कुल कितने अर्हता प्राप्त अथवा अनअर्ह ग्रेड दो के क्लर्कों की उच्च ग्रेडों में पदोन्नतियां की गईं ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।

पश्चिम रेलवे, अजमेर के अन्य रेलवे यातायात लेखा कार्यालय में कर्मचारियों को मानदेय

3450. **श्री उमानाथ :**
श्री नम्बियार :
श्री के० रमानी :

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उपमुख्य लेखा अधिकारी (टी० ए०) पश्चिम रेलवे, अजमेर ने पश्चिम रेलवे के अन्य रेलवे यातायात लेखा कार्यालय, अजमेर के कर्मचारियों से अप्रैल, 1968 में शाखा लाइन की आय का हिसाब मानदेय के आधार पर लगाने को कहा था;

(ख) यदि हां, तो क्या इस बीच कर्मचारियों को मानदेय का भुगतान कर दिया गया है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) मानदेय के भुगतान के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी हां ।

(ख) जी हां ।

(ग) सवाल नहीं उठता ।

(घ) सवाल नहीं उठता ।

पश्चिम रेलवे में परिशिष्ट दो-ए की योग्यता वाले कर्मचारियों की पदोन्नतियां

3451. **श्री प० गोपालन :**
श्री के० रमानी :
श्री अ० कु० गोपालन :
श्री प्र० न० सोलंकी :
श्री देवेन सेन :
श्री ओंकार लाल बेरवा :
श्री किकर सिंह :
श्री द० रा० परमार :

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पश्चिम रेलवे के मुख्यालय, बम्बई, यातायात लेखा कार्यालय, अजमेर और रेलवे यातायात लेखा कार्यालय, दिल्ली में परिशिष्ट II-ए की योग्यता वाले कर्मचारी की पदोन्नति प्रतीक्षा में हैं परन्तु उनसे कनिष्ठ कर्मचारी उच्च ग्रेडों में स्थानापन्न रूप से कार्य कर रहे हैं ;

(ख) यदि हां, तो प्रत्येक कार्यालय के ऐसे वरिष्ठ कर्मचारियों की संख्या कितनी है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि वरिष्ठ व्यक्तियों की पदोन्नति के वैध अधिकारों को ठुकराते हुए कनिष्ठ व्यक्तियों के संरक्षण के लिये किसी शृंखला प्रणाली को बनाये रखा जा रहा है ; और

(घ) यदि हां, तो इस प्रणाली को बनाये रखने के लिये जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी हां। वर्तमान आदेशों के अन्तर्गत कोई कर्मचारी, जो पहले से ही क्लर्क ग्रेड I के रूप में स्थानापन्न रूप में काम कर रहा हो, किसी ऐसे दूसरे कर्मचारी के लिए जगह बनाने के वास्ते प्रत्यावर्तित नहीं किया जाता जो परिशिष्ट II-ए की परीक्षा बाद में पास करता है, लेकिन जब कभी नयी पदोन्नतियां की जाती हैं तब ग्रेड II का वरिष्ठतम अर्हता प्राप्त क्लर्क पदोन्नत किया जाता है।

(ख) पदोन्नति के लिये वरिष्ठता के कई यूनिट हैं। विभिन्न यूनिटों में जितने अर्हता प्राप्त वरिष्ठ कर्मचारी पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे हैं उनकी संख्या इस प्रकार है :

(i) मुख्यालय वरिष्ठता यूनिट	84
(ii) बड़ौदा वरिष्ठता यूनिट	39
(iii) राजकोट वरिष्ठता यूनिट	16
(iv) अजमेर सामान्य वरिष्ठता यूनिट	37
(v) यातायात लेखा कार्यालय, अजमेर	27
(vi) इतर यातायात लेखा कार्यालय, दिल्ली	8
	211

(ग) जी नहीं, जब कोई जगह खाली होती है तो अर्हता प्राप्त वरिष्ठतम कर्मचारी को पदोन्नत किया जाता है।

(घ) सवाल नहीं उठता।

पश्चिम तथा उत्तर रेलवे के अन्य रेलवे खाता कार्यालयों में स्वीकृत कर्मचारी संख्या

3452. **श्री उमानाथ :** **श्री देवेन सेन :**
श्री के० एम० अब्राहम : **श्री प्र० न० सोलंकी :**
श्री के० रमानी : **श्री किकर सिंह :**
श्री ओंकार लाल बेरवा : **श्री द० रा० परमार :**

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1 अक्तूबर, 1962 को और 31 दिसम्बर, 1968 को पश्चिम रेलवे के अजमेर स्थित यातायात खाता कार्यालय तथा अन्य रेलवे यातायात खाता कार्यालय और उत्तर रेलवे के

दिल्ली स्थित यातायात खाता कार्यालय की अलग-अलग कर्मचारियों की स्वीकृत संख्या कितनी-कितनी थी ; और

(ख) प्रत्येक कार्यालय में अलग-अलग कितने पदों को कम किया गया ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) और (ख). सूचना संलग्न अनुबन्ध में दी गयी है । [**पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी०** 391/69]

पूर्वोत्तर रेलवे के लेखा विभाग के ग्रेड 2 के क्लर्कों द्वारा दायर किया गया मुकदमा

3453. **श्री नम्बियार :**
श्री के० रमानी :
श्री उमानाथ :

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पूर्वोत्तर रेलवे के लेखा विभाग के ग्रेड 2 के क्लर्कों ने एक मुकदमा दायर किया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस मामले का ब्योरा क्या है और इसके बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी हां । पूर्वोत्तर रेलवे के लेखा विभाग के ग्रेड II के कुछ लेखा क्लर्कों ने मुकदमा दायर किया है ।

(ख) रेलों के लेखा विभाग में 110-180 रुपये के वेतनमान वाले ग्रेड II के लेखा क्लर्कों को, 130-300 रुपये के वेतनमान वाले ग्रेड I के क्लर्कों के रूप में पदोन्नति पाने के लिये एक विभागीय परीक्षा पास करनी होती है जिसे एपेन्डिक्स-II ए कहा जाता है ।

उपर्युक्त मुकदमे में न्यायालय से यह घोषणा करने के लिये कहा गया है कि लेखा विभाग में क्लर्कों के दोनों ग्रेडों की परिलब्धियों और पदक्रम में जो अन्तर है वह अवैध, शक्ति परे और मनमाना है ।

मामला न्यायाधीन है ।

दक्षिण रेलवे, मद्रास के उप मुख्य लेखा अधिकारी (यातायात लेखे) के कार्यालय के कर्मचारियों की स्वीकृत संख्या

3454. **श्री उमानाथ :** **श्री के० रमानी :**
श्री पी० गोपालन : **श्री के० एम० अब्राहम :**

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 30 सितम्बर, 1962, 1 अक्तूबर, 1962 और 1 अप्रैल, 1968 को अलग-

अलग दक्षिण रेलवे, मद्रास, के उप मुख्य लेखा अधिकारी (यातायात रेलवे) के कार्यालय में कर्मचारियों की स्वीकृत संख्या कितनी थी ; और

(ख) रेलवे बोर्ड के दिनांक 4 अप्रैल, 1968 के आदेशों की कार्यान्वित के बाद परिशिष्ट दो-ए की अर्हता प्राप्त तथा अनर्ह कितने व्यक्तियों की पदोन्नति की गई ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) :

(क)	30-9-62	1090
	1-10-62	1090
	1-4-68	954
(ख)	अर्हता प्राप्त	
	कर्मचारी	60
	अनर्ह कर्मचारी	17

दिल्ली स्थित पश्चिम रेलवे के अन्य रेलवे यातायात कार्यालय के कर्मचारियों को वेतनवृद्धि का लाभ

3455. **श्री के० रमानी :** **श्री के० एम० अब्राहम :**
श्री उमानाथ : **श्री पी० पी० एस्थोस :**

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर रेलवे, दिल्ली के यातायात लेखा कार्यालय के अनर्ह कर्मचारियों को 1 अक्तूबर, 1962 से 1 अप्रैल, 1968 तक चार वेतनवृद्धियों से लाभांवित किया गया था ;

(ख) क्या यह भी सच है कि यह लाभ दिल्ली स्थित पश्चिम रेलवे के अन्य रेलवे यातायात कार्यालय और अजमेर स्थित डिप्टी सी० आर० ओ० के कर्मचारियों को नहीं दिया गया है ;

(ग) यदि हां, तो इस भेदभाव के क्या कारण हैं ; और

(घ) इस सम्बन्ध में पश्चिम रेलवे के अनर्ह कर्मचारियों को उत्तर रेलवे के कर्मचारियों के समान लाने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) से (घ). सूचना इकट्ठी की जा रही है और यथासमय सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।

हिन्दुस्तान मशीन टूल्स

3456. **श्री म० सुदर्शनम :**
श्री रा० कृ० सिंह :

क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हिन्दुस्तान मशीन टूल्स का कनाडा और अमरीका को मशीनी औजार निर्यात करने का प्रस्ताव है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है ;और

(ग) इस बारे में अब तक क्या प्रगति हुई है ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद : (क) हिन्दुस्तान मशीन टूल्स लिमिटेड ने संयुक्त राज्य अमेरिका को 1966-67 से और कनाडा को 1968-69 से मशीन टूल्स का निर्यात प्रारम्भ कर दिया है। कम्पनी ने कनाडा और संयुक्त राज्य अमेरिका की फर्मों से मशीन टूल्स के निर्यात हेतु बिक्री करार किये हैं।

(ख) हिन्दुस्तान मशीन टूल्स के अपने विदेश स्थित एजेन्टों से जो एजेन्सी करार हुए हैं वे वाणिज्यिक प्रकार के हैं इन करारों के विवरण को बताना उचित नहीं समझा जाता है।

(ग) अब तक कनाडा और संयुक्त राज्य अमेरिका को निर्यात किये गये मशीन टूलों का विवरण निम्नलिखित है :—

1966-67	1967-68	1968-69
	(रुपये लाख में)	
0.40	4.82	15.49
(संयुक्त राज्य अमेरिका केवल)	(संयुक्त राज्य अमेरिका केवल)	(31-1-1969 तक)

Moon Corporation Ltd., Hargaon

3457. **Shri Sharda Nand :**
Shri Bansh Narain Singh :

Will the Minister of **Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs** be pleased to state :

(a) the names of the articles for whose manufacture Moon Corporation Limited, Hargaon had applied for licence ;

(b) the date on which licence was granted and the date on which the work was started ;

(c) whether the company manufactured articles other than those for which licence had been granted ; and

(d) if so, the details thereof?

The Minister of Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs (Shri F. A. Ahmed) : (a) to (d). The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

Tata Oil Mills Ltd., Bombay

3458. **Shri Sharda Nand :**
Shri Bansh Narain Singh :

Will the Minister of **Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs** be pleased to state :

(a) the date on which the Tata Oil Mills Limited, Bombay applied for a licence and when it started functioning ;

(b) the terms and conditions in regard to the setting up of the company and the nature of articles being produced by it ; and

(c) its total production since its inception ?

The Minister of Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs (Shri F. A. Ahmed) : (a) to (c). The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

Dalmia Cements (India) Ltd., Tiruchirapalli

3459. **Shri Sharda Nand :**
Shri Bansh Narain Singh :

Will the Minister of **Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs** be pleased to state :

(a) the date on which the Dalmia Cements (India) Limited, Tiruchirapalli applied for a licence and when it started functioning ;

(b) the conditions on which this concern was to function and the type of production work done by it ; and

(c) the extent of production of the concern since its inception ?

The Minister of Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs (Shri F. A. Ahmed) : (a) and (b). The cement factory at Dalmiapuram (Tiruchirapalli), belonging to Dalmia Cement (Bharat) Limited went into production in December, 1939. The Industries (Development and Regulation) Act, 1951, came into effect on 8th May, 1952. When the cement factory was set up and when it went into production, no licence was therefore necessary. Even now as the cement industry has been exempted from the licensing provision of the Industries (Development and Regulation) Act, 1952, the question of any conditions on which the concern should function does not arise.

(c) The total quantity of cement produced by this factory since its inception till the end of 1968 was 7.46 million tonnes.

पूर्वोत्तर रेलवे में दुर्घटनायें

3460. **श्री विश्वनाथ पाण्डेय** : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत छः महीनों में पूर्वोत्तर रेलवे में कितनी रेल दुर्घटनाएं हुईं ;

(ख) इन दुर्घटनाओं के फलस्वरूप कितने व्यक्तियों की मृत्यु हुई और कितने व्यक्ति घायल हुए ; और

(ग) इनके फलस्वरूप कितने मूल्य की सरकारी सम्पत्ति की हानि हुई ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) 1-9-68 से 28-2-69 की अवधि में पूर्वोत्तर रेलवे पर गाड़ियों के टकराने, पटरी से उतरने, समपारों पर सड़क यातायात से टकराने और गाड़ियों में आग लगने की कोटियों में 45 गाड़ी दुर्घटनाएं हुईं ।।

(ख) इन दुर्घटनाओं में एक व्यक्ति मारा गया और 11 व्यक्तियों को चोटें पहुंची ।

(ग) रेल-सम्पत्ति को लगभग 1,04,040 रुपये की क्षति होने का अनुमान है ।

उत्तर प्रदेश में अल्प-आय-वर्ग के छात्रों को छात्रवत्ति

3461. **श्री विश्वनाथ पाण्डेय** : क्या **विधि तथा समाज कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश के उन विद्यार्थियों की संख्या कितनी है, जिन्हें 1967-68 में केन्द्रीय सरकार द्वारा अल्प-आय-वर्ग वाली छात्रवृत्तियां दी गई थीं ;

(ख) उनकी राशि कितनी थी ;

(ग) ये छात्रवृत्तियों के प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के अभिभावक किस-किस आय-वर्ग में आते हैं ; और

(घ) उत्तर प्रदेश सरकार ने कितनी आय-सीमा पर बल दिया था ?

विधि मंत्रालय और समाज कल्याण विभाग में राज्य मंत्री (डा० (श्रीमती) फूलरेणु गुह) : (क) 788

(ख) 4.43 लाख रुपये ।

(ग) राज्य सरकार से जानकारी एकत्रित की जा रही है और प्राप्त होने पर उसे सदन के पटल पर रखा जायेगा ।

(घ) विनियमों के अनुसार निम्नलिखित अधिकतम आय सीमा निश्चित है :—

कला पाठ्यक्रम	—	2000 रुपये प्रतिवर्ष
तकनीकी पाठ्यक्रम	—	2400 रुपये प्रतिवर्ष

भारतीय रेलों में लूटपाट और डकैती की घटनायें

3462. **श्री जार्ज फरनेन्डीज :**

श्री ओंकार लाल बेरवा :

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत बारह महीनों में भारतीय रेलों पर लूटपाट और डकैतियों की कितनी घटनाएं हुईं ;

(ख) इनमें जान और माल की कुल कितनी हानि हुई ;

(ग) क्या यह सच है कि भारतीय रेलों में लूटपाट और डकैतियों की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं ; और

(घ) क्या उनका मंत्रालय यात्रा करने वाली जनता की लूटमार और डकैतियों से सुरक्षा सुनिश्चित करने के किन्हीं उपायों का विचार कर रही है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) 1968 में लूटपाट के 260 और डकैती के 74 मामलों की रिपोर्ट मिली थी ।

(ख) मृत व्यक्तियों की संख्या — 15

नष्ट सम्पत्ति का मूल्य — लगभग 4,56,992 रुपये ।

(ग) लूटपाट के मामलों की संख्या बढ़ी है, लेकिन डकैती के मामलों में कमी हुई है ।

(घ) रेलवे परिसर तथा रेलगाड़ियों में कानून और व्यवस्था बनाये रखने की जिम्मेदारी राज्य सरकार/राज्य सरकार रेलवे पुलिस की है । इस सम्बन्ध में सरकारी रेलवे पुलिस के साथ हमेशा निकट सम्पर्क बनाये रखा जाता है और जब कोई गम्भीर अपराध की घटना होती है और विशेष क्षेत्र अथवा गाड़ी में अप आपराधिक कार्रवाइयों में वृद्धि होती है तो उपचारी उपाय करने के लिए उसका ध्यान तुरन्त उस ओर दिलाया जाता है ।

संचोड़ में आउट एजेंसी

3463. **श्री देवकी नन्दन पाटोदिया :** क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राजस्थान में रानीवाडा के निकट संचोड़ के लिये आउट एजेन्सी करने के लिये आवेदन पत्र मांगे गये हैं ; और

(ख) यदि हां, तो यह कार्य कब तक आरम्भ किया जायेगा और कब तक आउट एजेंसी कार्य आरम्भ कर देगी ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी हां, संचोड़ की आउट एजेंसी के लिये आवेदन पत्र मांगे गये थे और आवेदन पत्रों के प्राप्त होने की अन्तिम तारीख 3-12-68 निश्चित की गयी थी ।

(ख) लेकिन, कोई भी आवेदन-पत्र प्राप्त नहीं हुआ । इस काम को करने के लिए किसी उपयुक्त ठेकेदार की सेवाएं प्राप्त होने पर ही आउट एजेंसी अपना काम शुरू कर सकती है ।

पश्चिम रेलवे के सफरी लेखा-निरीक्षक

3464. **श्री ओंकार लाल बेरवा** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पश्चिम रेलवे में सफरी लेखा-निरीक्षक को अपने प्रतिवेदन में यह प्रमाणित करना होता है कि जिन-जिन स्टेशनों का उन्होंने निरीक्षण किया है वहां कर्मचारियों की संख्या पर्याप्त है ;

(ख) यदि हां, तो क्या ये निरीक्षक यह देखने के लिये कि कर्मचारी पर्याप्त संख्या में हैं अथवा नहीं निरीक्षण के समय कार्य विश्लेषण करते हैं ;

(ग) यदि नहीं, तो ये निरीक्षक कैसे पता लगाते हैं कि कर्मचारी पर्याप्त संख्या में हैं अथवा नहीं ;

(घ) कर्मचारियों की पर्याप्त संख्या का पता लगाने के लिये कितने 'जन दिन' मंजूर किये गये हैं ; और

(ङ) ऐसे स्टेशनों के नाम क्या हैं जहां वर्ष 1968 में कर्मचारी (एक) अधिक संख्या में (दो) कम संख्या में पाये गये हैं ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी नहीं ।

(ख) से (ङ). सवाल नहीं उठता ।

फूलेरा और बियावर स्टेशनों के बीच चोरियां

3465. **श्री ओंकार लाल बेरवा** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पश्चिम रेलवे के फूलेरा जंकशन और बियावर स्टेशनों के बीच 1968 में कितनी बार चोरियां हुईं तथा चुराई गई वस्तुओं का मूल्यांकन क्या है ;

(ख) 1968 में फूलेरा जंकशन और बियावर स्टेशनों के बीच चलती गाड़ियों से चांदी की कितनी छड़े चोरी की गईं ;

(ग) क्या यह सच है कि चांदी की छड़ों की सभी चोरियां गवर्नमेंट रेलवे पुलिस अजमेर, पुलिस स्टेशन के क्षेत्राधिकार में हुई थीं ;

(घ) उक्त पुलिस स्टेशन में कितनी शिकायतें आईं ;

(ङ) क्या उक्त पुलिश स्टेशन, अजमेर में कुछ गड़बड़ है तथा क्या सरकार का विचार केन्द्रीय गुप्तचर विभाग के द्वारा जांच किये जाने का आदेश देने का है ; और

(च) रेलवे सम्पत्ति की रक्षा करने के लिये क्या उपाय किये गये हैं ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) 18 मामले । चुराये गये माल की कीमत 2,28,949 रुपये ।

(ख) 11 चांदी की छड़ें और दो पेटियां, जिनमें चांदी के टुकड़े थे ।

(ग) जी नहीं । सरकारी रेलवे पुलिस, अजमेर के अधिकार-क्षेत्र में चांदी की छड़ की चोरी का केवल एक मामला हुआ था ।

(घ) चांदी की छड़ की चोरी की एक और 9 दूसरी शिकायतें ।

(ङ) जी नहीं । इसकी जांच करना और उस पर उचित कार्रवाई करना राज्य सरकार का काम है ।

(च) (i) प्रभावित क्षेत्र में रेलवे सुरक्षा दल के सशस्त्र गार्डों द्वारा गश्त लगाना चालू कर दिया गया है ।

(ii) रात में चलने वाली माल गाड़ियों पर पहरे का काम तेज कर दिया गया है ।

(iii) बदनाम स्थलों और मर्मस्थानों पर पहरा रहता है ।

(iv) संदिग्ध व्यक्तियों और सूचना इकट्ठी करने और उसके प्रसारण पर कड़ी निगरानी रखने के लिए सादी पोशाक में कर्मचारियों को तैनात किया जाता है ।

(v) अपराध आसूचना शाखा में कर्मचारियों की संख्या में यथोचित वृद्धि कर दी गयी है ।

दिल्ली में रेलवे कर्मचारियों के लिये क्वार्टर

3466. **श्री उमानाथ :**

श्री सत्य नारायण सिंह :

श्री के० एम० अब्राहम :

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि उत्तर रेलवे ने दिल्ली क्षेत्र में 1955 से लेकर 1968 तक, वर्षवार, कुल कितने रेलवे क्वार्टर बनाये हैं ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : 1955-56 से 1967-68 तक की अवधि में दिल्ली में कुल 2346 क्वार्टरों का निर्माण किया गया। वर्षवार आंकड़े इस प्रकार हैं :—

वर्ष	कितने क्वार्टरों का निर्माण किया गया
1955-56	93
1956-57	156
1957-58	771
1958-59	158
1959-60	58
1960-61	180
1961-62	398
1962-63	145
1963-64	9
1964-65	22
1965-66	48
1966-67	210
1967-68	98

दिल्ली स्थित पश्चिम रेलवे के अन्य रेलवे यातायात खाता कार्यालय के कर्मचारियों के लिये क्वार्टर

3467. **श्रीमती सुशीला गोपालन :** **श्री उमानाथ :**
श्री प० गोपालन : **श्री सत्य नारायण सिंह :**
श्री सी० के० चक्रपाणि : **श्री के० एम० अब्राहम :**

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(ख) क्या यह सच है कि रेलवे खाता समंजन (क्लियरिंग एकाउंट्स) कार्यालय के विकेन्द्रीकरण के समय, उत्तरी रेलवे के क्वार्टरों के पुंज में से दिल्ली स्थित पश्चिम रेलवे के अन्य रेलवे यातायात खाता कार्यालय के कर्मचारियों के लिये क्वार्टरों का कुछ प्रतिशत नियत किया गया था ;

(ख) यदि हां, तो इसके लिये कितने प्रतिशत क्वार्टर नियत किये गये थे और पश्चिम रेलवे कर्मचारियों को कितने क्वार्टर दिये गये हैं ;

(ग) अन्य रेलवे यातायात कार्यालय के कर्मचारियों को कितने क्वार्टर दिये गये हैं, और क्या उक्त निश्चित संख्या के अनुसार क्वार्टर दे दिये गये हैं ; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और इस सम्बन्ध में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी नहीं।

(ख) से (घ). सवाल नहीं उठता।

विभिन्न रेलवे जोनों में द्वितीय श्रेणी के लेखा क्लर्कों की वरिष्ठता एवं उपयुक्तता के आधार पर पदोन्नति

3468. **श्री उमानाथ :** **श्री सी० के० चक्रपाणि :**

श्री के० एम० अब्राहम : **श्री सत्य नारायण सिंह :**

श्री अ० कु० गोपालन :

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय रेलवे के लेखा विभागों में द्वितीय श्रेणी के कितने क्लर्कों को वरिष्ठता एवं उपयुक्तता के आधार पर प्रत्येक क्षेत्रीय रेलवे में पदोन्नत किया गया ; और

(ख) प्रत्येक क्षेत्रीय रेलवे में द्वितीय श्रेणी के कुल कितने क्लर्क 180 रुपये के वेतन पर आकर रुक गये हैं ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) और (ख). एक विवरण संलग्न है। [**पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी०** 312/69]

रेलवे लेखा कार्यालयों से बीजक परीक्षण के काम को बदलना

3469. **श्री पी० पी० एस्थोस :**

श्री उमानाथ :

श्री भगवान दास :

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार भारतीय रेलवे के यातायात लेखा कार्यालयों से बीजक परीक्षण का काम लेकर संगणकों को सौंपने का विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो यह अदला-बदली कब तक हो जाने की संभावना है; और

(ग) ऐसा करने से प्रत्येक क्षेत्रीय रेलवे में कितने-कितने कर्मचारियों के फालतू हो जाने की संभावना है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) से (ग). स्टेशनों द्वारा बीजकों पर दिखायी जाने वाली भाड़े की रकम को जांच करने के काम का यंत्रीकरण चार वर्षों से भी पहले किया गया और उसके फलस्वरूप कर्मचारियों के संमजन का काम भी पूरा हो गया।

पश्चिम रेलवे में सफाई वालों को सर्दियों की वर्दी

3470. **श्री सी० के० चक्रपाणि :** **श्री पी० पी० एस्थोस :**
श्री उमानाथ : **श्री भगवान दास :**

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पश्चिम रेलवे के सफाई वालों को सर्दियों की वर्दी की सप्लाई के बारे में सरकार को कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने इस दिशा में क्या कार्यवाही की है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) और (ख). पश्चिम रेलवे के किशनगंज दिल्ली के इतर रेलवे यातायात लेखा कार्यालय में काम करने वाले सफाई वालों की ओर से अभ्यावेदन मिले थे। फरवरी, 1963 में वर्दियों का मानकीकरण प्रारम्भ किया गया था जिसके अनुसार ये सफाईवाले जाड़े की वर्दियां पाने के हकदार हैं लेकिन किफायतशारी की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जनवरी, 1966 में वर्दियों की सप्लाई कुछ समय के लिए रोक देनी पड़ी। किफायतशारी सम्बन्धी ये आदेश 1969-70 के वर्ष तक के लिए बढ़ाये जा चुके हैं। फिर भी, यह कहा जा सकता है कि रेल कर्मचारियों को वर्दियां सप्लाई करने सम्बन्धी पूरे प्रश्न पर एक विभागीय समिति द्वारा समीक्षा की जानी है।

सितम्बर, 1968 में पश्चिम रेलवे द्वारा ली गई लेखा-लिपिकों की ऐपेंडिक्स दो-ए परीक्षा

3471. **श्री पी० पी० एस्थोस :**
श्री सी० के० चक्रपाणि :
श्री के० एस० अब्राहम :

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पश्चिम रेलवे में माह सितम्बर, 1968 को हुई ऐपेंडिक्स दो-ए परीक्षा देने वाले कुछ लेखा-लिपिकों का परिणाम रोक दिया गया है; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं, तथा उसके कब तक घोषित किये जाने की सम्भावना है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी हां, चार लेखा क्लर्कों का।

(ख) उनके मामलों की समीक्षा की जा रही थी और उसके पूरे हो जाने पर 13 फरवरी, 1969 को परिणाम घोषित कर दिया गया।

पश्चिम रेलवे, दिल्ली के अन्य रेलवे यातायात लेखे-कार्यालय के कर्मचारियों के लिये क्वार्टर

3472. **श्री सी० के० चक्रपाणि :** **श्री उमानाथ :**
श्री के० एम० अब्राहम : **श्री अ० कु० गोपालन :**

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पश्चिम रेलवे के अन्य रेलवे यातायात लेखे कार्यालय, दिल्ली की स्थापना के समय इस कार्यालय के कितने कर्मचारियों ने उत्तर रेलवे के पास रेलवे क्वार्टरों के आवंटन के लिये अपने नाम रजिस्टर कराये थे, उन कर्मचारियों के नाम, रजिस्ट्रेशन तिथि और रजिस्ट्रेशन संख्या क्या-क्या हैं; और

(ख) उक्त कार्यालय की स्थापना के समय से अब तक उसके कर्मचारियों को कितने रेलवे क्वार्टर दिये गये हैं और उन कर्मचारियों के नाम, रजिस्ट्रेशन संख्या और रजिस्ट्रेशन तिथि क्या-क्या हैं ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) 1851 अनुबन्ध I के रूप में एक विवरण संलग्न है जिसमें कर्मचारियों के नाम, पंजीकरण संख्या और पंजीकरण की तारीख दी गयी है। [**पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी०** 393/69]

(ख) 5; उनके नाम और उनके पंजीकरण की तारीख तथा प्रत्येक मामले में जिस आधार पर आवंटन किया गया, उसका ब्योरा अनुबन्ध II में दिया गया है। [**पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी०** 393/69]

गुजरात में हरिजनों की स्थिति

3473. **श्री श्रीनिवास मिश्र :** **श्री क० लकप्पा :**
श्री सुरेन्द्रनाथ द्विवेदी : **श्री एस० एम० कृष्ण :**

क्या **विधि तथा समाज कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गुजरात में अनेक स्थानों पर हरिजनों को सार्वजनिक कुओं से पानी लेने की अनुमति नहीं है;

(ख) क्या यह भी सच है कि इन भागों में दास प्रथा भी चालू है; और

(ग) क्या सरकार ने इन बुराइयों के विरुद्ध कोई कार्यवाही शुरू की है ?

विधि मंत्रालय और समाज कल्याण विभाग में राज्यमंत्री (डा० (श्रीमती) फूलरेणु गुह) : (क) कुछ स्थानों से ऐसे मामले होने की रिपोर्ट आई है।

(ख) नहीं, श्रीमान्।

(ग) हां, श्रीमान्।

Beating of Guard of Passenger Train in District Saharsa (Bihar)

3474. **Shri Bibhuti Mishra :** Will the Minister of **Railways** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Guard of a passenger train was beaten by passengers in District Saharsa (Bihar) on the 22nd January, 1969 ;

(b) if so, the reasons therefor ; and

(c) the steps Government propose to take to protect the Railway Staff in view of this incident ?

The Minister of Railways (Dr. Ram Subhag Singh) : (a) Yes. On 20th January, 1969 and not on 22nd January, 1969, the guard of train No. 419 Up was assaulted by the public and students at Dauram Madhepura railway station on Saharsa-Murliganj section of North Eastern Railway.

(b) When about 5000 men, who had collected at the station crowded inside the train as also on foot-boards and roofs of compartments with the result that battery boxes touched rails rendering running of train unsafe, the guard refused to start the train.

(c) Sub-Divisional Officer, Madhepura accompanied by a Magistrate and Police force, arrived and controlled the situation. A case under sections 147/379/37 IPC and 121 Indian Railways Act has been registered at Saharsa Government Railway Police Station and is under police investigation. State Police take adequate steps as and when breach of law and order occurs or is apprehended.

मोरेना के विद्यार्थियों द्वारा रेलगाड़ियों का रोका जाना

3475. **श्री श्रद्धाकर सूपकार :** क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश में मोरेना के अनेक विद्यार्थियों ने उस क्षेत्र में डकैतियों को रोकने की मांग करते हुए 22/23 जनवरी, 1969 को दिल्ली-झांसी लाइन पर सभी रेलगाड़ियां रोक दी थीं; और

(ख) केन्द्रीय सरकार तथा राज्य सरकार ने इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) 25-1-69 को (न कि 22/23-1-69 को) विद्यार्थियों तथा अन्य लोगों ने मोरेना में 11-40 बजे से 19-40 बजे तक गाड़ियों के आने-जाने में बाधा पहुंचायी ।

(ख) कानून और व्यवस्था बनाये रखना राज्य सरकार का सांविधिक दायित्व है । स्थानीय पुलिस प्राधिकारियों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की । इस सम्बन्ध में उन्हें आंसू गैस और हल्के लाठी चार्ज का इस्तेमाल करना पड़ा । मोरेना जिला पुलिस द्वारा 6 व्यक्ति भी गिरफ्तार किये गये । रिपोर्ट के अनुसार यह घटना नागरिक क्षेत्र में डकैती के खतरों के विरुद्ध पहले से हो रहे आन्दोलन के क्रम में हुई ।

जोधपुर डिवीजन में स्टेशन मास्टरों के चयन पद

3476. **श्री सूरज भान :** क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जोधपुर डिवीजन (उत्तर रेलवे) में 250-380 वेतनमान वाले स्टेशन मास्टरों के चयन पदों का माह नवम्बर/दिसम्बर, 1968 में कोई चयन किया गया था;

(ख) यह चयन कुल कितने पदों के लिये किया गया था;

(ग) चयन बोर्ड के समक्ष कितने व्यक्तियों को बुलाया गया था, उनमें अनुसूचित जातियों के व्यक्ति कितने थे तथा अन्य कितने;

(घ) यदि अनुसूचित जाति के किसी कर्मचारी को नहीं बुलाया गया था तो इसके क्या कारण थे; और

(ङ) उपर्युक्त पदों में अनुसूचित जाति के रेलवे कर्मचारियों को उनका निर्धारित कोटा कब और कैसे देने का रेलवे प्रशासन का विचार है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) नवम्बर, 1968 में चुनाव आरम्भ हुआ था और अभी भी जारी है।

(ख) चार।

(ग) 12 गैर-अनुसूचित जाति के उम्मीदवार और 4 अनुसूचित जाति के उम्मीदवार।

(घ) और (ङ). सवाल नहीं उठता।

जोधपुर डिवीजन में रेलगाड़ी परीक्षकों के चयन पद

3477. **श्री सूरज भान :** क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रेलगाड़ी परीक्षकों के चयन पदों (वेतनमान 250-380 रुपये) का जोधपुर डिवीजन (उत्तर रेलवे) में हाल में चयन किया गया था तथा उन पदों पर अनुसूचित जाति के किसी कर्मचारी को चुना नहीं गया था; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण थे तथा इस मामले में सुधार करने के लिये क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) और (ख). एक अनारक्षित रिक्त पद को भरने के लिए 18-7-1968 को एक प्रवरण किया गया था। चूंकि यह एक अनारक्षित रिक्त पद था और किसी पिछली कमी को पूरा नहीं करना था, इसलिए किसी अनुसूचित जाति के उम्मीदवार को प्रवरण के लिए बुलाना अपेक्षित नहीं था। अतः कोई उपचारी उपाय करने का सवाल नहीं उठता।

पश्चिम बंगाल में लघु उद्योग

3479. **श्री ज्योतिर्मय बसु :** क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चौथी पंचवर्षीय योजना अवधि में दक्षिण 24 परगनों (पश्चिम बंगाल) में श्रम-प्रधान लघु तथा कुटीर उद्योग स्थापित करने के लिये सरकार की कोई योजना है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) और (ख). चौबीस परगना के लिए कोई खास योजना नहीं बनाई गई है। लघु उद्योगों के विकास का सरकार का कार्यक्रम जो सारे देश में लागू है वह इस क्षेत्र के लिए भी है।

सियालदह डिवीजन (पूर्व रेलवे) में कैनिंग रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिये सुविधायें

3480. **श्री बदरुद्दुजा :** क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पूर्व रेलवे के सियालदह डिवीजन में कैनिंग रेलवे स्टेशन के यात्रियों को जो सुन्दर-वन आने वाले यात्रियों के लिये एक महत्वपूर्ण पारगमन स्टेशन है क्या-क्या सुविधायें प्रदान की गई हैं;

(ख) क्या सरकार यह समझती है कि उस स्टेशन पर अब तक जो सुविधायें दी गई हैं वे पर्याप्त हैं; और

(ग) यदि नहीं, तो सुविधायें बढ़ाने के लिये यदि कोई कार्यवाही की जा रही हैं तो क्या ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) इस स्टेशन पर निम्नलिखित सुविधाएं मौजूद हैं :—

(1) पहले दर्जे का प्रतीक्षालय जिनमें फ्लश टट्टियां, पेशाबघर और हाथ धोने के पात्र की व्यवस्था है।

(2) तीसरे दर्जे का प्रतीक्षालय।

(3) तीसरे दर्जे का महिलाओं का प्रतीक्षालय, जिसमें स्नानघर, फ्लश टट्टियां और पेशाबघरों की व्यवस्था है।

(4) प्लेट फार्म पर 3300 वर्ग फुट क्षेत्रफल वाला एक शेड जिसमें 8-8 सीटों वाले दो बेंच हैं।

(5) प्लेटफार्म पर पुरुषों के लिए फ्लश व्यवस्था सहित 3 सीटों वाली टट्टियां।

(6) प्लेटफार्म पर पुरुषों के लिए फ्लश व्यवस्था सहित 3 सीटों वाले पेशाबघर।

(7) तीसरे दर्जे के प्रतीक्षालय में चाय की दुकान।

(8) पाइप से पानी की सप्लाई करने की व्यवस्था।

(ख) जी हां।

(ग) सवाल नहीं उठता।

जियाजी राव काटन मिल्स, ग्वालियर से सम्बन्धित अधिकारियों के विरुद्ध आरोप

3481. **श्री रामावतार शर्मा :** क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि समवाय विधि बोर्ड ने जियाजी राव काटन मिल, ग्वालियर के प्रबन्ध से सम्बन्धित अधिकारियों के विरुद्ध कुछ आरोप लगाये थे ;

(ख) क्या यह भी सच है कि उपर्युक्त उच्च न्यायालय ने समवाय विधि बोर्ड द्वारा लगाये गये आरोपों के औचित्य को भी चुनौती दे दी है ; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार ने उन व्यक्तियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही की है जिन्होंने ये आरोप लगाये थे और यदि हां, तो क्या कार्यवाही की है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) से (ग). यह निर्देश सम्भवतः जियाजी राव काटन मिल्स के लिये हैं। कम्पनी विधि बोर्ड ने, कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 237 (ख) के अन्तर्गत कम्पनी के कार्यों की जांच-पड़ताल का आदेश दिया था। कथित आदेश की वैधता को अनुच्छेद 226 के अन्तर्गत याचिका द्वारा मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के समक्ष, चुनौती दी गई थी, जिसने जांच-पड़ताल रोकने का आदेश दिया। उच्च न्यायालय ने जांच-पड़ताल आदेश का पहले ही अभिखण्डन कर दिया है। इस निर्णय के विरुद्ध, भारत के सर्वोच्च न्यायालय में अपील करने की समययुक्तता का प्रमाण-पत्र देने के लिये, भारतीय संविधान के अनुच्छेद 133 (1) (क) (ख) तथा (ग) के अन्तर्गत एक याचिका, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में मिसिल की जा रही है। व्यवहार प्रक्रिया संहिता के आदेश 47, नियम 1 तथा व्यवहार प्रक्रिया संहिता की धारा 151 के अन्तर्गत भी एक समीक्षा याचिका मिसिल की जा रही है।

Treatment on Harijans in Uttar Pradesh

3482. **Shri S. M. Joshi :** Willl the Minister of **Law and Social Welfare** be pleased to state :

(a) whether Government's attention has been drawn to a news-item published in various

newspapers on the 19th January in regard to the Committee on untouchability working under the Chairmanship of Shri Elayaperumal, in which a mention has been made of the atrocities being perpetrated on Harijans in Uttar Pradesh ;

(b) whether it is a fact that the Chairman of the said Committee has brought to the notice of the Prime Minister the atrocities being perpetrated on Harijans through a letter ;

(c) whether it is a fact that Harijans are not permitted to take meals with the people of other castes in the hostels etc, attached to Government colleges of Uttar Pradesh and separate mess has been opened for the Harijans ; and

(d) if so, the action being taken by Government against the officers of the aforesaid colleges and against other officers concerned ?

The Minister of State in the Ministry of Law and in the Department of Social Welfare (Dr. (SMT.) Phulrenu Guha) (a) Yes, Sir.

(b) No, Sir,

(c) and (d). The question has been taken up with the State Government.

मध्य प्रदेश में चूने की ईंटें बनाने वाला कारखाना

3483. **श्री महन्त दिग्विजय नाथ** : क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश में सस्ती और बढ़िया चूने की ईंटे बनाने वाला एक कारखाना स्थापित किया जा रहा है ;

(ख) यदि हां, तो उस कारखाने की वार्षिक उत्पादन क्षमता लगभग कितनी होगी ;

(ग) क्या ऐसी ईंटें अन्य देशों को भी निर्यात की जायेगी ;

(घ) क्या उत्तर प्रदेश में भी ऐसा कारखाना लगाने के किसी प्रस्ताव पर सरकार विचार कर रही है ; और

(ङ) यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) से (ङ). मध्य प्रदेश या उत्तर प्रदेश में चूने की ईंटें बनाने का कोई भी प्रस्ताव सरकार को नहीं प्राप्त हुआ है ।

एक्सप्रेस रेलगाड़ियों में तीसरी श्रेणी के यात्रियों के लिये स्थान

3484. **श्री शशि भूषण** : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में चलने वाली एक्सप्रेस रेलगाड़ियों में तीसरी श्रेणी के यात्रियों के लिये किस अनुपात से स्थान की व्यवस्था की जाती है तथा यात्रियों की आवश्यकता से यह स्थान कितने प्रतिशत कम रहता है ;

(ख) एक्सप्रेस गाड़ियों में तीसरी श्रेणी सामायिक यात्रियों के लिये तथा उन यात्रियों के लिये जो इन गाड़ियों में पहले अपने स्थान आरक्षित नहीं करते हैं ; कितने स्थानों की व्यवस्था रहती है ;

(ग) क्या यह सच है कि किसी गाड़ी में उपलब्ध स्थानों से कई गुना टिकट बेचे जाते हैं जिसके कारण यात्रियों को दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ता है क्योंकि ऐसी स्थिति में यात्री या तो गाड़ी की छत पर चढ़ कर अथवा पायदान पर खड़े होकर यात्रा करते हैं ; और

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) भारतीय रेलों पर चलने वाली डाक/एक्स-प्रेस गाड़ियों में सामान्यत: कुल जितने डिब्बे जोड़े जाते हैं उनके अनुपात में तीसरे दर्जे के डिब्बों का प्रतिशत बड़ी लाइन पर 71.2 प्रतिशत और मीटर लाइन पर 78.6 प्रतिशत है। अतिरिक्त भीड़ की निकासी और विशेष पार्टियों के लिये समय-समय पर गाड़ियों में विभिन्न दर्जों के अतिरिक्त डिब्बे लगाये जाते हैं।

सवारी ले जाने वाली गाड़ियों के उपयोग का पता लगाने के लिये वार्षिक संगणना की जाती है और दिसम्बर, 1968 में जो संगणना की गयी थी, उसके सम्बन्ध में केवल पूर्व और पश्चिम रेलों के परिणाम उपलब्ध हैं। इनसे पता चलता है कि बड़ी लाइन पर तीसरे दर्जे की जगहें यात्रियों द्वारा अपेक्षित जगहों से क्रमशः 16.4 प्रतिशत और 15.2 प्रतिशत कम हैं। पश्चिम रेलवे की मीटर लाइन सहित बाकी रेलों पर की गयी संगणना के परिणाम अभी प्राप्त नहीं हुए हैं।

ताज एक्सप्रेस जैसी कुछ गाड़ियों को छोड़कर, जिनमें पूरी की पूरी जगहें अग्रिम आरक्षण द्वारा दी जाती हैं ; अन्य डाक/एक्सप्रेस गाड़ियों में तीसरे दर्जे की 40 से लेकर 840 तक सीटें बिना आरक्षण के उन यात्रियों के लिए रहने दी जाती हैं जो सीटों का अग्रिम आरक्षण नहीं कराते।

(ग) और (घ). अनेक बड़े स्टेशनों पर टिकटों की बुकिंग दिन-रात हमेशा होती रहती है और इसलिये आरक्षित जगहों को छोड़कर प्रत्येक गाड़ी में उपलब्ध बाकी जगहों में सामंजस्य नहीं रखा जा सकता। केवल रास्ते के छोटे स्टेशनों पर अलग-अलग गाड़ियों के लिये टिकट जारी किये जाते हैं लेकिन वहां भी जारी किये जाने वाले टिकटों की संख्या और गाड़ियों में उपलब्ध खाली जगहों में सामंजस्य नहीं रखा जा सकता क्योंकि खाली जगहों के बारे में ठीक-ठीक सूचना प्राप्त करना व्यावहारिक नहीं है। जिन यात्रियों ने किसी गाड़ी विशेष के लिये टिकट खरीदे हों और उन्हें उसमें जगह न मिल पायी हो, उनके लिये यह जरूरी नहीं है कि वे उसी गाड़ी में यात्रा करें। क्योंकि नियमों में यह व्यवस्था है कि स्टेशन पर इस तरह के यात्रियों को पूरा किराया लौटा दिया जाये बशर्ते टिकट गाड़ी छूटने के बाद तीन घण्टे के भीतर वापस किया गया हो।

इश्तहारों, समाचार-पत्रों के विज्ञापनों और रेलवे स्टेशनों पर लगे लाउड स्पीकरों द्वारा नियमित रूप से यात्रियों को आगाह किया जाता है कि वे फुट-बोर्डों और गाड़ियों की छतों पर यात्रा न करें। भारतीय रेल अधिनियम की धारा 118 (2) के अधीन इस तरह यात्रा करना एक अपराध है।

रेलवे में वस्तु भाड़े की दरों में वृद्धि

3485. **श्री देवकीनन्दन पाटोदिया :**
श्री रामावतार शर्मा :
श्री क० लकप्पा :
श्री सीताराम केसरी :
श्री यशपाल सिंह :
श्री सु० कु० तापड़िया :
श्री हिम्मतसिंहका :

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रेलवे ने भाड़े की दरों में 10 प्रतिशत वृद्धि कर दी है ;

(ख) यदि हां, तो दरों में वृद्धि करने के क्या कारण हैं ; और

(ग) इससे रेलवे की आय पर कितना प्रभाव पड़ेगा तथा रेलवे यात्रियों को होने वाली असुविधा के अनुपात में यह कहां उचित है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी हां। यह वृद्धि पहली अप्रैल, 1969 से लागू होगी।

(ख) पार्सल के मुकाबले सामान के लिये ऊंची दर पर प्रभार लगाने का औचित्य था। इसका पहला कारण यह है कि काफी सामान निःशुल्क ले जाने की छूट दी गयी है। दूसरा कारण यह है कि आमतौर पर सामान उसी गाड़ी से भेजा जाता है जिससे यात्री यात्रा करता है चाहे वह साधारण सवारी गाड़ी हो अथवा डाक या एक्सप्रेस। इस तरह सामान अधिक शीघ्रता और सुरक्षित रूप से चला जाता है। तीसरा कारण यह है कि जो व्यक्ति कुछ वस्तुओं को बतौर सामान बुक कराता है, उसे उन्हें बुक कराने और गन्तव्य स्टेशन पर छुड़ाने के लिये पार्सलघर तक जाने का कष्ट और खर्च नहीं उठाना पड़ता जो उन वस्तुओं को पार्सल की तरह बुक कराने में उठाना पड़ता। चौथा कारण यह है कि सामान और पार्सल भाड़े की दरें एक सी होने की वजह से तिजारती माल को सामान के रूप में बुक कराने के लिये बढ़ावा मिलता रहा है जिसके फलस्वरूप अन्य यात्रियों को असुविधा होती है और कभी-कभी उनके वास्तविक सामान को भेजना कठिन हो जाता है।

(ग) दर में वृद्धि से प्रति वर्ष लगभग 30 लाख रुपये का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हो सकता था। लेकिन इसके पूर्ण रूप से कार्यान्वित होने की सम्भावना नहीं है क्योंकि रेलों ने यद्यपि जिन वस्तुओं को निःशुल्क ले जाने की छूट थी, उनमें से विस्तर पर यह छूट बन्द कर दी है, फिर भी सभी दर्जों में निःशुल्क ले जाये जाने वाले सामान में 10 किलोग्राम की और

छूट दी गयी है और यह छूट प्रत्येक यात्री को मिलेगी चाहे वह अपने साथ बिस्तर ले जाये या नहीं। यह भी सम्भावना है कि कुछ तिजारती माल जो पहले सामान के रूप में बुक किया जाता था, अब संशोधित दर लागू हो जाने से पार्सल के रूप में बुक किया जायेगा और इसलिये उससे अतिरिक्त प्रभार नहीं मिलेगा।

बढ़ी हुई दर से यात्रियों को कोई असुविधा नहीं होगी बल्कि डिब्बों में भारी सामान ले जाने की प्रवृत्ति कम होने और तिजारती माल के पार्सल के रूप में बुक किये जाने से उनकी सुविधा सुनिश्चित हो जायेगी।

हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड के लिये फालतू पुर्जों तथा कोयले की कमी

3486. **श्री देवकीनन्दन पाटोदिया :**

श्री ज्योतिर्मय बसु :

क्या **इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान समाचारपत्रों में प्रकाशित हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड के अध्यक्ष के इस वकतव्य की ओर दिलाया गया है कि हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड के सामने इस समय फालतू पुर्जे तथा कोयले की समस्या है ;

(ख) यदि हां, तो इन दो वस्तुओं की कितनी कमी है ; और

(ग) इस कमी को दूर करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री के० सी० पन्त) : (क) से (ग). यद्यपि सरकार का ध्यान विशिष्ट रूप से अध्यक्ष के कथित वक्तव्य की ओर आकर्षित नहीं किया गया है तथापि यह ठीक है कि हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड को फालतू पुर्जों, कोकिंग कोयले और मिश्रण-योग्य कोयले की क्वालिटी और पर्याप्त मात्रा में सामयिक उपलब्धि की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। फालतू पुर्जों की आवश्यकता काफी अधिक होती है, प्रत्येक कारखाने के लिये लगभग 3 करोड़ रुपये की, और यथासम्भव इन्हें देश में से ही प्राप्त करना होगा और शेष को आयात द्वारा प्राप्त किया जायेगा। आयात में समय लगता है। कोयले की समस्या प्रमुखतः उसमें राख की मात्रा को एक सी रखने की और उसकी समय पर, विशेषतया वर्षाकाल में उपलब्धि को सुनिश्चित करने की है। इन दोनों ही समस्याओं पर विचार किया जा रहा है और आयात किये जाने वाले फालतू पुर्जों की प्राप्ति को युक्तिसंगत बनाने तथा देशीय पुर्जों के लिये आर्डर देने के लिये कदम उठाये गये हैं। कोयले की आपूर्ति के लिये दो समितियां नियुक्त करने का प्रस्ताव है जिनसे कहा जायेगा कि वे इस समस्या का अध्ययन करके अगले कुछ महीनों में अपनी रिपोर्ट दें।

पांचवें इस्पात कारखाने की स्थापना

3487. **श्री देवकीनन्दन पाटोदिया :**

श्री क० लकप्पा :

श्री यशपाल सिंह :

क्या **इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उन्होंने कहा है कि पांचवें इस्पात कारखाने के लिये स्थान के चयन तथा परियोजना प्रतिवेदन तैयार करने का कार्य शीघ्र आरम्भ किया जायेगा ;

(ख) यदि हां, तो इसके लिये किन-किन स्थानों में से स्थान का चयन किया जायेगा ; और

(ग) यह कार्य कब आरम्भ किया जायेगा ?

इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री कृष्ण चन्द्र पन्त) : (क) चौथी और पांचवीं योजना अवधियों के लिये लोहे और इस्पात का विकास कार्यक्रम तैयार करने हेतु सरकार की सहायता के लिये नियुक्त की गई कर्णधार समिति के प्रतिवेदन का प्रारूप हाल में प्राप्त हुआ है, जिस पर योजना आयोग विचार कर रहा है। इसके विभिन्न पहलुओं पर भली प्रकार विचार किये जाने के पश्चात् ही सरकार इस बारे में अन्तिम निर्णय लेगी।

(ख) और (ग). प्रश्न नहीं उठते।

Representation of the Workers in the Management of Steel Plants

3488. **Shri Shashi Bhushan :** Will the Minister of **Steel and Heavy Engineering** be pleased to state :

(a) whether there is a proposal under the consideration of Government in regard to the representation of workers in the management of major steel plants in the public sector ;

(b) whether Government propose to form Advisory Committees of workers with a view to enable them to suggest ways such as for increasing production and for curbing extravagance in the interest of these plants ;

(c) whether Government have tried to find out the impact on the working of such major plants in different countries where Advisory Committees of workers have already been set up ; and

(d) if so, whether Government have considered this aspect and the reaction of Government thereto ?

The Minister of State in the Ministry of Steel and Heavy Engineering (Shri K. C. Pant) : (a) No.

(b) No.

(c) and (d). The Ministry of Steel and Heavy Engineering has not made any such study.

Bokaro Construction Corporation

3489. **Shri Shashi Bhushan** : Will the Minister of **Steel and Heavy Engineering** be pleased to state :

(a) the number of contractors to whom contracts were given by the Bokaro Construction Corporation for the construction work of Bokaro Steel Plant and the number of labourers working under these contractors ;

(b) whether these labourers are those old and experienced labourers who had constructed the Bhilai and other steel plants ;

(c) instead of placing these labourers at the disposal of contractors, whether Government themselves were not able to utilise their services ;

(d) if Government were not inclined to utilise the services of these labourers, the necessity of setting up this Construction Corporation ;

(e) whether the Incharge of the Bokaro Construction Corporation could not have the said plant constructed ; and

(f) the reaction of the Central Government in regard thereto ?

The Minister of State in the Ministry of Steel and Heavy Engineering (Shri K. C. Pant) : (a) The number of contractors for Civil Engineering Construction and Structural Steel Works to whom contracts were awarded by the Hindustan Steel works Construction Limited (and not Bokaro Construction Corporation) is 12 and 19 respectively. The total number of labour at the end of February, 1969 was of the order of about 24,000.

(b) Details regarding previous experience of workers employed by the contractors are not available with the Hindustan Steel works Construction Limited.

(c) and (d). The Hindustan Steel works Construction Limited have found it advantageous to undertake the construction work of Bokaro Steel Plant through the contractors. By and large, the Company has been able to achieve the purpose for which it was set up viz (i) Conservation of trained personnel in specialised fields of steel works construction and (ii) good quality of work and economy.

(e) and (f). Presumably, the question is why Hindustan Steelworks Construction Limited could not do the work themselves direct instead of through contractors. Departmental working in a project of the size and complexity of Bokaro is attendant with problems of retrenchment of labour and other staff when work tapers off. Also the work at the Plant is divisible in distinct areas and zones in relation to the nature and size of the work involved. The execution of work through a number of contractors ensures freer and fuller competition and facilitates the completion of work economically and satisfactorily.

Construction Corporation for Bhilai Steel Plant

3490. **Shri Shashi Bhushan** : Will the Minister of **Steel and Heavy Engineering** be pleased to state :

(a) whether a Construction Corporation for the construction work of the Bhilai Steel Plant has been set up on the pattern of the Bokaro Construction Corporation ;

(b) if not, the necessity for setting up the Bokaro Construction Corporation for the construction work of the Bokaro Steel Plant ;

(c) the reasons for not entrusting the construction work of the Bokaro Steel Plant to the National Buildings Construction Corporation especially when this Corporation is proposed to be closed down for want of work and also the reasons for which the Bokaro Construction Corporation is engaging contractors for this work ; and

(d) the future plan to ensure co-ordination between the public undertakings and other public organisations in regard to such construction work ?

The Minister of State in the Ministry of Steel and Heavy Engineering (Shri K. C. Pant) : (a) No, Sir.

(b) The civil engineering and structural work for the Ist phase of the Bokaro Steel Plant has been entrusted to the Hindustan Steel works Construction Limited, which when fully developed, is expected to undertake a sizeable part of the construction work connected with the setting up of new steel plants or the expansion of the existing steel works. Apart from developing specialised skills in the line, the Steel Plant will not be burdened with a large body of manpower required for construction but not for operation of the Plant.

(c) and (d). The work of construction at Bokaro was entrusted to Hindustan Steel works Construction Limited with a view to developing a specialised nucleus organisation for the construction of steel plants. The National Buildings Construction Corporation is mainly engaged in relatively simpler civil engineering projects and there is no proposal, at present, for its being closed. The Hindustan Steelworks Construction has found it desirable to work through a number of contractors. The work of construction at Bokaro Steel Plant is divisible into a number of distinct areas and zones in relation to the nature and size of the work involved and execution of work through a number of contractors ensures freer and fuller competition and facilitates the completion of work more economically and satisfactorily. To the extent practicable, coordination has been and will be ensured between Bokaro Steel Plant and other public undertakings in the construction and erection of the plant.

बिहार सरकार की अनुसूचित आदिम जातियों के लिये कल्याण योजनायें

3491. **श्री बाल्मीकि चौधरी** : क्या **विधि तथा समाज कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार सरकार ने 1969-70 तथा/अथवा चौथी पंचवर्षीय योजना में बिहार में अनुसूचित आदिम जातियों के कल्याण तथा विकास के लिये कोई कार्यक्रम प्रस्तुत किया है ;

(ख) यदि हां, तो इस कार्यक्रम के अन्तर्गत योजनाओं का ब्योरा क्या है तथा तत्सम्बन्धी लागत परिव्यय कितना है; और

(ग) इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा इसके लिये कितनी सहायता दी गई है अथवा दी जायेगी ?

विधि मंत्रालय और समाज कल्याण विभाग में राज्यमंत्री (डा० (श्रीमती) फूलरेणु गुह) : (क) जी हां ।

(ख) चौथी पंचवर्षीय योजना के सम्बन्ध में पूछी गई सूचना 12-12-1968 को अतारांकित प्रश्न संख्या 4289 के उत्तर में दी जा चुकी है । 1969-70 वर्ष के अन्तर्गत जिन मुख्य योजनाओं को लिये जाने का प्रस्ताव है वे इस प्रकार हैं ;

राज्य क्षेत्र	**लाखों रुपये में**
शिक्षा योजनाएं	26.25
आर्थिक विकास योजनाएं	7.60
स्वास्थ्य, आवास तथा	3.10
अन्य योजनाएं	
योग ..	36.95
केन्द्रीय क्षेत्र	
मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्तियाँ	43.00
महिला छात्रावास	1.00
परीक्षापूर्व प्रशिक्षण	1.07
टी० डी० ब्लाक्स	93.00
सहयोग	4.00
अनुसन्धान और प्रशिक्षण	1.00
	148.07

(ग) अन्तिम आंकड़े तभी प्राप्त होंगे जब वर्ष 1969-70 का बजट संसद् द्वारा पारित हो जाएगा । राज्य की योजनाओं के लिये केन्द्र की सहायता पर अनुमानित व्यय या वास्तविक व्यय, जो भी कम हो, का 60 प्रतिशत है । केन्द्र द्वारा प्रायोजित क्षेत्र के लिए केन्द्रीय सहायता 100 प्रतिशत है ।

भिलाई इस्पात कारखाना

3492. **श्री बे० कृ० दासचौधरी :** क्या **इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भिलाई इस्पात कारखाने का विचार कारखाने के विभिन्न यूनिटों में बड़े पैमाने पर मरम्मत के कार्यक्रम को हाथ में लेने का है ; और

(ख) यदि हां, तो इस मरम्मत की क्या आवश्यकता है और इस पर कितनी लागत आयेगी और क्या इससे उत्पादन कार्यक्रम पर कोई प्रभाव पड़ेगा ?

इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री कृष्ण चन्द्र पन्त) :- (क) और (ख). इस्पात कारखानों में बड़े पैमाने पर मरम्मतों का कार्यक्रम होता है जो कारखाने की इकाइयों के अनुसार समय-समय पर करनी पड़ती है, जिससे अधिकतम उत्पादन हो सके और मशीनों की कार्यावधि बनी रहे। उपरिलिखित मरम्मतों में से ऐसी मरम्मतों का काम जो भिलाई इस्पात कारखाने के लिये आवश्यक थीं, हाथ में लिया गया है। मरम्मत पर आने वाले खर्च का पता तभी चलेगा जब मरम्मतें पूरी हो जायेंगी। इन मरम्मतों से उत्पादन कार्यक्रम पर प्रभाव पड़ता है।

Prices of articles in retail shops in Delhi

3493. **Shri Nihal Singh :** Will the Minister of **Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that all articles in the retail shops are sold at rates higher than those prevailing in the markets of the Capital ;

(b) whether it is also a fact that retail shopkeepers have to spend much on fare etc. in bringing small quantities of goods due to which these goods cost them more and thus they are compelled to sell them at higher prices ; and

(c) if the replies to parts (a) and (b) above be in the affirmative, whether Government propose to fix the fare of tongas, tempos etc. from the main business centres to various places and display a list thereof in those business centres ?

The Minister of Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs (Shri F. A. Ahmad) : (a) and (b). There are over twenty wholesale and several retail markets in different localities in Delhi. Wholesale markets are located in particular areas, but retail markets are spread all over. Retail prices which include an element of retailers' overhead charges on transportation, rent, interest, retailers' profit etc. are higher than wholesale prices.

(c) The Municipal Corporation, Delhi, which issues licences to tongas has fixed fare lists for tongas which are required to be displayed on tongas. Rates for tempos and trucks have been fixed by the State Transport authority, Delhi. The Delhi Administration are having no proposal at present to display fare rates of tempos or trucks in business centres.

हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन, रांची में इंजीनियर सहायक

3494. **श्री जार्ज फरनेन्डीज :** क्या **इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उन्हें रांची स्थित हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन में नियुक्त इंजीनियर सहायकों के विवाद के बारे में जानकारी है ;

(ख) यदि हां, यह विवाद किन बातों पर है ;

(ग) क्या इस मामले के समाधान के लिये सरकार ने कोई कार्यवाही की है ; और

(घ) यदि हां, तो उसके क्या परिणाम निकले ?

इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री कृष्ण चन्द्र पन्त) : (क) से (घ). यह मामला सर्वथा हैवी इंजीनियरिंग निगम के अधिक्षेत्र में आता है। इंजीनियर सहायकों की मांगें निम्नलिखित हैं :—

(i) शिक्षणावस्था की अवधि में उन्हें स्थायी कर्मचारी समझा जाना चाहिए ;

(ii) शिक्षणावस्था की अवधि में उन्हें महंगाई भत्ता, प्रायोजना भत्ता, अंशदात्री भविष्य-निधि, छुट्टी और उपदान के लाभ मिलने चाहिये ;

(iii) वेतन-मान में संशोधन ;

(iv) वजीफे की बढ़ी हुई दर अतीत प्रभावी होनी चाहिये ;

(v) उनके लिए पदोन्नति की निश्चित नीति होनी चाहिए ।

कम्पनी इन मांगों पर विचार कर रही है ।

राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम के कर्मचारियों की मांगें

3495. **श्री जार्ज फरनेन्डीज : औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम कर्मचारी संघ के प्रबंधकों तथा/अथवा सरकार को कोई मांगें प्रस्तुत की हैं ;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्योरा क्या है ; और

(ग) क्या इन मांगों को निबटाने के लिये अब तक कोई कार्यवाही की गई है ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) जी हां ।

(ख) इन मांगों का संबंध संघ को सहायता देने, मकान-किराये भत्ते में वृद्धि करने, सवारी भत्ता मंजूर करने, प्रत्यक्ष भर्ती पर रोक लगाने, भर्ती और पदोन्नति नियमों का पुनरीक्षण करने, वरिष्ठता नियम बदलने, सेवा समाप्त करने वाले खण्ड को बदलने, स्थानान्तरण, छुट्टी नियमों में परिवर्तन करने, निवास-स्थान की, अतिथि गृहों, अवकाश गृह, कैंटीन, सम्मिलित कर्मचारी कक्ष और लाइब्रेरी की व्यवस्था करने, मकान बनाने के लिये धन देने, पदों का निर्माण करने, वेतन-क्रम, स्थानापन्न भत्ता देने, रिक्त स्थानों की पूर्ति करने, तदर्थ पदोन्नति करने, गोपनीय रिपोर्टों में प्रतिकूल टिप्पणियों, चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की वर्दियों पी० टी० सी० कर्मचारियों द्वारा समय को सुसंगत करने, सेवा नियमों, गेच्चुटी, बोनस में परिवर्तन करने, निगम के कार्यकलापों को बढ़ाने, बकाया राशि का भुगतान करने, प्रतिनियुक्ति पर आये व्यक्तियों को वापस भेजने, रोजगार कार्यालयों में पंजीयन कराने, आकस्मिक श्रमिकों का नियमन करने, कर्मचारी निरीक्षण एकक की रिपोर्ट, उप निदेशक (प्रशासन) को हटाने, समयोपरि-भत्ता देने आदि से है ।

(ग) संघ तथा व्यवस्थापकों के बीच हुए समझौते के फलस्वरूप दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों की एक समिति इन मांगों पर सिफारिश करने के लिए बना दी गई थी। इस समिति ने अब अपनी सिफारिशें दे दी हैं जिन पर व्यवस्थापकों द्वारा विचार किया जा रहा है।

लघु उद्योग क्षेत्र से निर्यात

3496. **श्री क० प्र० सिंह देव :** क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विदेशी व्यापार संस्थान ने देश के लघु उद्योग क्षेत्र से निर्यात बढ़ाने के संबंध में कुछ सुझाव दिये हैं ;

(ख) यदि हां, तो उनकी मुख्य बातें क्या हैं ; और

(ग) उन पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) लघु उद्योग बोर्ड की स्थायी समिति ने निर्यात बढ़ाने के लिये एक उप-समिति का गठन किया है। भारतीय विदेश व्यापार संस्थान ने उप-समिति के प्रतिवेदन को प्रचारित किया है।

(ख) प्रतिवेदन में निर्यात के प्रयत्नों में औद्योगिक बस्तियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया है।

(ग) प्रतिवेदन विचाराधीन है।

रेलवे सुपरवाइजरों द्वारा नियमानुसार कार्य करने की धमकी

3497. **श्री हरदयाल देवगुण :** **श्री वेणी शंकर शर्मा :**
श्री दी० चं० शर्मा : **श्री रणजीत सिंह :**

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे इंजन लोको शैडों में कार्य करने वाले रेलवे सुपरवाइजरों ने धमकी दी है कि यदि अधिक वेतनमान सम्बन्धी उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे अगस्त से "नियमानुसार कार्य" आरम्भ कर देंगे ;

(ख) क्या उनकी मांग पर विचार किया गया है ; और

(ग) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी हां।

(ख) और (ग). अतीत में इस मांग की जांच की जा चुकी है। वर्तमान स्थिति में रेल कर्मचारियों के वेतन आदि में व्यापक परिशोधन करना सम्भव नहीं हो सका है। साथ ही, इस

बात को देखते हुए कि सभी रेल कर्मचारियों की सेवा की शर्तें एक दूसरे से सम्बन्धित हैं, केवल इस कोटि के कर्मचारियों की मांगों पर विचार नहीं किया जा सकता ।

संकट-ग्रस्त औद्योगिक कारखाने

3498. **श्री दी० चं० शर्मा :** **श्री हरदयाल देवगुण :**
श्री वेणी शंकर शर्मा : **श्री रणजीत सिंह :**

क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कोई ऐसे उपाय सोचे जा रहे हैं जिनके अनुसार औद्योगिक एककों के संकट के समय सरकार उनका कार्य अपने हाथ में ले सके ; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में क्या उपाय किये जायेंगे ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) जी, हां ।

(ख) प्रस्ताव का विवरण तैयार किया जा रहा है, मामले पर निर्णय होने में कुछ समय लगेगा ।

चर्म शोधन तथा जूता निगम

3499. **श्री दी० चं० शर्मा :** **श्री न० कु० सांघी :**
श्री हरदयाल देवगुण : **श्री लीलाधर कटकी :**
श्री बेणी शंकर शर्मा : **श्री चिन्तामणि पाणिग्रही :**
श्री रणजीत सिंह : **श्री ओंकार लाल बोहरा :**
श्री बलराज मधोक : **श्री महाराज सिंह भारती :**
श्री काशी नाथ पाण्डेय : **श्री बे० कृ० दासचौधरी :**
श्रीमती सावित्री श्याम :

क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ब्रिटिश इंडिया कारपोरेशन के कूपर एलन एकक के प्रबंधक को अपने हाथ में लेने के लिए सरकारी क्षेत्र में एक नया निगम स्थापित किया गया है और यह क्या निगम भारतीय चर्म शोधक तथा जूता निगम कहलायेगा ;

(ख) क्या उत्पादन की किस्म और मात्रा में सुधार करने के लिए इस एकक को आधुनिकीकरण करने का प्रस्ताव है ; और

(ग) यदि हां, तो इसके लिए कितनी धनराशि मंजूर की गई है तथा इस निगम की आर्थिक स्थिति कैसी है ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद): (क) जी, हां।

(ख) जी, हां।

(ग) प्रारम्भिक जांच-पड़ताल और कम्पनी के अनुमानों के अनुसार कूपर एलन एण्ड नार्थ वेस्ट टेनरी की इकाइयों का आधुनिकीकरण करने और लगभग 6 लाख फौजी जूतों और 12 लाख असैनिक जूतों, जिनका मूल्य 3.8 करोड़ रु० (लगभग) प्रतिवर्ष होगा, का लाभपूर्ण ढंग पर उत्पादन करने की दृष्टि से 1 करोड़ रुपया व्यय करना होगा। अनुमान है कि सुव्यवस्थित आयोजन, उत्पादन, किस्म नियंत्रण और न्यायोचित मंजूरी प्रणाली से ये इकाइयां अंततोगत्वा 14.5 लाख रु० प्रतिवर्ष का लाभ कमा सकेंगी।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के स्थान के लिये पाकिस्तानी राष्ट्रिक द्वारा नामनिर्देशन-पत्र का फाइल किया जाना

3500. **श्री हेमराज**: क्या **विधि तथा समाज कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 8 फरवरी, 1969 को 'मार्च आफ दि नेशन' में प्रकाशित इस समाचार की ओर दिलाया गया है कि एक पाकिस्तानी राष्ट्रिक अमर सिंह उर्फ खुदा बक्श ने उत्तर प्रदेश विधान सभा के एक स्थान के लिये नामनिदशन-पत्र दाखिल किये थे; और

(ख) यदि हां, तो क्या उसके नामनिर्देशन-पत्र स्वीकार कर लिये गये थे ?

विधि मंत्रालय तथा समाज कल्याण विभाग में उपमंत्री (श्री मु० यूनस सलीम) : (क) और (ख). उत्तर प्रदेश के संयुक्त मुख्य निर्वाचक आफिसर ने 21-1-1969 को निर्वाचन आयोग को यह रिपोर्ट दी कि सोनी के पुत्र अल्लादीन ने, जो कि पाकिस्तानी राष्ट्रिक है मथुरा जिले की 367—छाता विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में सोनी के पुत्र अमर सिंह के नाम में नामनिर्देशन-पत्र फाइल किया था। चूंकि श्री अमर सिंह का नाम निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलि में रजिस्ट्रीकृत था और नामनिर्देशन-पत्रों की समीक्षा के समय उपस्थित किसी भी अभ्यर्थी या उनके किसी भी प्राधिकृत अभिकर्ता ने नामनिर्देशन करने पर आपत्ति नहीं की, इसलिये रिटर्निंग आफिसर ने नामनिर्देशन-पत्र स्वीकार कर लिया।

इस्पात कारखानों में बिलेट का उत्पादन

3501. **श्री जे० मुहम्मद इमाम** :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री जे० एच० पटेल :
श्री जार्ज फरनेन्डीज :
श्री सु० कु० तापड़िया :
श्री द० रा० परमार :
श्री रा० कृ० नायर :
श्री छ० म० केदरिया :

क्या **इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अप्रैल, 1966 से अब तक प्रत्येक तिमाही में प्रत्येक प्रमुख इस्पात कारखाने में

प्रमाणीकृत किस्म के बिलेटों की तुलना में घटिया किस्म के बिलेटों का अनुमान क्या था;

(ख) उक्त अवधि में संयुक्त संयंत्र समिति (जे० पी० सी०) ने समय-समय पर उक्त दो किस्मों के लिये क्या मूल्य निर्धारित किये थे;

(ग) क्या उनका निर्माण उनके मूल्य असंतोषजनक स्थिति बतलाते हैं;

(घ) इस संतोषजनक स्थिति में सुधार करने के लिये क्या कार्यवाही करने का विचार है; और

(ङ) क्या प्रमाणीकृत बिलेटों की अपर्याप्त सप्लाई पुनर्बेलन मिलों के निर्यात के बढ़ाने में बाधक हैं ?

इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री कृष्ण चन्द पन्त) : (क) जानकारी अभी उपलब्ध नहीं है ।

(ख) 1966 से समय-समय पर निश्चित किये गये बिलेट के मूल्यों के बारे में एक वक्तव्य सभा-पटल पर रख दिया गया है । [**पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी०** 394/69]

(ग) और (घ). 1968-69 में 100 मिली मीटर और इससे कम के घटिया किस्म के बिलेटों के उत्पादन का अनुमान 25 प्रतिशत के लगभग है । उत्पादकों को सलाह दी गई है कि वे घटिया किस्म के उत्पादन के प्रतिशत में कमी लाने का प्रयत्न करें ।

(ङ) संयुक्त संयंत्र समिति ने आपूर्ति और मांग की समग्र स्थिति, निर्यात करने वाले पुनर्बेलकों के पिछले कार्यकरण और उनके भविष्य के वायदों को ध्यान में रखते हुये समुचित मात्रा में परीक्षित बिलेटों का नियतन निर्यात हेतु वस्तुओं के निर्माण के लिये किया है ।

बिलेटों का निर्माण

3502. **श्री जे० मुहम्मद इमाम :** **श्री सु० कु० तापड़िया :**
श्री हुकम चन्द कछवाय : **श्री द० रा० परमार :**
श्री जे० एच० पटेल : **श्री क० कृ० नायर :**
श्री जार्ज फरनेन्डीज : **श्री छ० म० केदरिया :**

क्या **इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1966-67, 1967-68 और 1968-69 में दिसम्बर, 1968 तक की प्रत्येक तिमाही में प्रत्येक मुख्य निर्माता की बिलेटों की कारखानेवार निर्माण क्षमता कितनी थी और उत्पादन कितना था;

(ख) उक्त अवधि में विभिन्न प्रकार के बिलेटों के निर्माण का वर्षवार ब्योरा क्या है; और

(ग) उक्त अवधि में पुनर्बेलन मिलों को बिलेटों की सप्लाई का कारखानेवार, वर्षवार और किस्मवार ब्योरा क्या है ?

इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री कृष्ण चन्द्र पन्त) : (क) और (ख). विक्रय हेतु अर्द्ध तैयार इस्पात की जिसमें बिलेट भी शामिल हैं, अधिष्ठापित क्षमता निम्नलिखित है :

भिलाई	315,000 टन
दुर्गापुर	370,000 टन
टाटा	300,000 टन+
इंडियन आयरन एण्ड स्टील कम्पनी	150,000 टन+

(ख) वर्ष 1966-67, 1967-68 और 1968-69 (दिसम्बर 1968 तक) की प्रत्येक तिमाही में कारखानावार विक्रय बिलेट के उत्पादन का ब्योरा सभा-पटल पर रख दिया गया है। [**पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी०** 395/69] किस्मवार बिलेट के उत्पादन के आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं।

(ग) वर्ष 1966-67, 1967-68 और 1968-69 (दिसम्बर 1968 तक) कारखाना-वार बिलेट के प्रेषण का ब्योरा सभा-पटल पर रख दिया गया है। [**पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी०** 395/69] बिलेट के प्रेषक का वर्गक्रम से ब्योरा उपलब्ध नहीं है।

फैजाबाद में छोटे (मिनी) ट्रैक्टर निर्माण कारखाना

3503. **श्री रा० कृ० सिंह** : क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या फैजाबाद में छोटे (मिनी) ट्रैक्टर निर्माण कारखाना स्थापित करने की किसी योजना पर विचार किया जा रहा है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

+इन आंकड़ों में बिलेट की वह क्षमता सम्मिलित नहीं है जिनका दूसरी वस्तुओं के निर्माण के लिये प्रधान कारखाने में ही उपयोग किया जाता है।

लखनऊ और बरौनी के बीच मीटर लाइन को बड़ी लाइन में परिवर्तित किया जाना

3504. **श्री रा० कृ० सिंह** : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या लखनऊ और बरौनी के बीच गोरखपुर से होकर जाने वाली, मीटर लाइन को बड़ी लाइन में परिवर्तित करने का कोई प्रस्ताव है; और

(ख) यदि हां, तो यह परिवर्तन-कार्य कब तक पूरा हो जायेगा ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी हां ।

(ख) लखनऊ और बाराबंकी पहले से ही उत्तर रेलवे के एक बड़ी लाइन खंड द्वारा जुड़े हुए हैं । बाराबंकी से गोंडा, गोरखपुर और भटनी तक मीटर लाइनों को बदलने के लिए इंजीनियरिंग और यातायात सर्वेक्षण पहले से हो रहे हैं और भटनी-बरौनी भाग के लिए सर्वेक्षण शीघ्र शुरू करने का विचार है । सर्वेक्षणों के पूरा हो जाने और रेलवे बोर्ड द्वारा सर्वेक्षण रिपोर्टों की जांच किये जाने के बाद इन मीटर लाइनों के बड़ी लाइनों में वास्तविक बदलाव के बारे में विनिश्चय किया जायेगा ।

रेलवे में बिना टिकट यात्रियों का पता लगाने के लिये विशेष अनुभाग

3505. **रा० कृ० सिंह** : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रेलवे द्वारा बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्रियों का पता लगाने के लिये गठित विशेष अनुभाग में कितने कर्मचारी हैं;

(ख) इस पर आरम्भ से अब तक प्रति वर्ष कितना व्यय किया गया; और

(ग) अनुभाग द्वारा कितने मामलों का पता लगाया गया और उसके परिणामस्वरूप कितनी धनराशि वसूल की गई ?

रेलवे मंत्री (डा० रामसुभग सिंह) : (क) यह स्पष्ट नहीं है कि 'स्पेशल सैल' से किस बात का बोध अभिप्रेत है । विभिन्न रेलों पर टिकट जांच व्यवस्था को समय-समय पर बदलती हुई परिस्थितियों और किसी समय विशेष पर अपनायी जाने वाली नीति के अनुरूप समंजित कर दिया जाता है । इसके लिए अलग-अलग रेलों पर कभी-कभी अस्थायी रूप से टिकट जांच कर्मचारियों की संख्या बढ़ा दी जाती है, जैसाकि हाल ही में पूर्वोत्तर रेलवे पर किया गया है । कुछ समय पहले जो एकमात्र संगठन स्थापित किया गया था, वह रेलवे बोर्ड में विभिन्न रेलों पर होने वाली बिना टिकट यात्रा का अनुमान लगाने के लिये किया गया था । यह संगठन मार्च, 1967 से सितम्बर, 1968 तक रहा और इसमें विभिन्न कोटियों के 60 कर्मचारी थे ।

(ख) रेलवे बोर्ड में जो विशेष संगठन स्थापित किया गया था, उसके कर्मचारियों पर हुए खर्च का हिसाब लगाया जा रहा है और इसे सभा-पटल पर रख दिया जायेगा ।

(ग) रेलवे बोर्ड के इस विशेष संगठन ने, बिना टिकट होने वाली यात्रा का अनुमान लगाने के दौरान, 92,639 मामलों का पता लगाया जिनसे 3,25,860 रुपये की रकम वसूल हुई ।

Hospital Building at Lalgarh Junction of Bikaner Division

3507. **Shri P. L. Barupal :** Will the Minister of **Railways** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that thousands of cement bags have been stolen from the Railway stores during the construction of a hospital building at Lalgarh Junction of Bikaner Division of Northern Railway ;

(b) whether it is also a fact that an attempt was made to deposit some articles in the store but it was in vain and the officers concerned are trying to hush up the case ; and

(c) whether Government would institute an inquiry into the matter and take action for awarding of punishment to those who are found guilty in this case ?

The Minister of Railways (Dr. Ram Subhag Singh) : There was no theft from this store but a case of misappropriation of 869 bags of cement has been reported.

(b) Nothing of this nature has come to the notice of the Zonal Railway Administration concerned.

(c) Investigations have already been made by the Superintendent of Police, Special Police Establishment, Jaipur and departmental action against the delinquent officials has also been initiated.

Scholarships to Students of Delhi Polytechnic and other Colleges

3508. **Shri Nihal Singh :** Will the Minister of **Law and Social Welfare** be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 138 on the 11th November, 1968 and state :

(a) whether information regarding minimum income of the guadians of the students of Delhi Polytechnic and other Colleges has since been collected ;

(b) if so, the details thereof ; and

(c) if not, the reasons for the delay ?

The Minister of State in the Ministry of Law and in the Department of Social Welfare (Dr. (Smt.) Phulrenu Guha) (a) : Yes, Sir.

(b) The Delhi Administration have intimated that the number 813 includes 397 renewals and 416 fresh awards made to Scheduled Castes only. Renewals were made on the basis of the awards made in the previous years. The highest and lowest income levels covered in the award of fresh scholarships to the Scheduled Caste students were Rs. 498.80 p.m. and Rs. 40 p.m. respectively.

(c) Does not arise.

Uniforms for Railway Employees

3509. **Shri Ramavatar Shastri :** Will the Minister of **Railways** be pleased to state :

(a) the names of the Departments of Indian Railways, the employees of which are provided with full cotton and woollen uniforms;

(b) whether it is a fact that trousers or full pants are not provided to Station Masters and Assistant Station Masters as were given to them earlier even if they work at night;

(c) if so, the reasons for discrimination among the employees of various classes in the matter of uniform ;

(d) whether Government propose to provide full uniforms to all the employees of Indian Railways; and

(e) if not, the reasons therefor ?

The Minister of Railways (Dr. Ram Subhag Singh) : (a to (e). Uniforms for different categories of Railway employees were standardised in 1963 based on the recommendations of the Railway Uniforms Committee appointed by the Railway Board in 1955. According to the Standardised Dress Regulations a number of categories of staff of the following Departments on the Indian Railways became eligible for the supply of cotton and woollen uniforms :—

1. Accounts, Cash and Pay.
2. Commercial and Operating.
3. Catering.
4. Electrical.
5. Engineering.
6. Medical.
7. Mechanical.
8. Marine.
9. Signal and Tele-Communication.
10. Stores ; and
11. General.

In view of stringent need for economy, orders were issued in January, 1966, that Railways should issue uniforms for the time being in accordance with the old Dress Regulations existing on each Railway before standardisation in February, 1963 or in accordance with the Standardised Dress Regulations whichever were less liberal. These orders have been extended, for the present, upto 31-3-1970.

With the operation of Economy Orders, some disparity in the supply of uniforms to different categories of Railways employees arose including the one referred to in part (b) of the question. However, another Uniforms Committee has now been appointed for reviewing the recommendations of the Uniforms Committee appointed in 1955 having regard to the present needs, which will be judged primarily with regard to the duties that the employees have to perform.

Station Masters and Assistant Station Masters on the Indian Railways

3510. **Shri Ramavatar Shastri :** Will the Minister of **Railways** be pleased to state :

(a) the number of Station Masters and Assistant Station Masters, separately, working on the Stations of Indian Railways ;

(b) whether it is a fact that quarters have not been allotted to all of them ;

(c) if so, the number of them separately ;

(d) the reasons for not giving them quarters ;

(e) whether House Rent Allowance is paid to such persons by Government ;

(f) if so, the rate thereof ; and

(g) when Government propose to provide quarters to them ?

The Minister of Railways (Dr. Ram Subhag Singh) : (a) to (g). The information is being collected and will be laid on the Table of the Sabha.

Welfare Scheme for Tribals in the Country

3511. **Shri Deorao Patil :** Will the Minister of **Law and Social Welfare** be pleased to state :

(a) whether any special scheme for the welfare of tribals in the country is under consideration of Government ; and

(b) if so, the main features of the scheme ?

The Minister of State in the Department of Social Welfare (Dr. (Smt.) Phulrenu Guha) : (a) and (b). No new special scheme for the welfare of tribal people in the country is presently under consideration. All the schemes in operation in the Backward Classes Sector can be said to be special schemes in the sense that they are supplemental to the general developmental efforts of the various other Sectors of the Plans. The more important schemes of these are implemented in the Centrally Sponsored Programme with 100% Central assistance. The details of the existing schemes are contained in the Report of the Department of Social Welfare for the year 1967-68.

ढुलाई में माल की हानि

3512. **श्री नीतिराज सिंह चौधरी :** क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सड़क परिवहन बढ़ जाने के कारण रेलवे को माल की ढुलाई में कितनी हानि हुई;

(ख) उक्त हानि को रोकने के लिये क्या कार्यवाही की गई है और उसके क्या परिणाम निकले;

(ग) क्या 'कंटेनर' वाली नई सेवा आदि को एक लाख से अधिक जनसंख्या वाले सब स्थानों पर लागू करने का है और यदि हां, तो कब तक; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) 1967-68 के कुछ महीनों को छोड़कर जिनमें यातायात में थोड़ी गिरावट आयी, रेलों द्वारा ढोये जाने वाले यातायात में उत्तरोत्तर वृद्धि होती रही है। यह बात स्वयं सिद्ध है कि यदि सड़क यातायात न होता, तो ढुलाई के लिये रेलों को और भी अधिक मात्रा में यातायात उपलब्ध होता, लेकिन यह बात उल्लेखनीय है कि देश की अर्थ व्यवस्था में सड़क यातायात को अपनी भूमिका अदा करनी है और केन्द्रीय सरकार तथा राज्य सरकारें दोनों ही उसके विकास के लिए विभिन्न उपाय कर रही हैं। अतः सड़क यातायात में वृद्धि न होने की दशा में रेलें कितना यातायात ढोतीं, इस बात का अनुमान लगाने के प्रयास से कोई लाभ नहीं होगा।

(ख) रेलें निरन्तर जिस बात की कोशिश कर रही हैं, वह है सेवा के स्तर में सुधार। जिन कुछ पहलुओं पर बराबर ध्यान दिया जा रहा है, वे हैं मालडिब्बों की समय से सप्लाई और रास्ते में लगने वाला समय। शीघ्र परिवहन सेवाओं और सुपर एक्सप्रेस माल गाड़ियों से माल के शीघ्र परिवहन की व्यवस्था की जाती है। रास्ते में माल को नुकसान और क्षति से बचाने के लिए विभिन्न उपाय अपनाये जाते हैं। जहां उचित और व्यावहारिक होता है, पैकिंग की शर्तों को और आसान और कम खर्चीला बनाया जाता है। एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन तक माल की ढुलाई की दरें भी कम निर्धारित की जाती हैं। आउट एजेंसियों और सिटी बुकिंग एजेंसियां खोली जाती हैं और ग्राहकों की सुविधा के लिये रेल तथा सड़क परिवहन की समेकित व्यवस्था करने के लिये घर से माल इकट्ठा करके घर तक पहुंचाने की व्यवस्था की जाती है। घर से घर तक सामान पहुंचाने और पैकिंग के खर्च में कमी करने के लिये प्रमुख स्टेशनों के बीच कन्टेनर सेवा की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही इससे रास्ते में हानि और उठाईगिरी की घटनाएं नहीं होंगी। घर से घर तक सामान पहुंचाने के लिए रेलों ने हाल में एक नयी योजना शुरू की है इसे 'फ्रेट फारवार्डिग' कहते हैं। इस योजना के अन्तर्गत 'फ्रेट फारवार्डर' रेलों के साथ एक करार के अन्तर्गत काम करता है। वह माल भेजने वाले उन व्यक्तियों से यातायात प्राप्त करता है जो कन्टेनर भर माल नहीं दे पाते और माल भेजने वाले विभिन्न व्यक्तियों द्वारा प्रस्तुत माल को कन्टेनर लोड में इकट्ठा करता है। कन्टेनर भार के लिये रेलें उससे स्पेशल दर पर प्रभार लेती हैं; परन्तु वह माल भेजने वालों के साथ अपनी शर्तें तय करने में स्वतंत्र रहता है। प्रत्येक रेलवे पर एक विपणन और बिक्री संगठन की स्थापना की गई है ताकि उपभोक्ताओं की संतुष्टि से सम्बन्धित रेल संचालन सभी पहलुओं पर काफी उच्च स्तर पर निगरानी रखी जा सके। यह संगठन सेवा के स्तर को बेहतर बनाने और व्यापार तथा उद्योगों से निकट सम्पर्क स्थापित करने में अपना ध्यान केन्द्रित कर रहा है ताकि उनकी कठिनाइयां यथासम्भव शीघ्र और प्रभावशाली ढंग से दूर की जा सकें। यह संगठन यातायात की ढुलाई के रुख पर कड़ी निगरानी रखता है और व्यापार को संतोषजनक सेवा प्रदान करने के लिये उपाय करता है।

(ग) और (घ). कन्टेनर सेवा उन स्टेशनों के बीच शुरू की जाती है, जहां कन्टेनर में भेजने लायक पर्याप्त यातायात उपलब्ध हो और जहां इस सेवा के काफी लोकप्रिय होने की संभावना हो। नगरों की जनसंख्या के आधार पर यह सेवा शुरू नहीं की जाती।

रेलों का विद्युतीकरण

3513. **श्री नीतिराज सिंह चौधरी :**
श्री यशपाल सिंह :

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अब तक भारतीय रेलवे के किन-किन सेक्शनों का विद्युतीकरण किया गया है;

(ख) अभी तक कौन-कौन सेक्शन चालू नहीं हुए हैं तथा उनके कब तक चालू हो जाने की संभावना है;

(ग) अगले तीन वर्षों में भारतीय रेलवे के किन-किन सेक्शनों का विद्युतीकरण किया जायेगा; और

(घ) क्या मध्य रेलवे का भुसावल-इटारसी सेक्शन इसमें सम्मिलित नहीं किया गया है और यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) से (ग). एक विवरण संलग्न है । **[पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी०** 396/69]

(घ) जी नहीं । मध्य रेलवे के भुसावल-इटारसी खण्ड के बिजलीकरण को पुरानी चौथी पंचवर्षीय आयोजना के दौरान बिजलीकरण के कार्यक्रम में शामिल किया गया था, लेकिन इस योजना को आस्थगित करना पड़ा क्योंकि पुनासा नदी पर बांध बन जाने के फलस्वरूप इस लाइन का एक भाग पानी में डूब जायेगा और उसका फिर से स्थान-निर्धारण करना पड़ेगा ।

बिना टिकट यात्रा

3514. **श्री नीतिराज सिंह चौधरी :** **श्री बसुमतारी :**
श्री नाथूराम अहिरवार : **श्री हुकम चन्द कछवाय :**

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बिना टिकट यात्रा को रोकने के लिये की गई कार्यवाही के क्या परिणाम निकले;

(ख) क्या इस समय बुकिंग खिड़कियों पर उतने ही टिकट बिकते हैं जितने कार्यवाही के दिनों में अथवा उससे अधिक या कम बिकते हैं; और

(ग) यदि बिक्री कम हुई है तो क्या बिक्री बढ़ाने के लिये कोई कार्यवाही की गई है और उसके क्या परिणाम रहे ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) बिना टिकट यात्रा को रोकने के लिए बड़े पैमाने पर जो कार्यवाई की गई है उसकी मुख्य सफलता यह है कि बिना टिकट यात्रा के विरुद्ध एक वातावरण बन गया है क्योंकि बहुत से लोग धीरे-धीरे यह महसूस करने लगे हैं कि बिना टिकट यात्रा करने पर दण्ड पाने से बचा नहीं जा सकता । पकड़े गये मामलों में वृद्धि हुई है और

परिणामस्वरूप बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों से अधिक रकम वसूल हुई है। दण्डात्मक प्रभाव पहले की अपेक्षा अधिक कारगर रहा है।

(ख) इसमें कमी-बेशी होती रही है।

(ग) जब किसी क्षेत्र में टिकट की बिक्री से होने वाली आमदनी कम होती है तो स्थिति में सुधार के लिए इस क्षेत्र में टिकट जांच सम्बन्धी कार्रवाई तेज कर दी जाती है।

यात्री डिब्बे

3515. **श्री नीतिराज सिंह चौधरी** : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय रेलवे को पुराने यात्री डिब्बों के स्थान पर तथा नई यात्री गाड़ियों के लिये नये डिब्बों की व्यवस्था करने के लिए प्रति वर्ष कितने यात्री डिब्बों की आवश्यकता होती है;

(ख) क्या देश में निर्मित डिब्बों से यह आवश्यकता पूर्णतः पूरी हो जाती है और यदि नहीं; तो किस सीमा तक;

(ग) यदि देश में उपर्युक्त मांग से अधिक डिब्बे बनते हैं तो इस बात के क्या कारण हैं कि मध्य रेलवे की रेलगाड़ियों में निर्धारित संख्या से कम डिब्बे रहते हैं और डिब्बों की कमी के कारण भुसावल-इटारसी यात्री गाड़ी चलती ही नहीं है; और

(घ) वर्ष 1968 में ऐसे कितने डिब्बों का निर्यात किया गया था ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) चौथी योजना अवधि में सवारी डिब्बों की कुल वार्षिक आवश्यकता 1450 बदलाव लेखे में 670 और अतिरिक्त यातायात के लिए 780 होगी।

(ख) देश की वर्तमान उत्पादन क्षमता थोड़ी कम है और चौथी योजना अवधि की आवश्यकता पूरी करने के लिये इसे बढ़ाया जा रहा है।

(ग) ऊपर भाग (ख) के उत्तर को देखते हुए सवाल नहीं उठता। लेकिन यह उल्लेखनीय है कि इटारसी-भुसावल सवारी गाड़ी को डिब्बों की कमी के कारण बन्द नहीं किया गया बल्कि कम यात्रियों तथा खण्ड पर परिचालन सम्बन्धी कठिन स्थितियों के कारण उसे बन्द किया गया।

(घ) जहां तक इस मंत्रालय को पता है, मेसर्स जेसप एण्ड कम्पनी द्वारा 33 डिब्बे।

Monthly Publication "Indian Railways"

3516. **Shri Ramavatar Shastri** : Will the Minister of **Railways** be pleased to state :

(a) whether an English Monthly "Indian Railways" is published by the Railway Administration ;

(b) if so, the number of copies printed each month and the number of subscribers thereof ?

(c) the monthly expenditure and the income therefrom ;

(d) the monthly income to Government on account of advertisements published therein ;

(e) whether the Railway Administration gets any profit or sustains any loss through this publication ; and

(f) if it is a losing proposition, the reasons therefor ?

The Minister of Railways (Dr. Ram Subhag Singh) : (a) Yes. 'Indian Railways', a monthly magazine is published by the Ministry of Railways (Railway Board).

(b) The print order varies between 1,200 and 1,500 copies per month depending on demand and the number of subscribers varies between 650 and 700

(c) **Monthly Expenditure**
1967-68
Rs. 12,796
(including cost of staff).

Monthly Income
1967-68
Rs. 8,721

(d) **Average monthly advertisement income**
1967-68
Rs. 8,209.

(e) and (f). 'INDIAN RAILWAYS' has been financially self-sufficient over the past seven or eight years excepting 1967-68 when a loss of about Rs. 4,000 per month was sustained. However, it cannot be said that the magazine is a losing proposition because it is a publicity journal, investments in which cannot be measured in monetary terms alone. The financial loss in 1967-68 is attributable largely to the rise in dearness allowance of staff and cost of printing and paper. The recession in engineering industry, which is the magazine's main advertising support, has also had its effect—the advertising revenue fell from about Rs. 1,25,000 in 1966-67 to about Rs. 98,500 in 1967-68.

Inadequacy of Retiring Rooms at Futwah Railway Station

3517. **Shri Ramavatar Shastri :** Will the Minister of **Railways** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that passengers have to face many difficulties at the platform, retiring rooms etc. at Futwah station on the Eastern Railway in the absence of any lighting arrangement during the night at the said station ;

(b) whether it is also a fact that the Railway Gumti at the said place has also been lying half-built for the last many months and its construction is not being completed, which is also causing difficulty to the people ; and

(c) if so, whether Government propose to take action in this regard with a view to remove the said difficulties of the passengers ?

The Minister of Railways (Dr. Ram Subhag Singh) . (a) No. It is an electrified station and the platforms, waiting room etc. have been provided with electric lights.

(b) No new level crossing gate lodge (Gumti) is under construction at Futwah. Only the existing road surface of the existing level crossing at west end of Futwah station is at present under repairs and is expected to be completed shortly.

(c) Does not arise.

Giridih Railway Station

3518. **Shri Ramavatar Shastri :** Will the Minister of **Railways** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Giridih is an important railway station on the Eastern Railway;

(b) whether it is also a fact that there is no shed on the Railway platform resulting in inconvenience to passengers in all weathers ;

(c) whether Government propose to provide sheds there ; and

(d) if so, when and if not, the reasons therefor ?

The Minister of Railways (Dr. Ram Subhag Singh) : (a) Yes.

(b) Yes.

(c) Yes.

(d) The construction of a shed is in progress and is expected to be completed during the current financial year.

Kota Railway Hospital

3519. **Shri Onkar Lal Berwa :** Will the Minister of **Railways** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that good medicines are scarce for low-paid employees at Kota Railway Hospital ;

(b) if so, the quantity of medicines purchased locally ;

(c) the shop from which those medicines were purchased ;

(d) whether it is also a fact that no register showing distribution of medicines is maintained in the medical van running on Bina Railway line ;

(e) if so, the basis on which the accounts are maintained ; and

(f) the amount spent in this year on the railway van meant for distributing medicines ?

The Minister of Railways (Dr. Ram Subhag Singh) : (a) No.

(b) and (c). Do not arise. Local purchase is resorted only when particular items of medicines go out of stock or not stocked but needed in an emergency. The local purchase is done from the open market and not any fixed shop.

(d) and (e). In the mobile van like other Health Units only a drug register is maintained for receipt and issue of medicines. No separate register is kept for retail issue of medicines which information is available from the case tickets. The basis for accounts is the same drug register.

(f) The budgetted provision for medicines is Rs. 4800/- for the current year 1968-69.

Cycle Stand at Kota Railway Station

3520. **Shri Onkar Lal Berwa :** Will the Minister of **Railways** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the cycle stand at Kota Railway Station is given on contract ;

(b) if so, the amount involved in the contract ;

(c) the names of the newspapers in which it is advertised ; and

(d) the date by which the old contract is likely to terminate and the new one is to commence ?

The Minister of Railways (Dr. Ram Subhag Singh) : (a) Yes.

(b) The present contractor is paying a licence fee of Rs. 1805/-, a cess charge of Rs. 36/- and water charge of Rs. 18 /- per annum. The amount of licence fee is in accordance with the tender of the contractor.

(c) The tender notice is normally advertised in Janwani Weekly, Kota, Hindustan Times (English), New Delhi, Hindustan Times (Hindi), New Delhi and Rashtra Doot, Jaipur.

(d) The term of the existing contract is due to expire on 30.9.1969. The fresh contract is due to commence from 1.10.1969.

Self-sufficiency in Machinery

3521. **Shri Bhola Nath Master :** Will the Minister of **Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the country would attain self-sufficiency in respect of machinery consequent to the Heavy Engineering Corporation having started manufacturing the required machines ;

(b) whether the import of machinery would now be discontinued ; and

(c) if not, the types of machinery which would still require to be imported ?

The Minister of Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs (Shri Fakhruddin Ali Ahmed) : (a) to (c). The Heavy Machine Building Plant of Heavy Engineering Corporation Ltd. has a wide profile of items of manufacture. The full capacity of 80,000 tonnes a year of the plant is expected to be built up over a period of years upto 1975-76. At its full capacity, the principal items of manufacture would be as under :—

		Weight in tonnes a year
1.	Coke oven and bye product equipment	7,700
2.	Blast furnace equipment	5,500
3.	Steel making equipment	7,000
4.	Crushing and grinding equipment	3,150
5.	Crane equipment	6,570
6.	Rolling mills equipment	34,500
7.	Spare parts for metallurgical equipment	1,080
8.	Mining equipment	880
9.	Excavators	4,950
10.	Press forging equipment	1,360
11.	Heavy oil drilling rigs	5,500
12.	Miscellaneous heavy machine parts and assemblies	1,810
		80,000

Out of the above, about 65,000 tonnes would comprise steel plant equipment and the balance of 15,000 tonnes would cater to the requirements of other heavy engineering industries.

In addition, the Heavy Machine Tools Plant of Heavy Engineering Corporation Ltd. is being developed for the manufacture of various types of heavy machine tools upto 10,000 tonnes a year.

When the full capacity is reached, it will be adequate for manufacturing equipment for a steel plant of one million tonnes a year. As long as the demand for build up of steel machinery capacity is not in excess of this, the capacity of the plant will be adequate to meet the country's needs of equipment for steel plants and imports will not be permitted. Some of the items of equipment other than those required for steel plants are also being manufactured in other units in the country and the specific items of machinery, import of which should be banned, are decided from time to time depending on the development of manufacturing facilities in various public and private sector units.

केन्द्रीय औद्योगिक परियोजनाओं के गैर-सरकारी निदेशक

3522. **श्री को० सूर्यनारायण** : क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सभी केन्द्रीय औद्योगिक परियोजनाओं में नियुक्त वर्तमान गैर-सरकारी निदेशकों के नाम क्या हैं और उनकी अर्हताएं क्या हैं ; और

(ख) उन्हें किन-किन तारीखों को नियुक्त किया गया था, इनका कार्यकाल क्या है और उन्हें निदेशक बोर्ड अथवा उसकी उप-समितियों की प्रत्येक बैठक में भाग लेने के लिये कितने अन्य भत्ते तथा फीस आदि दी जाती है ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) तथा (ख). सूचना संग्रह की जा रही है व यह सदन के पटल पर प्रस्तुत कर दी जायेगी ।

बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों की जांच

3523. **श्री लोबो प्रभु** : क्या **रेलवे** मंत्री 10 दिसम्बर, 1968 के तारांकित प्रश्न संख्या 681 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार सभी रेलों के लिये अधिकारियों द्वारा नियत समय में निरीक्षकों की संख्या नियत करने का है ;

(ख) यदि नहीं, तो प्रत्येक रेलवे में इस समय एक नियत समय में अधिकारियों द्वारा कितनी बार निरीक्षण किया जाता है ;

(ग) वरिष्ठ वेतनमान अधिकारियों द्वारा कभी-कभी अचानक बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों की जांच न करवाने के क्या कारण हैं जिससे कि उनके नीचे काम करने वाले

अधिकारियों को सतर्क किया जा सके और जहां दोष स्पष्ट हो वहां उनको दण्ड दिया जा सके ; और

(घ) क्या बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों और कर्मचारियों में किसी सांठ-गांठ का पता लगा था और यदि हां, तो उन्हें क्या सजा दी गई ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी हां ।

(ख) ऊपर भाग (क) में दिये गये उत्तर को देखते हुए सवाल नहीं उठता ।

(ग) वरिष्ठ वेतनमान के अधिकारियों से आकस्मिक जांच करायी जाती है, यद्यपि वे कितनी-कितनी देर बाद इस प्रकार की जांच करें, इस सम्बन्ध में अभी तक कोई समान आधार निर्धारित नहीं किया गया हैं । जैसा कि ऊपर भाग (क) के उत्तर में बताया गया है, इसके लिए एक समान बारंबारता निर्धारित करने का प्रस्ताव है ।

(घ) एक चल-टिकट परीक्षक को जिसके विरुद्ध हाल ही में बिना टिकट यात्रा में सांठ-गांठ करने के एक मामले का जाहिर तौर पर पता चला था, मुअत्तल कर दिया गया है और उसके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई हो रही है । सांठ-गांठ के मामलों का पता लगाना और उन्हें सिद्ध करना कठिन होता है और इसलिए इस प्रकार के मामले बहुत कम सामने आते हैं ।

परमानेन्ट मेग्नैट्स लिमिटेड

3525. **श्री ज्योतिर्मय बसु :** क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 'परमानेन्ट मेग्नैट्स लिमिटेड' कम्पनी के प्रायोजक कौन हैं ;

(ख) उसका पंजीकरण किस तारीख को हुआ था ;

(ग) वर्तमान मालिकों के नाम क्या हैं ;

(घ) कुल कितने मूल्य की अंशपूंजी है तथा किसके पास कितने अंश हैं ; और

(ङ) प्रारम्भिक अंशपूंजी कितनी थी ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) से (ङ) : सदन के पटल पर एक विवरण-पत्र प्रस्तुत है । [**पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी०** 397/69]

एकस्व (पेटेन्ट्स) प्रदान करना

3526. **श्री ज्योतिर्मय बसु :** क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1947-48 से 1968-69 की अवधि में अब तक वर्षवार कलकत्ता स्थित

केन्द्रीय एकस्व कार्यालय में एकस्वों के लिए कितने आवेदन-पत्र प्राप्त हुए ;

(ख) उपरोक्त अवधि में वर्ष-वार तथा राज्य-वार कितने आवेदन-पत्र प्राप्त हुए ;

(ग) वर्ष 1947-48 से 1968-69 तक, वर्ष-वार कुल आवेदनपत्रों में से कितने आवेदनपत्र भारत से प्राप्त हुए थे ; और

(घ) उक्त अवधि में वर्षवार प्रत्येक राज्य में कुल कितने भारत-मूलक और विदेशीमूलक एकस्व पंजीकृत हुए ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) से (घ). आवश्यक जानकारी विवरण में दी गई है। **[पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 398/69]**

पुरी-हैदराबाद एक्सप्रेस रेलगाड़ी को क्षति

3527. **श्री बसुमतारी** : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 30 जनवरी, 1969 को विद्यार्थियों ने पुरी-हैदराबाद एक्सप्रेस रेलगाड़ी की वेकुम ट्यूब को काटने का प्रयास किया था ; और

(ख) यदि हां, तो इससे रेलवे सम्पत्ति को कुल कितनी क्षति हुई है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) और (ख). जी नहीं। लेकिन 29-1-69 को सामलकोट स्टेशन के अप होम सिगनल पर विद्यार्थियों ने इस गाड़ी की निर्वात नली को काट दिया था जिससे गाड़ी 33 मिनट तक रुकी रही। लगभग 120 रुपये लागत के निर्वात उपस्कर बदलने पड़े।

हिमालयन टाइल्स द्वारा मनीपुर में स्थापित उद्योग

3528. **श्री एम० मेघचन्द्र** : क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मनीपुर सरकार ने हिमालयन टाइल्स नामक एक गैर-सरकारी सार्थ को भूमि दी थी, ताकि वह उस स्थान पर उद्योग स्थापित कर सके ;

(ख) यदि हां, तो वहां किस प्रकार के उद्योग स्थापित किये गये हैं और उस सार्थ में कुल कितने कर्मचारी काम करते हैं ; और

(ग) इन उद्योगों में अब तक कुल कितनी पूंजी लगाई गई है ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) से (ग). जानकारी इकट्ठी की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायेगी।

मध्य रेलवे में ट्रैक रिकार्डिंग कोच

3529. **श्री नीतिराज सिंह चौधरी :** क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य रेलवे में केवल एक ट्रैक रिकार्डिंग कोच है और वही समस्त देश में घूमता रहता है ;

(ख) इस कोच द्वारा बताये गये दोषों को दूर करने के बारे में क्या कार्यवाही की जा रही है ;

(ग) इस त्रुटि/दोष के कारण गत वर्ष भारतीय रेलवे पर ऐसी कितनी दुर्घटनाएं हुईं जिनमें गाड़ी पटरी से उतरी और दुर्घटनाओं के परिणामस्वरूप कितनी धनराशि मुआवजे के रूप में दी गई ;

(घ) क्या रेलवे में वरिष्ठ ट्रैक रिकार्डर के केवल दो स्थान स्वीकृत हैं और इनमें से एक स्थान रिक्त पड़ा है ; यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ङ) क्या वान्चू आयोग के माटुंगा वर्कशाप के दौरे के समय माटुंगा और दादर रेलवे स्टेशनों के बीच कोई टक्कर हुई थी ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) भारतीय रेलों पर दो रेल पथ अभिलेखन यान (ट्रैक रिकार्डिंग कोच) हैं और ये दोनों अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन द्वारा नियंत्रित होते हैं । ये यान रेल पथ अभिलेखन और अनुसंधान कार्य के लिये सभी रेलों पर चलते रहते हैं ।

(ख) इन यानों द्वारा बतायी गयी त्रुटियों को ठीक कर दिया जाता है ।

(ग) 1967-68 के वर्ष में भारत की सरकारी रेलों पर क्रमशः 111 और 78 गाड़ियां पटरी से उतर गयीं जिनका कारण या तो रेल पथ में खराबी का होना था और जिनके लिए कोई उत्तरदायी नहीं ठहराया गया और/या रेल पथ में त्रुटि के कारण दुर्घटनाएं हुई जिनके लिए रेल-कर्मचारी उत्तरदायी ठहराये गये । भुगतान किये गये प्रतिकर के बारे में सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।

(घ) इस समय एक अनुभागीय अधिकारी इन यानों का इंचार्ज है । जून, 1968 में दूसरे यान को चालू करने के लिए हाल ही में अनुभागीय अधिकारी के एक अतिरिक्त पद की मंजूरी दी गयी है ।

(ङ) 1-2-69 को वांचू समिति ने माटुंगा कारखाना देखा था । यद्यपि वांचू समिति के माटुंगा कारखाना देखते समय माटुंगा और दादर के बीच कोई दुर्घटना नहीं हुई थी, फिर भी 1-2-69 को 22-45 बजे परेल और दादर के बीच एक बिजली इंजन एक कचरा स्पेशल से टकरा गया था ।

Scholarships to Backward Classes

3530. **Shri Nihal Singh :** Will the Minister of **Law and Social Welfare** be pleased to state :

(a) the percentage of marks in the Middle, Matriculation and Intermediate Examinations fixed by Government on the basis of which Scholarships were awarded to the students of backward classes in Uttar Pradesh during 1967-68 and 1968-69 ; and

(b) the number of students in Aligarh, Agra and Varanasi belonging to backward classes who filled up the form for backward classes scholarships for 1968-69 session and the number out of them who were granted scholarships ?

The Minister of State in the Department of Social Welfare (Dr. (Smt.) Phulrenu Guha) : (a) and (b). The detalis are being collected from the State Government and will be laid on the Table of the Sabha when received.

केरल में केन्द्रीय सरकार के उद्योग

3531. **श्री अदिचन :** क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान केरल विधान सभा द्वारा 18 फरवरी, 1969 को पारित उस गैर-सरकारी संकल्प की ओर दिलाया गया है, जिसमें केन्द्रीय सरकार से यह अनुरोध किया गया है कि वह राज्य में शिक्षित लोगों में बढ़ती हुई बेरोजगारी को ध्यान में रखते हुए अपने उद्योग खोले ;

(ख) क्या यह सच है कि पहली तीन पंचवर्षीय योजनाओं में केरल को केन्द्रीय निवेश का यथोचित भाग नहीं मिला है ;

(ग) यदि हां, तो चौथी योजना अवधि में केरल में केन्द्रीय सरकार की ओर से किस प्रकार के कितने उद्योग स्थापित किये जा रहे हैं उनमें कितने व्यक्तियों को रोजगार मिल सकेगा ; और

(घ) उक्त संकल्प को दृष्टिगत करते हुए इस सम्बन्ध में क्या सुधार किया जा रहा है ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) यह सुनिश्चित कर लिया गया है कि ऐसा प्रस्ताव केरल विधान सभा में 18 फरवरी, 1969 को पारित किया गया था ।

(ख) 1951—68 में केन्द्रीय सरकार को औद्योगिक परियोजनाओं में किये गये 2450 करोड़ रुपये के विनियोजन में से 68.3 करोड़ रुपये का विनियोजन जिसमें पहली तीन पंचवर्षीय योजनाओं में किया गया 51.1 करोड़ रुपये का विनियोजन भी सम्मिलित है, केरल में लगी परियोजनाओं में किया गया है । इन परियोजना को पूरा करने के लिए 67.0 करोड़ रुपये का और अधिक विनियोजन किये जाने का अनुमान है ।

(ग) तथा (घ). चतुर्थ पंचवर्षीय योजना को अभी अन्तिम रूप दिया जाना है अतः योजना अवधि में केन्द्र सरकार के क्षेत्र में लगाए जाने वाले उद्योगों के बारे में बताना सम्भव नहीं है।

रेलवे लाइसेंस प्राप्त कुली

3532. **श्री जार्ज फरनेन्डीज : क्या रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार रेलवे स्टेशनों पर काम करने वाले रेलवे लाइसेंस प्राप्त कुलियों को सेवा की सुरक्षा प्रदान करने को किसी योजना पर विचार कर रही है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है ;

(ग) क्या सरकार को रेलवे कुली संगठनों की ओर से कुलियों की दशा सुधारने के लिए अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं ;

(घ) यदि हां, तो उन अभ्यावेदनों में क्या मांगें की गई हैं ; और

(ङ) उन पर क्या कार्यवाही की गई हैं ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) लाइसेंस प्राप्त भारिक रेल-कर्मचारी नहीं हैं बल्कि ऐसे लाइसेंसशुदा व्यक्ति हैं जिन्हें अनुबद्ध शर्तों के अधीन रेल-परिसर में काम करने की अनुमति दी जाती है। इसलिए सेवा की सुरक्षा प्रदान करने की किसी योजना का प्रश्न नहीं है। लाइसेंस की सुरक्षा की व्यवस्था पहले से ही मौजूद है, लेकिन शर्त यह है कि निर्धारित शर्तों का निरन्तर पालन किया जाय और व्यवहार अच्छा हो।

(ख) भाग (क) के उत्तर को देखते हुए सवाल नहीं उठता।

(ग) से (ङ) लाइसेंस प्राप्त भारिकों की मांगों के सम्बन्ध में विभिन्न स्रोतों से समय-समय पर अभ्यावेदन प्राप्त होते रहे हैं। 15 और 16 फरवरी, 1969 को आगरा छावनी में रेलवे पोर्टर्स एण्ड वेंडर्स के तीसरे वार्षिक सम्मेलन में पारित विभिन्न संकल्पों में जिन मुख्य मांगों को दोहराया गया है वे संलग्न विवरण में दी गयी हैं [**पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी०** 399/69]

लाइसेंस प्राप्त भारिकों के काम-काज और रहन-सहन की परिस्थितियों का सही अध्ययन करने के लिये अगस्त, 1967 में श्रम, रोजगार और पुनर्वास मंत्रालय द्वारा एक अध्ययन दल गठित किया गया था। अध्ययन दल के विचारार्थ विषय इस प्रकार हैं :

(क) लाइसेंस प्राप्त रेलवे भारिकों और रेलवे की विभागीय खान-पान व्यवस्थाओं में कमीशन के आधार पर नियुक्त खोंमचे वालों के काम-काज और रहन-सहन की परिस्थितियों का अध्ययन करने और उनकी किसी तरह की उचित शिकायत के सम्बन्ध में रिपोर्ट देना ;

(ख) कामगारों की इसी तरह की कोटियों को जो सुविधाएं उपलब्ध हैं उनको ध्यान में रखते हुए रेलवे या अन्य एजेंसियों द्वारा उन्हें जो बुनियादी सुविधाएं दी गयी हैं वे पर्याप्त हैं या नहीं इस बात की जांच करना ;

(ग) उनके काम-काज और रहन-सहन की स्थिति में सुधार करने की सिफारिश करना ; और

(घ) ऐसे अन्य समस्त मामलों पर विचार करना और सुझाव देना जिन्हें अध्ययन दल उचित समझे ।

इस अध्ययन दल की उस रिपोर्ट की प्रतीक्षा की जा रही है जिसमें संलग्न विवरण की मद 3 को छोड़कर अन्य सभी मांगें विचारार्थ विषय के अन्तर्गत आ जाती हैं । जहां तक मद 3 में उल्लिखित मांग का सम्बन्ध है, रेलों को हिदायतें दे दी गयी हैं कि अध्ययन दल की रिपोर्ट प्राप्त होने तक लाइसेंस प्राप्त भारिकों की संख्या न बढ़ायी जाय ।

अध्ययन दल की रिपोर्ट और सिफारिशें प्राप्त होने पर सरकार द्वारा आगे कार्रवाई की जायेगी ।

बाल कल्याण विषयक गंगाशरण सिंह समिति

3533. **श्री शिवचन्द्र झा** : क्या **विधि तथा समाज कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बाल कल्याण विषयक गंगाशरण सिंह समिति ने अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया है ;

(ख) यदि हां, तो इस समिति की मुख्य सिफारिशें क्या हैं ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

विधि मंत्रालय और समाज कल्याण विभाग में राज्यमंत्री (डा० (श्रीमती) फूलरेणु गुह) : (क) हां, श्रीमान ।

(ख) समिति ने एक व्यापक प्रतिवेदन में 109 सिफारिशें की हैं जो बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा तथा कल्याण सम्बन्धी विशेष और सामान्य सेवाओं के विषय में हैं । सदस्यों, जो सिफारिशों का अध्ययन करना चाहें, की सुविधा के लिए प्रतिवेदन की छह प्रतियां संसद् पुस्तकालय में रख दी गई हैं ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

Hedge Trading in Cotton

3534. **Shri Deorao Patil** : Will the Minister of **Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs** be pleased to state :

